e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 09

गुरुवार

09.01.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

हमारी समस्याओं का समाधान केवल हमारे पास है, दूसरों के पास तो केवल सुझाव है!

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### वन मंत्री ने वन मित्रों को प्रदान की वन मित्र किट

**जयपुर :** जयपुर स्थित शासन सचिवालय में बुधवार को वन मंत्री संजय शर्मा ने वन मित्रों को किट प्रदान करने की शुरुआत की। सांकेतिक रूप से वन मंत्री द्वारा जयपुर मंडल के रामसहाय गुर्जर, रामकिशन मीणा, सचिन, किशन योगी को किट प्रदान की गई।वन मित्रों को वन विभाग द्वारा विभिन्न गैर-सरकारी संस्थानों के सहयोग से वन मित्र किट उपलब्ध कराये जा रहे हैं। किट के अन्तर्गत हैवरशेक, ट्रैक-सूट, पॉवर जूते, टॉर्च, पानी की बोटल, मेडिकल किट, टी-शर्ट आदि शामिल हैं। वन विभाग द्वारा 2781 वन मित्रों का चयन किया जा चुका है। इन सभी को वन मित्र किट उपलब्ध कराई जाएगी।

### वकील लाइसेंसी पिस्टल से खुद को मारी गोली, मौत

**नई दिल्ली :** दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में मंगलवार को समीर मेहंदीरत्ता नामक एक वकील ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। परिजनों ने उनको प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस को मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। शुरुआती जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि समीर का परिवार से विवाद चल रहा था। उन्होंने खुद को गोली इसी वजह से मारी या आत्महत्या की कोई और वजह थी? इसका पता लगाया जा रहा है। फिलहाल पुलिस परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

### होम्योपैथी चिकित्सा शिविर में 81 विद्यार्थियों की हुई जांच

**जोधपुर:** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय की संघटक यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी जोधपुर के विशेषज्ञ शिक्षक-चिकित्सकों की टीम द्वारा श्री शिवराम नत्थुजी टाक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पूंजला में कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।होम्योपैथी चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. गौरव नागर एवं शिविर प्रभारी डॉ. राजेश कुमार कुमावत के निर्देशानुसार होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. अंकिता आचार्य, डॉ. राकेश कुमार मीना एवं तृतीय वर्ष छात्र मोहन लाल व कृष्ण कुमावत ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में 81 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को निःशुल्क होम्योपैथिक औषधियां देकर लाभान्वित किया गया।

### संग्रहालयों के माध्यम से झलकती है सांस्कृतिक समृद्धि : फडणवीस

**मुंबई :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को मुंबई में कहा कि किसी शहर की समृद्धि वहां के धनवान लोगों से नहीं, बड़ी इमारतों से नहीं, बल्कि वहां के संग्रहालयों से परखी जाती है। दुनिया के सभी उत्कृष्ट शहरों में बेहतरीन संग्रहालय हैं। आज हम भी एक ऐसा ही उत्कृष्ट संग्रहालय जनता के लिए खोल रहे हैं, यह अत्यंत हर्ष का विषय है।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस आज मुंबई नगर की ओर पुनर्निर्मित डॉ. भाऊ दाजी लाड संग्रहालय के लोकार्पण के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संग्रहालयों के माध्यम से उस देश की, शहर की संस्कृति, लोक जीवन और इतिहास का पता चलता है। हमारी ऐतिहासिक विरासत आने वाली पीढियों को देखने को मिले, यही संग्रहालय स्थापना का उद्देश्य है। अब तक हुआ विकास और उसके लिए हुए परिवर्तन भावी पीढ़ी को समझना आवश्यक है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां सबसे प्राचीन संस्कृति आज भी जीवंत है।

### आप को मिला अखिलेश व ममता का साथ

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद से ही राजधानी में अब सियासी पारा तेजी से चढ़ने लगा है. इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के बीच सीधा मुकाबला बताया जा रहा है. दिल्ली में इस बार पांच फरवरी को मतदान होगा जबकि चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को आएंगे. चुनाव से ठीक पहले अब समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और ममता बनर्जी की टीएमसी पार्टी ने आम आदमी पार्टी का समर्थन करने का ऐलान किया है. अखिलेश यादव के समर्थन के लिए आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उनका आभार भी जताया है. केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बहुत बहुत शुक्रिया अखिलेश जी. आपका हमेशा हमें सपोर्ट और साथ रहता है.इसके लिए मैं और दिल्ली की जनता आपकी आभारी है.टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि हमें उम्मीद है कि दिल्ली में फिर से आम आदमी पार्टी की सरकार आएगी. उन्होंने कहा कि दिल्ली में बीजेपी का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा. इससे पहले सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी मंगलवार को आम आदमी पार्टी को समर्थन देने की बात कही थी.

### रांची का तापमान

अधिकतम 24°

न्युनतम 13°

---

## प्रधानमंत्री ने आंध्रप्रदेश को दिया 2 लाख करोड रुपए की सौगात, किया रोड शो

# आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन: पीएम मोदी

**एजेंसी**

**विशाखापत्तनम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में डिजिटल तरीके से 2 लाख करोड़ से अधिक की विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन किया. इससे पूर्व पीएम मोदी विशाखापत्तनम में मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ जनता के उत्साह के बीच एक रोड शो किया.रोड शो के दौरान पीएम मोदी के साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण भी मौजूद रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा,आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है. आंध्र प्रदेश के लोगों की सेवा हमारा संकल्प है. आंध्र प्रदेश को 2047 तक करीब 2.5 ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा गया है. इस विजन को साकार करने के लिए चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने स्वर्ण आंध्र एट 2047 की पहल की है. इसमें केंद्र की एनडीए सरकार भी आंध्र प्रदेश के हर लक्ष्य के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है. इसलिए केंद्र सरकार लाखों करोड़ की योजनाओं में आंध्र प्रदेश को विशेष प्राथमिकता दे रही है.पीएम मोदी ने कहा,आज यहां दो लाख करोड़ से ज्यादा की लागत की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है.ये परियोजनाएं आंध्र प्रदेश के विकास को नई ऊंचाई देंगे. मैं इन विकास परियोजनाओं के लिए आंध्र प्रदेश सहित पूरे देश को बधाई देता हूं. आंध्र प्रदेश अपने नवाचार की प्रकृति के कारण आईटी और तकनीकी का इतना बड़ा केंद्र है.अब समय है आंध्र नई और भविष्य की तकनीकियों का केंद्र बने.

### पीएम मोदी ने विशाखापत्तनम के पास देश का पहला ग्रीन हाइड्रोजन हब की रखी आधारशिला

**20 गीगावाट** रिन्यूएबल एनर्जी क्षमताओं में निवेश शामिल होगा

पीएम मोदी ने विशाखापत्तनम में दक्षिण तट रेलवे मुख्यालय की आधारशिला रखी

**19,500 करोड़** रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न रेलवे और सड़क परियोजनाओं को प्रधानमंत्री ने किया राष्ट्र को समर्पित



### पीएम ने बल्क ड्रग पार्क व कृष्णपटनम औद्योगिक क्षेत्र की आधारशिला रखी

प्रधानमंत्री अनकापल्ली जिले के नक्कापल्ली में बल्क ड्रग पार्क की आधारशिला रखेंगे. बल्क ड्रग पार्क हजारों नौकरियों का सृजन करेगा और विशाखापत्तनम-चेन्नई औद्योगिक गलियारे (वीसीआईसी) और विशाखापत्तनम-काकीनाडा पेट्रोलियम, रसायन और पेट्रोकेमिकल निवेश क्षेत्र के निकट होने के कारण आर्थिक विकास को गति देने में मदद करेगा.तिरुपति जिले में चेन्नई बेंगलुरु औद्योगिक गलियारे के तहत कृष्णपटनम औद्योगिक क्षेत्र की आधारशिला भी रखेंगे. कृष्णपटनम औद्योगिक क्षेत्र (केआरआईएस सिटी), राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत एक प्रमुख परियोजना है, जिसे ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट सिटी के रूप में देखा जाता है. इस परियोजना से लगभग 10,500 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण विनिर्माण निवेश आकर्षित होने की उम्मीद है. इससे लगभग 1 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होने, आजीविका में उल्लेखनीय वृद्धि और क्षेत्रीय प्रगति को बढ़ावा मिलने का अनुमान है.

### 1,85,000 करोड़ की लागत से बनेगा ग्रीन हाइड्रोजन हब

प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के पास पुदीमदका में अत्याधुनिक एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ग्रीन हाइड्रोजन हब परियोजना की आधारशिला रखी. जो राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत पहला ग्रीन हाइड्रोजन हब है. इस परियोजना में लगभग 1,85,000 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है. इसमें 20 गीगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमताओं में निवेश शामिल होगा, जिससे यह भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन सुविधाओं में से एक बन जाएगी. जिसमें 1500 टीपीडी ग्रीन हाइड्रोजन और 7500 टीपीडी ग्रीन हाइड्रोजन डेरिवेटिव्स जैसे ग्रीन मेथनॉल, ग्रीन यूरिया और सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल का उत्पादन करने की क्षमता होगी, जो मुख्य रूप से निर्यात बाजार को लक्षित करेगी.यह परियोजना 2030 तक भारत के 500 गीगावाट के गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी. प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश में 19,500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न रेलवे और सड़क परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया. जिसमें विभिन्न अन्य परियोजनाओं के अलावा विशाखापत्तनम में दक्षिण तट रेलवे मुख्यालय की आधारशिला रखना भी शामिल है.

---

# झारखंड में कड़ाके की ठंड, छाया रहेगा कोहरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रांची में बुधवार को सुबह कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। राज्य के 11 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। इनमें गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ जिले में कहीं-कहीं घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेंटीग्रेड की गिरावट आ सकती है। इसके बाद अगले 2-3 दिन में इसमें किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। पिछले 24 घंटे के दौरान डाल्टेनगंज में हल्के दर्जे की बारिश हुई। नौ और दस जनवरी को कोहरा छाया रहेगा।जबकि 11 से 14 जनवरी तक कोहरा के बाद आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।पिछले 24 घंटे में डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**नौ और दस जनवरी को कोहरा छाया रहेगा।जबकि 11 से 14 जनवरी तक कोहरा के बाद आंशिक रूप से बादल छाये रहने की संभावना है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 22.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।**

---

# सड़क दुर्घटना में 4 की मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला (रामगढ) :** गोला थाना क्षेत्र के मठवाटाँड़ स्थित तिरला मोड़ के पास भीषण सड़क हादसा हुआ जिसमें तीन स्कूली बच्चों सहित ऑटो चालक की घटनास्थल पर हीं हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार की सुबह छोटे स्कूली बच्चों से भरी ऑटो स्थानीय गुडविल स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही थी। तभी तिरला मोड़ के पास आलू भरे एलपी ट्रक के चपेट में आ जाने से ऐसी दर्दनाक हादसा हो गया। ऑटो में लगभग एक दर्जन बच्चे सवार थे। इस घटना में आधा दर्जन से ज्यादा बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर तीन बच्चों सहित ऑटो चालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना इतना हृदयविदारक थी कि ऑटो के उपर ही आलू लदा ट्रक पलट गया जिसमें दबकर बच्चों की मौत हुई। घटना से उद्वेलित होकर आक्रोशित ग्रामीणों ने रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इस दौरान स्थानीय विधायक ममता देवी, अनुमंडलाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद घटनास्थल पर पहुंच गए। प्रशासन के तरफ से मृतकों को तत्काल सहायता स्वरूप 20 हजार देने तथा पोस्टमार्टम के उपरांत एक-एक लाख देने की सहमति पर सड़क जाम हटाया जा सका। मृतकों में ऑटो चालक सरफराज अंसारी (संग्रामपुर),आशीष कुमार, पिता-नेमधारी महतो(पतरातू), नीरु कुमारी, पिता- श्रीकांत नायक(सरला) एवं अनमोल कुमार, पिता- करम(पतरातू) शामिल हैं।

# सीएम हेमंत सोरेन ने शेख भिखारी और टिकैत उमराव को किया नमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बलिदानी शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को शहादत दिवस पर याद किया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि अंग्रेज शोषकों और अत्याचारियों के खिलाफ विद्रोह करने वाले झारखंड की माटी के वीर सपूत अमर वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को शत-शत नमन। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर शहीद अमर रहें। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ने रामगढ़ के गोला में दुर्घटना में चालक समेत तीन बच्चों के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। दुर्घटना में घायल बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।

**उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि अंग्रेज शोषकों और अत्याचारियों के खिलाफ विद्रोह करने वाले झारखंड की माटी के वीर सपूत अमर वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को शत-शत नमन।**



### मुख्यमंत्री से विधायक सहित अन्य अधिकारियों ने की मुलाकात, दी बधाई

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में बुधवार को विधायक सहित अन्य अधिकारियों ने मुलाकात की। सबसे पहले विधायक जीगा सुसारन होरो ने मुख्यमंत्री से सपरिवार मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी उन सभी को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दी। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री से झारखंड भू-संपदा अपीलीय न्यायाधिकरण के चेयरमैन जस्टिस बीबी मंगलमूर्ति ने भेंट कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नए वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके अलावा मुख्यमंत्री से पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त कुलदीप चौधरी, लातेहार के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, विशेष शाखा के पुलिस उप महानिरीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा, पुलिस अधीक्षक नाथूराम मीणा, पुलिस अधीक्षक मूमल राजपुरोहित, पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने शिष्टाचार मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दी।

---

## महाकुम्भ में पूर्वोत्तर के सात राज्यों की संस्कृति का दिखेगा बहुरंगी झलक

**एजेंसी**

**महाकुम्भ नगर :** इस बार महाकुम्भ में पूर्वोत्तर के राज्यों के संतो यानि आश्रमों की व्यापक उपस्थिति और संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। यहां असमिया संस्कृति पर आधारित नामघर की परंपरा में सत्राधिकार आयोजित होने जा रहे हैं। इस बार पूर्वोत्तर के संतो की सारी परंपराएं महाकुम्भ में हिस्सा लेने आ रही हैं। पूर्वोत्तर के संतों को योगी सरकार ने स्टेट गेस्ट का दर्जा देकर आमंत्रित किया है। योगाश्रम बिहलांगिनी असम के महंत महामंडलेश्वर स्वामी केशव दास महाराज ने बताया कि महाकुम्भ के प्राग




ज्योतिषपुर क्षेत्र में नामघर बन रहा है। यह कुम्भ में पहली बार हो रहा है। नॉर्थ ईस्ट के सातों राज्यों की सारी संस्कृतियों को प्रदर्शित करते हुए एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में पूर्वोत्तर के समाज, संस्कृति और धर्म की समग्र तस्वीर देखने को मिलेगी। कलाकार आ चुके हैं और इसे तैयार कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 12 जनवरी को होगा। महाकुंभ में मणिपुरी नृत्य, सत्रीय नृत्य, नागालैंड का बैंबो डांस व अप्सरा नृत्य होगा। यह अब सत्रीय संस्कृति के अंतर्गत है। माटी अखाड़ा में भक्त अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। यह एक प्रकार की योग साधना की परंपरा है, जिसका स्वरूप अलग है। योगी ने नॉर्थ ईस्ट से 125 संतों को बुलाया है स्टेट गेस्ट बनाकर। इन सभी को सीएम ऑफिस से फोन जा रहे हैं। उनकी व्यवस्था हमारे ही खालसे में होगी। पद्मश्री से सम्मानित त्रिपुरा के चित्त महाराज, दक्षिण पाद सत्र, गडमूर सत्र जैसे प्राचीन सत्रों के साथ कई सत्राधिकार आयेंगे और शाही स्नान में भाग लेंगे। इससे पहले सत्राधिकारों ने कभी भी कुम्भ में शाही स्नान में भाग नहीं लिया और रुके भी नहीं। अखाड़ों के द्वारा उनका सम्मान होगा। यहां के संत समाज के साथ वार्तालाप होगी।

## भारत व मालदीव के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर हुई चर्चा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में भारत की यात्रा पर आए मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। बैठक के दौरान रक्षा सहयोग को मजबूत करने से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की गई, जिससे मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलों की क्षमता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। आज की चर्चा भारत-मालदीव संबंधों में नई ऊर्जा जोड़ेगी। रक्षा मंत्रियों की यह मुलाकात मालदीव के साथ चल रहे तनावों के बावजूद कूटनीतिक जुड़ाव का संकेत है।मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ सार्थक वार्ता में व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी' की दिशा में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की तत्परता की पुष्टि हुई। बैठक में रक्षा सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो भारत की पड़ोसी पहले नीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ाना है। यह बातचीत दोनों देशों के बीच उन तनावपूर्ण संबंधों के बाद हुई है, जब भारत ने मालदीव से अपने सैन्यकर्मियों को वापस बुला लिया था।

असर्फी हॉस्पिटल, धनबाद

सर्दियों में बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा

आज ही हमारे हृदय रोग विशेषज्ञ से मिले

7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

# वित्त मंत्री किशोर ने एमएमसीएच में पुलिस चौकी का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बुधवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पुलिस चौकी का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात एमएमसीएच परिसर में अब चौबीसों घँटे पुलिस कर्मी उपलब्ध रहेंगे।वहीं तीन शिफ्ट में एक पुलिस पदाधिकारी भी उपलब्ध रहेंगे।एमएमसीएच परिसर के रेड क्रॉस भवन में दो कमरों को फोर्स के लिये आरक्षित किया गया है। राज्य के वित्त मंत्री ने पुलिस चौकी के उद्घाटन के मौके पर कहा कि जहां पर्याप्त सुरक्षा नहीं,वहां विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती है।यह एक सर्वमान्य सत्य है। उन्होंने कहा कि सुरक्षाकर्मी के नहीं रहने के कारण मरीज सहित उनके परिजनों व चिकित्सकों में असुरक्षा की भावना रहती थी जिससे सभी को विभिन्न प्रकार की समस्याओं से गुज़रना पड़ता था। इस विषय पर पलामू एसपी से वार्ता किया गया जिसके बाद आज यह पुलिस आउट पोस्ट का उद्घाटन किया गया।

**स्वास्थ सचिव भी करेंगे एमएमसीएच का निरीक्षण : मंत्री**

वित्त मंत्री ने कहा कि जल्द ही स्वास्थ सचिव द्वारा एमएमसीएच का दौरा किया जायेगा। सचिव के साथ हेल्थ से जुड़े विभिन्न विशेषज्ञ रहेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस एमएमसीएच को मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के रूप में कैसे विकसित किया जाये इन्हीं बिंदुओं पर सचिव व उनकी टीम द्वारा अवलोकन किया जायेगा साथ ही एमएमसीएच के विभिन्न त्रुटियों को दूर करने की दिशा में योजना बनाया जायेगा।

**इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सिविल सर्जन डॉ अनिल, एमएमसीएच के प्रिंसिपल, सुपरीटेंडेंट समेत विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाईचारा एकता कप पर लातेहार ने जमाया कब्ज़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भाईचारा एकता कमिटी पथरा की ओर से संचालित नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का फाईनल मैच पथरा के खेल मैदान पर मांडर बनाम लातेहार टीम के बीच खेला गया। इसमें दोनों टीम के खिलाड़ियों ने खेल को खेल की भावना खेलते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। निर्धारित समयावधि में दोनों टीम जीत के लिए संघर्ष करती रही। बावजूद दोनों टीम एक भी गोल करने असफल रही। पेनाल्टी शूटआउट में लातेहार की टीम ने 2-1 गोल से मैच को जीत लिया। और नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 के ट्रॉफी को अपने नाम कर लिया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुट्टू, हुसैनाबाद के पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, बरवाडीह पश्चिमी लातेहार जिला परिषद संतोषी शेखर , हाजी एजाज हुसैन ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ीयों इस टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा को निखारने के मौका मिला। खेल में हार-जीत एक सतत प्रक्रिया है। हार एक बेहतर जीत के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने भाईचारा एकता कमिटी व खिलाड़ियों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने दोनों टीम के खिलाड़ियों के खेल की सराहना की।

## झारखण्ड राज्य के निर्माताओं को सरकार देगी मान-सम्मान : किशोर



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर आज नई मुहल्ला स्थित अपने आवास पर झारखण्ड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार से वार्ता के दौरान कहा कि हमारी पहचान झारखण्ड राज्य के स्थापना के बाद ही मिली हैं। झारखण्ड सरकार आन्दोलनकारीयो के समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयासरत है। जल्द ही हेमन्त सोरेन सरकार झारखण्ड अलग राज्य के निर्माताओं को मान सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा करेगी व अलग पहचान देगी। संयोजक सतीश कुमार ने कहा सरकार बिरुआ कमिटी की रिपोर्ट का आवलोकन कर और गुरू जी शिबू सोरेन के घोषणा पर सरकार अम्ल करे तो शीघ्र ही झारखण्ड के 1 लाख आन्दोलनकारीयो को न्याय मिलेगा।आन्दोलनकारी को जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी आन्दोलनकारीयो को सम्मान पेंशन व इनके बाल बच्चों को रोजगार शिक्षा चिकित्सा की व्यवस्था करे। अन्य राज्यों तेलंगाना छत्तीसगढ़ उत्तराखंड के सरकार ने सम्मान दिया है। झारखंड सरकार भी अपने घोषणापत्र को अमलीजामा पहनाने पर जोर दे। सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर 11 जनवरी को रांची मे झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के सम्मान समारोह में शामिल होंगे और राज्य के 24 जिला के आन्दोलनकारियो के प्रतिनिधि संस्थापक प्रधान महासचिव पुष्कर महतो के नेतृत्व में स्वागत कर ज्ञापन सौपेगें।

## एसपीडी कॉलेज की सिमरन दिल्ली रवाना



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पेंटिंग प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयनित सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा एनएसएस की छात्रा सिमरन सोनी नई दिल्ली में 10 से 12 जनवरी तक आयोजित 28वीं नेशनल युथ फेस्टिवल में भाग लेने के लिए मंगलवार को रांची के लिए रवाना हो गयी। महाविद्यालय के एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा एवं महाविद्यालय के शिक्षक डा. उमेश सहाय ने सिमरन को शुभकामनाएं देते हुए दिल्ली के लिए रवाना किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. निकलेश चैबे ने सिमरन के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसे शुभकामनाएं दी। इस संबंध में जानकारी देते कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. सिन्हा ने बताया कि नेशनल युथ फेस्टिवल के लिए जिला स्तर पर सिमरन सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रमंडल स्तर के प्रतियोगिता के लिए चयनित हुयी थी। प्रमंडल स्तर पर उसने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा राज्य स्तर के लिए चयनित हुई। पुनः राज्य स्तर पर आयोजित पेंटिंग की प्रतियोगिता में सिमरन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सिमरन के इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के शिक्षकों ने उसे बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में प्रो. परवेज आलम, प्रो. विवेकानंद उपाध्याय, डा. अरविन्द गुप्ता, डा. बिनोद द्विवेदी, डा. अरुण कुमार तिवारी, प्रो. धीरेन्द्र मिश्रा, प्रो. भरत उपाध्याय, प्रो. संजय केशरी, प्रो. शबनम, डा. शारदा कुमारी आदि के नाम शामिल हैं।

## शांति निवास और बीएनटी संत मैरी ने अपने मैच जीते



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के अर्न्तगत बालिका वर्ग के प्रतियोगिता उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार और महिला थाना प्रभारी अलीशा राज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और बल्लेबाजी कर किया। मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि खेल के लिए फिजिकल, तकनीक एवं एस्टेटिक को ध्यान रखना होता है। उन्होंने कहा कि खेल में केरियर है। मेरी यह पांचवीं नौकरी है और अब तक मैने सभी नौकरी को खेल के जरिए ही हाशिल किया हूं। नौकरी में आने तक ऐसी प्रतियोगिता नहीं देखी जो स्कूली बच्चे और बच्चियों के लिए आयोजित होता हो वो भी लगातार इतने सालों तक जो अपने आप में बहुत बड़ा उदाहरण है। मौके पर लड़कों के लिए तो कई प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं लेकिन स्कूली लड़कियों के लिए यह आयोजन निश्चित रूप से मिल का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होने कहा कि खेलने से केवल शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक विकास भी होता है। प्रतियोगिता के तहत खेले गए मुकाबले में शांति निवास ने ज्ञान भारती को 19 रन से हराकर पूरे अंक अर्जित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए शांति निवास ने 71 रन बनाए। जबाबी पारी खेलने उतरी ज्ञान भारती 51 रन ही बना पाई। दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन बेलचम्पा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर 56 रन बनाई। जबाबी पारी खेलने उतरी बीएनटी संत मैरी की टीम दो गेंद शेष रहते नो विकेट खोकर जीत दर्ज करते होए पूरे अंक अर्जित किया। मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कर रिमझीम और रागिनी को डॉ कुलदेव चैधरी ने प्रदान किया।

# एसवीएम में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई गुरु गोविंद सिंह की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में सिक्खों के दशवे गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक और आचार्य अशोक कुमार द्वारा भारत माता, मां शारदे एवं गुरु गोविंद सिंह जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्पण कर किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुये आचार्य अशोक कुमार ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी मात्र नौ वर्ष की आयु में सिक्खों के दशम गुरु बने। उन्होंने जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल का नारा देकर लोगों में धार्मिक और राष्ट्रभक्ति का संचार किया। उन्होंने मुगलों के अत्याचारों के विरुद्ध दृढ़ता से संघर्ष किया और धर्म तथा देश की रक्षा में अपने परिवार तक को बलिदान कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की, जिसका उद्देश्य धर्म और देश की रक्षा करना था। उन्होंने खालसा पंथ के पांच क (केश, कंघा, कड़ा, कृपाण और कच्छा) के महत्व को समझाया, जो आज भी उनके अनुयायियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। गुरु गोविंद सिंह जी का प्रसिद्ध वाक्य ÷सवा लाख से एक लड़ाऊं, तब गोविंद सिंह नाम कहाऊँ उनके अदम्य साहस और वीरता का प्रतीक है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी आचार्यगण, दीदीजी एवं विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरु जी के जीवन पर आधारित कविताएं और भाषण प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने गुरु गोविंद सिंह जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आवेदन देकर बिजली पोल गाड़ने में अनियमितता की किया शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** कांग्रेस के जिला महासचिव ओम प्रकाश चौबे ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता के नाम लिखे आवेदन देकर एन एच 75 फोर लेन में बिजली विभाग द्वारा बिना कंक्रीट किये विधुत पोल लगाने की शिकायत किया है. आवेदन में उन्होंने कहा है कि विधुत पोल बिना कंक्रीट किये हुए गाड़ा जा रहा है, जो किसी भी समय धाराशायी हो सकता है जिससे आम अवाम को जानमाल के नुकसान होने की संभावना हो सकती है। उनके द्वारा इंजीनियर से प्राक्कलन मांगने पर कहा गया कि प्राक्कलन विभाग के पास है। अभी से ही पोल झुकने लगे हैं। एक ही वर्षा में सभी पोल झुक गये थे। उन्होंने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता से उक्त कार्य की जांच कर प्राक्कलन के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की मांग किया है।

## सहजकर्ता दल के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर के प्रखंड सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना 2025-26 के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, उप प्रमुख सुनील सिंह, प्रखंड अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, जीपीएस राधेश्याम राम, प्रशिक्षु पदाधिकारी सौरभ भठचार्य, प्रखंड समन्वयक अमित चौबे ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। प्रखंड अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण का लाभ लेकर गांव का समुचित विकास करने की बात कही। अंचलाधिकारी ने कहा सभी पंचायत क्षेत्र के लोगों का समुचित विकास हो इसके लिये सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना में योजना का चयन किया जाय। योजनाओं का चयन करते समय इस बात का ध्यान रखे कि इसका लाभ लाभार्थियों के हित में हो। उन्होंने कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए जनभागीदारी जरूरी है।इस दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को सतत विकास के लक्ष्य ग्राम पंचायत समन्वय समिति का उन्मुखीकरण कार्य योजना बताया जा रहा है। राज्य प्रशिक्षक सौरभ भठचार्य द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षणाथियों में सभी पंचायत के पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक, जेएसएलपीएस के दीदी समूह, सहिया दीदी समेत कुल 70 सदस्य को लगभग प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## टीबी असाध्य बीमारी नहीं, दवा और पौष्टिक आहार से रोगी होंगे पूर्णतः ठीक : डॉ. राजेंद्र कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया. जिसमें टीबी रोग के लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी. कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार व संचालन मिथलेश दुबे ने किया.कार्यक्रम के दौरान यक्ष्मा से ग्रसित पांच रोगियों को सीएचसी द्वारा गोद लिया गया. जिन्हें पौष्टिक आहार से लेकर दवा तक मुफ्त दिया जायेगा. गोद लिये गये पांचों लोगों के बीच यक्ष्मा कीट भी वितरित किया गया. डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि टीबी अब असाध्य बीमारी नहीं रह गया है. दवा और पौष्टिक आहार से टीबी रोग से ग्रसित लोग पूर्णतः ठीक हो जायेंगे. इसलिए टीबी रोग से ग्रसित लोगों को उपेक्षित करने के बजाए उनका बेहतर देखभाल करें. यक्ष्मा का दवा सीएचसी में उपलब्ध है, जिसे मुफ्त में दिया जाता है. टीबी रोग की दवा कभी भी बाजार से नहीं लें. उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम 2018 में शुरू किया गया था. दिसंबर 2025 तक देश को यक्ष्मा मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है.जिसे इस वर्ष के अंत तक हासिल भी कर लिया जायेगा.इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है. टीबी रोग हारेगा और देश जीतेगा।

## बीडीओ ने सुदूरवर्ती क्षेत्र के खजुराही नाला पर चेक डैम बनाने का दिया आदेश



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन के अति सुदरवर्ती क्षेत्र के कस्वांखाड़ पंचायत के कतरी गांव मे निरीक्षण के लिए बीडीओ अमित कुमार झा अपने कर्मी के साथ पहुंचे। उस गांव में पहुंचने के उपरांत बीडीओ ने देखा कि ज्यादा भूमि सिंचित होने से वंचित है। उसी गाँव के बीच से खजुराही नाला का पानी प्रवाहित होती है। इसी दौरान बीडीओ ने सर्वे करते हुए कहाँ की मनरेगा के तहत खजुराही नाला पर चार छोटे चेक डैम बनाने का आदेश दिया। तभी गांव के लोग कृषि से लाभ ले सकते हैं। जिसका उन्होंने पुनरुद्धार किया। जिससे 50 एकड़ से ज्यादा भूमि सिंचित होगी।मोके पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र सिंह समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर सड़क जागरूकता रथ को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बुधवार को उपायुक्त शशि रंजन व जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखा कर सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि नये साल की शुरुआत के साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 का आयोजन एक जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इस वर्ष के सड़क सुरक्षा सप्ताह का थीम ‘परवाह’ है, जो सड़क पर एक-दूसरे की सुरक्षा और जिम्मेदारी का संदेश है।

**वाहन चलाते समय यातायात नियमों पालन बेहद आवश्यक : उपायुक्त**

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री रंजन ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें जिला मुख्यालय में जागरूकता वाहन को रवाना करने के बाद उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के पालन से सड़क पर सुरक्षा बनी रहती है, विशेषकर युवा वर्ग से अपील करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जब भी दो पहिया वाहन का प्रयोग करें तो हेलमेट अवश्य पहनें और पूरी सावधानी बरतें। उन्होंने कहा की जीवन मूल्यवान है।सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम एवं अपनी सुरक्षा के लिए यातायात के सभी नियमों का पालन बेहद आवश्यक है।

**जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को किया जायेगा जागरूक : डीटीओ**

इस मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से आमजनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस रथ के माध्यम से जिले के प्रमुख चौक - चौराहों पर यातायात नियमों के पालन हेलमेट और सीट बेल्ट के फायदे से संबंधित ऑडियो क्लिप लोगों को सुनाये जायेंगे।उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु कई अन्य तरह के कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में युवा प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं, जरुरत है निखारने की : सुधीर चंद्रवंशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) :** ऊंटारी रोड के जोगा स्थित अजानवन खेल मैदान में पलामू लोक सेवा दल के यंग ब्रिगेड द्वारा आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को रंगारंग आगाज हुआ. टूर्नामेंट का उद्घाटन कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विस प्रत्यासी सुधीर चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित कर किया. उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता यंग ब्रिगेड के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार व संचालन सचिव विष्णु कुमार ने किया. इससे पहले सभी अतिथियों ने भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर मालार्पण करते हुये उन्हें नमन किया. सुधीर चंद्रवंशी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवा प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है. जरूरत है उन्हें बेहतर प्लेटफॉर्म और समुचित संसाधन उपलब्ध करा कर मुकाम तक पहुंचाने की. जिसके लिए हम सदैव प्रयासरत हैं. ग्रामीण युवाओं को संसाधनों की कमी नहीं होने दी जायेगी. उन्हें हर संभव मदद दिया जायेगा. उद्घाटन मैच पलामू के डंडीला व गढ़वा के आमर टीम के बीच खेला गया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये डंडीला की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 177 रन बनाया. जवाबी पारी खेलने उतरी आमर की टीम 58 रन पर ही ढेर हो गयी. मौके पर कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे, कांग्रेस जिला सचिव मिथिलेश मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, आलोक चौबे, शैलेश चौबे, सरोज गुप्ता, सुधीर कुमार, मुकेश कुमार, उमेश चौधरी, रामाशीष चौधरी, चंदन राम, अमन कुमार, पप्पू साव, आनंद कुमार, राहुल कुमार,पंकज कुमार, अमित चौधरी, बिंदु चौधरी, राजू पाल, रणबीर पाल, राकेश पाल, चंदन चौधरी, आयुष कुमार, अभिषेक कुमार, मणिकांत कुमार, सूरज कुमार, विपिन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### आईपीएस मो.अर्शी को डीजीपी ने बैच लगा कर किया सम्मानित



**रांची।** महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड ने अपने कार्यालय कक्ष में मो अर्शी, भा0पु0से0 (2012) को बैच लगा कर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना सं0-7278/सी0, दिनांक-31.12.2024 द्वारा मो0 अर्शी, भा0पु0से0 को - 01.01.2025 के प्रभाव से भारतीय पुलिस सेवा के सेलेक्शन ग्रेड वेतनमान-में प्रोन्नति प्रदान किया गया है। इस अवसर पर अनुराग गुप्ता, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड एवं सुमन गुप्ता अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण), झारखण्ड तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम के निधन पर बाबूलाल मरांडी ने जताया शोक

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।मरांडी ने कहा कि राणा गौतम के निधन की दुखद सूचना से मन व्यथित है।कहा कि उनका निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवारजनों को अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

# डीजल चोर गिरोह के सात अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि पूर्व से रिंग रोड एवं फोरलेन पर रात्रि में खड़ी भारी वाहनो से डीजल चोरी करने का एक गिरोह सक्रिय था, जिसका उद्भेदन पिछले दिनों रांची पुलिस द्वारा किया गया तथा उस गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उक्त गिरोह के अतिरिक्त कांके थाना क्षेत्र में 03.01.25 की रात्रि में दो ट्रकों से डीजल चोरी की घटना घटित होने के उपरान्त इस संबंध में पिन्टु कुमार नामक व्यक्ति के आवेदन पर अज्ञात के विरूद्ध कांके थाना कांड दर्ज कर वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया। कांड के उद्भेदन एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपाधीक्षक (मु0) प्रथम, अमर पाडेय रॉची के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी कांके एवं कांके थाना के पुलिस पदाधिकारी व बलों को शामिल करते हुए एक विशेष



अनुसंधान / छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा तकनीकी सहयोग प्राप्त करते हुए इस कांड की घटना के साथ-साथ कांके थाना में हीं डीजल चोरी की घटित घटना से संबंधित कुल सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के स्वीकारोक्ति बयान से यह तथ्य प्रकाश में आया है कि अन्तर्राज्यीय गिरोह के द्वारा डीजल चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा था, जिसका संरक्षण रातु थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति के द्वारा किया जा रहा था। उक्त गिरोह का जाल झारखण्ड, बिहार, बंगाल एवं उड़ीसा में फैला हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्तों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर इस घटना में शामिल अन्य अपराधियों को चिह्नित कर उसकी गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है। जल्द हीं शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

**गिरफ्तार अपराधियों का नाम एवं पता :** फरमान जिला बुलन्दशहर उत्तर प्रदेश,मनोज कुमार, जिला बुलन्दशहर उत्तर-प्रदेश,मो0 आमीर उर्फ मोनू नगर थाना निसाडीगेट जिला मेरठ उत्तर प्रदेश, वसीम जिला मेहर उत्तर प्रदेश, अभिषेक जिला बुलन्दशहर उत्तर-प्रदेश, मो0 आमीर थीना सरदाना जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश,शहजाद खान थाना चन्दोस जिला अलीगढ उत्तर-प्रदेश शामिल है।

**छापामारी दल में शामिल सदस्यों का नामः** अमर कुमार पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक (मु0) प्रथम, राँची, कृष्ण कुमार साहु, पु0नि0 सह थाना प्रभारी, कांके, राँची, पु0अ0नि0 कफिल अहमद, कांके थाना, राँची, पु0अ0नि0 रौशन कुमार सिंह, कांके थाना, रॉची, पु0अ0नि0 टिंकु रजक, कांके थाना, रॉची, पु0अ0नि0 राज कुमार तिग्गा, कांके थाना, राँची, पु0अ0नि0 बिरजु प्रसाद, कांके थाना, रॉची,स0अ0नि0 संतोष कुमार, कांके थाना, रॉची,स0अ0नि0 देवेन्द्र राम, कांके थाना, राँची, कांके थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

# काले कारनामे उजागर होने के डर से सूचना आयोग का गठन नहीं करना चाहती हेमंत सरकार : रमाकांत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा है कि राज्य की हेमंत सरकार अपने काले कारनामों के उजागर के भय के कारण सूचना आयोग का गठन नहीं करना चाहती है।और न्यायालय में हमेशा की तरह भ्रामक सूचनाएं देकर भ्रमित करने का काम कर रही है।जिससे राज्य सरकार की किरकिरी तो हो ही रही है साथ ही बदनामी भी। महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार की जननी रही कोंग्रेस और राजद के समर्थन में चल रही हेमंत सोरेन की सरकार से विगत पाँच वर्षों में जो भ्रष्टाचार और लूट के कीर्तिमान स्थापित हुए हैं।उसका उद्भेदन न हो सके।इसका प्रयास शुरू से ही सरकार द्वारा जारी है। भाजपा प्रवक्ता रमाकांत महतो ने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि जब जेवीएम का विलय विधिवत रूप से भाजपा में होने के उपरांत पार्टी ने दल के नेता के रूप में बाबूलाल मरांडी को नियुक्त किया।परन्तु,उससे विधानसभा स्पीकर के ट्रिब्यूनल कोर्ट ने



राजीनीतिक साजिश तहत मामले को लटकाये रखा।परिणामतः मामला दीर्घकाल तक लंबित रहा।जबकि बाबूलाल मरांडी राज्यसभा सांसदों के चुनावों में पार्टी की ओर वोट देते रहे।श्री महतो ने कहा कि उसके बाद वर्ष 2023 को भाजपा विधायक दल नेता के रूप में अमर कुमार बाउरी को नियुक्त किया जो सदन में विपक्ष के नेता बने।

श्री बाउरी के नेता प्रतिपक्ष के रहते सरकार ने सूचना आयोग के गठन को लेकर विज्ञापन भी निकाला।परंतु सरकार की उदासीनता के कारण आयोग का गठन नहीं हो पाया।सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ डूबी रही।मुख्यमंत्री से लेकर कैबिनेट मंत्री भी भ्रष्टाचार के आरोप में सलाखों के पीछे चले गए।अभी भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमानत पर ही चल रहे हैं। रमाकांत ने राज्य सरकार से आरोप लगाया है कि राज्य में कई संवैधानिक संस्थाओं का गठन कई वर्षो से नहीं हो सका है।जिसका जुड़ाव सीधे जनता से है।सरकार गठन में उदासीन रवैया अपना रही है।जैसे राज्य महिला आयोग, लोकायुक्त, मानव अधिकार आयोग,राज्य खाद्य आयोग आदि।एवं झारखंड लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष का पद गत कई महीनों से रिक्त पड़ा है।राज्य कर्मचारी चयन आयोग का अध्यक्ष प्रभार में चल रहा है।जहाँ से सरकार लगातार युवाओं के सपने को चकनाचूर करने का काम कर रही है।

## सूचना आयोग के रिक्त पदों को लेकर हुई सुनवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ में झारखंड राज्य सूचना आयोग के रिक्त पदों को भरने के मामले पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार और विधानसभा में विपक्षी दलों के रवैये पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि बार-बार निर्देश के बावजूद अब तक सूचना आयुक्तों की नियुक्ति नहीं हुई है। इसके बाद सख्त लहजे में सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों को जल्द भरने का निर्देश दिया है। वहीं इस मामले में खंडपीठ ने झारखंड विधानसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी को निर्देश दिया है कि वह 2 सप्ताह के भीतर चयन समिति के लिए अपने एक




निर्वाचित सदस्य को नामित करे। इसके बाद ही नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। कोर्ट ने झारखंड के मुख्य सचिव को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोग में रिक्तियों पर भी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि सूचना आयोगों में केवल नौकरशाहों की ही नियुक्ति क्यों की जाती है? विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को भी इन पदों पर मौका मिलना चाहिए।

# डीसी ने समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए पदाधिकारियों को दिये निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त- सह- जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री ने जनता दरबार में लोगों से मुलाकात की। उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि संज्ञान में आये शिकायतों की जाँच कराते हुए यथाशीघ्र समाधान किया जाएगा।जनता दरबार के दौरान ही उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा आये शिकायत के संबंध में संबंधित अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आवेदनों की भौतिक जांच



करते हुए जल्द से जल्द समाधान करें। साथ ही शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यथाशीघ्र प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश भी उन्होंने दिया।जनता दरबार में आए लोगों से उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभ के संबंध में भी जानकारी ली गयी। लोगों द्वारा बताया गया कि घर की महिलाओं को योजना का लाभ मिल रहा है। उपायुक्त ने कहा कि योजना के तहत मिल रही सम्मान राशि का सदुपयोग करें।

## खरमास खत्म होते ही मंत्रियों और विधायकों का होगा गृहप्रवेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हेमंत सरकार के गठन के एक माह के बाद भी हेमंत कैबिनेट के कई मंत्रियों को मंत्रालय में चेंबर नहीं मिला है और न ही विधायकों को आवास आवंटित हो सका है। चेंबर के मामले में मंत्री अपनी मनपसंद कमरे की तलाश में लगे हुए हैं और उन्होंने अपनी पसंद भी बता रखी है।

इसमें यह बात भी सामने आयी है की एक ही कमरे में दो- तीन मंत्री ने अपनी पसंद जाहिर की है। ऐसे में भवन निर्माण विभाग कमरा आवंटन अब तक नहीं कर सका है। विधायक आवास भी अब तक आवंटित नहीं किया जा सका है। अधिकारियों का कहना हैं की मंत्रियों के चेंबर नेपाल हाउस, प्रोजेक्ट भवन सहित मंत्रालय के अन्य भवनों में और विधायक आवास के लिए प्रकिया जारी है, जल्द ही इसे सुलझाते हुए आवंटित कर दिया जायेगा। इससे पूर्व सीएम से भी इसकी सहमति ली जायेगी। हेमंत सरकार के सभी 11 मंत्रियों के लिए बंगला बनकर तैयार हो चुका है।

16 जनवरी के बाद कभी भी मंत्रियों का गृह प्रवेश इसमें करा दिया जायेगा। भवन निर्माण विभाग के इंजीनियरों का कहना है कि बंगला बनकर तैयार हो चुका है। बस सरकार की हरी झंडी का इंतजार है, खरमास खत्म होते ही इसमें गृहप्रवेश किया जायेगा।

## आरपीएफ ने ऑपरेशन सतर्क के तहत भारी मात्रा मे ज़ब्त किया शराब की बोतल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची मंडल में आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर शराब तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान जारी है उसी क्रम में दिनाँक 07.01.2025 को आरपीएफ रांची के फ्लाइंग टीम और पोस्ट रांची के अधिकारी और कर्मचारियों ने रांची रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान टीम ने देखा कि दो पुरुष व्यक्ति स्टेशन पर एस्केलेटर के पास तीन बैग के साथ बैठे हुए थे। संदेह के आधार पर उन्हें रोककर उनके बैगों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 133 बोतलें शराब, विभिन्न कंपनियों की बरामद की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम अवधेश कुमार, उम्र 30 वर्ष, पिता- गोपाल सिंह, निवासी-



ककेथल, थाना- अतरौली, जिला- अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश) और शनि टिग्गा, उम्र 18 वर्ष, पिता- स्वर्गीय राजेंद्र टिग्गा, निवासी- पोखर टोली, थाना- डोरंडा, जिला- रांची बताया आगे बताया कि उन्होंने यह शराब रांची से खरीदी थी और इसे बिहार में अधिक कीमत पर बेचने के लिए ले जा रहे थे। जब उनसे इन शराब की बोतलों के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए तो वे प्रस्तुत नहीं कर सके। सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद एएसआई रवि शेखर ने शराब की इन बोतलों को मौके पर ही जब्त कर लिया और उचित जब्ती सूची तैयार की। इसके बाद आरोपियों को 21ः00 बजे एएसआई रवि शेखर द्वारा गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों और जब्त शराब को रांची आरपीएफ पोस्ट लाया गया और उन्हें नियमों के अनुसार हिरासत में रखा गया। जब्त शराब की कुल कीमत 43,000/- आंकी गई है। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपियों और जब्त सामान को 07.01.2025 को रांची उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया। निरीक्षक शिशुपाल कुमार एएसआई रवि शेखर, कांस्टेबल आर.के. सिंह, हेमंत, प्रदीप, डी.के. जीतरवाल शामिल थे।

## वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम का ईलाज के दौरान हुआ निधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम की लंबी बीमारी के इलाज के दौरान मुंबई में निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर पत्रकार जगत में शोक की लहर फैल गई है। बताते चले कि राणा गौतम लंबे समय से रांची में पत्रकारिता के क्षेत्र में अलग पहचान रखते थे। लेकिन वे अचानक बीमारी के चपेट में आ गये। उन्हें बेहतर उपचार के लिए मुंबई भेजा गया। जहां उनका निधन हो गया। उनका गुरुवार को अंतिम संस्कार होगा। उनके पार्थिव शरीर को द रांची प्रेस क्लब में अंतिम दर्शन के लिए रखा जायेगा। बता दे कि राणा गौतम के पिता रांची राजेंद्र प्रसाद अपर समाहर्ता के पद से रिटायर अधिकारी हैं। राणा गौतम अपने पीछे अपने पिता, पत्नी, एक बेटा और बेटी छोड़ गये हैं। राणा गौतम के निधन से उनके परिजनों और समस्त पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। उनके साथ काम करनेवाले सहयोगियों का कहना है कि वह काफी सरल और सुलभ व्यक्ति थे। हमेशा मदद को तैयार रहते थे। वरिष्ठ पत्रकार राणा गौतम रांची ही नहीं झारखंड के वरिष्ठ पत्रकारों में शामिल थे। उन्होंने प्रभात खबर, दैनिक हिंदुस्तान, खबर मंत्र, रांची एक्सप्रेस, देशप्राण जैसे प्रमुख मीडिया संस्थानों में काम किया और अपनी पत्रकारिता से अनूठी छाप छोड़ी। उनकी कई स्टोरी काफी चर्चित रही और समाज को एक दिशा देने में महत्वपूर्ण रोल अदा



किया था। जिसके लिये वे हमेशा याद किये जायेंगे।

# माउथ ऑर्गन पर डीजीपी ने जब बजाया धुन तो सुनकर सभी रह गये चकित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता अपने नये अंदाज में नजर आये। हमेशा नक्सलियों, अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ वर्दी में नजर आने वाले डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जब भी किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में अतिथि होते हैं तो एक बार अपनी कला का हुनर भी दिखा देते हैं। दरअसल डीजीपी अनुराग गुप्ता एक बहुत ही अच्छे माउथ ऑर्गन बजाते हैं पहले भी इन्हें ऐसे देखा गया है। दो दिन पहले वे जैप वन के 145 वें स्थापना दिवस के मौके पर आनंद मेले का आयोजन में उपस्थित हुए थे। इस मेले में मंगलवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान डीजीपी अनुराग गुप्ता ने भी शिरकत की । उन्होंने मंच पर माउथ ऑर्गन बजाकर फिल्म सत्ते पर सत्ता के गीत जिंदगी मिल के बिताएंगे, हाले दिल गा के सुनाएंगे,हम तो सात रंग हैं ,ये जहां रंगी बनाएंगे की धुन बजाई। जिसे सुन लोग मंत्र मुग्ध हो गए। ऐसे वे अपना दिल है आवारा की धुन भी माउथ ऑर्गन में बाखूबी बजाते हैं।

## महिलाओं को सशक्त बनाने को लेकर चल रहा इंदिरा फैलोशिप बूट कैंप का सफलतापूर्वक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांके में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा 7-8 जनवरी 2024 को आयोजित इंदिरा फैलोशिप बूट कैंप का सफलतापूर्वक समापन 8 जनवरी 2024 को कांके स्थित बदलाव संस्थान ऑफ ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट में हुआ। यह कार्यक्रम शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को राजनीति और सामाजिक कार्यो में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार बैठा उपस्थित थे। उन्होंने इस अवसर पर महिलाओं की शक्ति और इंदिरा गांधी के योगदान को सराहा। बैठा ने कहा, महिलाओं को राजनीति और समाज में सक्रिय भागीदार बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इंदिरा गांधी की तरह हमें भी महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम करना होगा। यह कार्यक्रम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बैठा ने इंदिरा फैलोशिप के फैलो को उनके कार्यो के लिए सराहा और कहा कि यह पहल महिलाओं को राजनीति में सशक्त बना रही है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने गांव और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं, जैसे इंदिरा गांधी ने अपनी राजनीतिक यात्रा में किया।

# उर्दू पत्रकारिता के पुरोधा खुर्शीद परवेज की हालत नाजुक

**स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर अभी तक उर्दू पत्रकारिता की धार देने वाले खुर्शीद परवेज पर कोई नहीं कर रहा रहम**

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची :**रांची नगर निगम कार्यलय से करीब 20 किलोमीटर दूर पिठोरिया थाना अंतर्गत मदनपुर गांव के रहने वाले उर्दू के वरिष्ठ पत्रकार खुर्शीद परवेज सिद्दीकी अपना पूरा जीवन उर्दू पत्रकारिता के क्षेत्र में समर्पित कर रखे हैं। उम्र के करीब 80 पड़ाव पार कर चुके हैं, बावजूद इसके वे आज भी संपादकीय और विशेष कॉलम पर लिखते रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि हिंदुस्तान में वाहिद ऐसे पत्रकार हैं, जो लगातार लिखने का सिलसिला को बरकरार रखे हुए हैं। कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं और अंजुमन अस्पताल में जिंदगी के कुछ पल गुजार रहें हैं। लंबे समय तक पत्रकारिता में अपनी जीवन का अहम समय गुजारने वाले शख्शियत खुर्शीद परवेज अंतिम समय बड़ी कठिनाई से अस्पताल में गुजर रहा है। कोई इनके मदद के लिए जिस जोश के साथ खासकर मुस्लिम संगठनों और पत्रकार संगठनों को आगे आने चाहिए थे वे आते नहीं दिख रहे हैं।

**कौन है खुर्शीद परवेजः** 21 दिसंबर 1944 को पिता याकूब सिद्दीकी व मां खैरुन्निसा के यहां



बिहार के मुंगेर जिला सब्जीबाग में जन्मे खुर्शीद परवेज उर्दू के वरिष्ठ पत्रकार हैं। पत्नी आयशा खातून,एक बेटा मंजर आलम,पोता पोती है। प्रारंभिक शिक्षा पटना के मुस्लिम हाई स्कूल से हुई। इसके बाद मगध विश्वविद्यालय से मैट्रिक, 1971 में उर्दू में स्नातक किए।।पिता स्व. याकूब सिद्दीकी डीएसपी के पद से करीब 1953 में डाल्टेनगंज से सेवानिवृत हुए। पढ़ने लिखने का शौक बचपन से ही रहा था। बिहार के तत्कालीन आईजी एसके सिन्हा ने सीधी बाहली में पुलिस की नौकरी दे रहे थे, लेकिन मैंने पत्रकारिता को बेहतर समझा,आज भी खुश हूं।

**संगम से शुरू किये लिखना** रू सबसे पहले स्व. सरवर के अखबार दैनिक उर्दू संगम से लिखने की शुरुआत किये थे। 1968 में कोलकाता एडीशन संगम से निकलता था, वहां से जुड़ गए। फारुकी तंजीम में करीब 1994 में जुड़े हुए हैं। यहां संपादकीय और कॉलम आज भी लगातार लिख रहे हैं। घर से ही व्हाट्सएप के माध्यम से लिख कर भेजते हैं।

**स्वतंत्रता आंदोलन पर कॉलमः** खुर्शीद परवेज को स्वतंत्रता आंदोलन के विशेष खबर के लिए भी लोग जानते हैं। खुर्शीद परवेज ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम के 1857 को लेकर अविभाजित झारखंड के विभिन्न जिलों पर स्पेशल कॉलम लिखने की शुरुआत किये थे। करीब 8 मजमून लिखा भी गया है । जैसे 1857 रांची, पलामू, हजारीबाग, कोलहान इत्यादि शामिल है।

**दो किताब प्रकाशित के इंतेजार में:** उन्होंने बताया था कि वहीं दो किताबें लिखा हूं , जो छपने के लिए गई है। अब कब आयेगी यह नहीं बता सकते। स्वतंत्रता सेनानी व प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद पर लिखा गया है । मौलाना आजाद एक नई दृष्टि और दूसरी किताब है जहां मैं रहता था जिस बस्ती में सब्जीबाग उसी के नाम पर है सब्जीबाग के कहानी मेरी जुबानी इस किताब का इंतेजार सभी को है।

## शहादत दिवस पर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह के श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया नमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्वतंत्रता सेनानी अमर वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमरांव सिंह के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे मुख्य रूप से झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी , झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम , खिजरी विधायक राजेश कच्छप, रामगढ़ विधायक ममता देवी शामिल हुई। इस अवसर पर रांची जिला से केन्द्रीय सदस्य, जिला के पदाधिकारी, और प्रखंड व पंचायत के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम धुर्वा शहीद मैदान से श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन कर शुरू हुई। इसके बाद चुट्टुपालु घाटी स्थित शहीद स्थली मे श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इसके बाद शहादत स्थली चुटूपालू घाटी पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया जाएगा। इसके उपरांत शहीद उमराव सिंह के शहीद स्थली खटंगा, ओरमांझी मे श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया जाएगा। तत्पश्चात शहीद शेख भिखारी के पैतृक गांव खुदिया-लोटवा मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री हफिजुल हसन अंसारी ने कहा आज हम शहीद शेख भिखारी और शहीद टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस के मौके पर हम सभी उनको श्रद्धाजलि अर्पित कर




नमन करते हैं। जिस तरह उन्होंने ने अंग्रेजों से लड़कर अपनी शहादत दी वो हमारे लिए प्रेरणादायक है। इस कार्यक्रम मे केंद्रीय सदस्य पवन जेडीया, जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, अश्विनी शर्मा, जिला संगठन सचिव जुल्फीकार खान, रमेश साहू, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष शमीम मंसूरी, जिला सचिव सुजीत कुजूर, किसान मोर्चा जिला सचिव सज्जाद अंसारी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक मुंडा, संयुक्त सचिव साजिद कौसर, महताब आलम, महावीर विश्वकर्मा, ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर महतो, सचिव नरेश यादव, कांके प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, सचिव नवीन तिर्की, कुदूस अंसारी, हारून रशीद, महताब आलम, जहूर मियां, सबिबुल रहमान, राजेश सिंह, मो अवधेश यादव, जिला मीडिया सदस्य राकेश, नामकुम प्रखंड सचिव मोजाहिद हुसैन, रातु प्रखंड अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मो असलम, सैय्यद फिरोज, अबूतालिब अंसारी, कुलदीपक कुमार, छात्र मोर्चा से शामी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## प्रभुदयाल बड़ाइक ने सदस्यता अभियान चलाया



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा सदस्यता अभियान में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष श्री प्रभुदयाल बड़ाइक एवं सदस्यता अभियान के सह संयोजक श्री नागेश्वर महतो द्वारा सिल्वे, चतरा जरा टोली, अम्बाटोली, लाली, चतरा में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अभियान में टाटीसिल्वे मंडल के महामंत्री श्री अमित मिश्रा एवं पंचायत संयोजक सुरेंद्र महतो इत्यादि उपस्थित थे।इस अवसर पर कहा कि अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को ऑन लाइन सदस्य बनाने के साथ पार्टी के नीति एवं सिद्धांत के साथ केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कार्यक्रम को भी बताना है।

## दो दिवसीय स्व डॉ सुखदेव बेदिया चैंपियन ट्रॉफी का समापन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के कुसुमटिकरा स्कूल मैदान में दो दिवसीय डॉ सुखदेव बेदिया चैंपियन ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 8 पुरुष टीम 8 महिला टीमों ने हिस्सा लिया।जिसमें पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता में महादानी फुटबॉल टीम बिसीरिया बनाम जागरण ब्रदर्श कुसुमटिकरा के बीच खेला गया।जिसे जागरण ब्रदर्श कुसुमटिकरा ने दो एक से विजय रहा।वहीं महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में सिल्ली स्पोर्ट्स अकादमी एवं स्टार वरियर्स रांची के बीच खेला गया।जिसमे स्टार वरियर्स रांची ने ट्राई ब्रेकर में विजय रही। पुरुष फुटबॉल विजेता टीम को सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक एवं महिला फुटबॉल विजेता टीम को जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा देवी चौधरी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।इस मौके पर उप प्रमुख आरती देवी,मुखिया हरिपद मांझी, लक्ष्मण महतो, सुशील महतो,रामस्वरूप मंडल, अभिराम मांझी,अनिल मांझी,चेतन मांझी,परशुराम महतो ,मनोहर महतो, प्रहलाद मांझी, दुर्गा चरण यादव,पिंटू कुमार, गुहीराम बेदिया,दुखी सिंह मुंडा,लच्छू महतो,सृजन लोहरा समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा रांची के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में आज दिनांक 08.01.2025 को नालसा द्वारा संचालित 90 दिवसीय* आउटरीच अभियान पर आज ग्राम- बरदा, (तपकरा), हारूहापा (कर्रा), राजकीय कृत उच्च विद्यालय जाते, एवं जरियागढ़ थाना, खूंटी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम अभी लगातार 90 दिनों तक लगातार चलता रहेगा। यह अभियान में आज का मुख्य विषय *वाहन दुर्घटना मुआवजा प्राप्त संबंधी, लेबर कार्ड बनाने संबंधी , जन्म प्रमाण पत्र बनवाने संबंधी, महिलाओं से जुड़े अधिकार* एवं *राशन कार्ड बनाने*, से संबंधित रखा गया था जिसमें डालसा के पीएलवीयों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को जागरूक किया एवं उनके कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में टीम के सभी पीएलवी उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर के द्वारा दी गई।

## सीसीएल के लाल लाडली योजना से रुबरु हुए डीएवी बचरा के शिक्षक व बच्चे



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में बुधवार को सीसीएल के लाल लाडली योजना की जानकारी दी गई।सीसीएल मुख्यालय रांची से आए अधिकारियों ने मारियो एक्का सहित अन्य अधिकारियों ने योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।वही विद्यालय के शिक्षकों को बच्चों के अभिभावकों तक इस योजना की जानकारी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए एवं योजना से होने वाले लाभ से रूबरू कराया।इस योजना का आधिकाधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए बच्चों के सुनहरे कल को सवारने की और ध्यान दिलाया गया।इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य डा. आर चौधरी ने कहा कि इस योजना का 12 जनवरी से फॉर्म भरा जाएगा।जिसको लेकर छात्रों से आह्वान करते हुए कहा कि इस योजना का समुचित लाभ उठाने की अपील की।उन्होंने कोयला से हीरा तलाशने की योजना बताते हुए सा समय लाभ लेने को प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजुद थे।

## सदर अस्पताल खूंटी में शिविर का आयोजन कर निःशुल्क मोतियाबिंद का किया जा रहा ऑपरेशन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देशानुसार, खूंटी जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा सदर अस्पताल, खूंटी में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य जिले के सभी छह प्रखंडों के नागरिकों को निःशुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा प्रदान करना है। जिले के सभी छह प्रखंडों के नागरिक इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। जांच के दौरान, जिन व्यक्तियों में मोतियाबिंद के कारण अंधत्व पाया जाएगा, वे निःशुल्क ऑपरेशन के लिए पात्र होंगे। दूर-दराज के निवासियों के लिए पास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्रारंभिक नेत्र जांच की व्यवस्था की गई है। सीएचसी में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर मरीज का ऑपरेशन जिला अस्पताल, खूंटी में किया जाएगा। सदर अस्पताल, खूंटी में दिसंबर 2023 से अब तक कुल 148 सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन किए जा चुके हैं। अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने इस प्रक्रिया को सुरक्षित और प्रभावी रूप से अंजाम दिया है। अधिक जानकारी के लिए, जिला अस्पताल, खूंटी या अपने निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

# पिपरवार में मनाया गया शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में बुधवार को शहीद शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस मनाया गया।इस अवसर पर पिपरवार क्षेत्र के बहेरा गांव स्थित मदरसा इमदादुल उलूम बहेरा में कुरानखानी व तकरीर का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मदरसा के बच्चों के द्वारा नात शरीफ,तकरीर व तराना पेश किया गया,साथ ही शहीद शेख भिखारी एंव टिकैत उमरांव के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई।कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।मौके पर शहीद शेख भिखारी मेमोरियल सोसायटी के द्वारा शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।बतौर मुख्य अतिथि मे मौजुद इकबाल हुसैन ने कहा की 1857 क्रांति को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड में अंग्रेजों से लड़ाई का सिलसिला पहले ही शुरू हो चुका था। सन 1857 की क्रांति ने पूरे देश में आजादी के चिंगारी को सुलगा दिया और इन चिंगारी से छोटा नागपुर का पहाड़ पठार भी धड़कने से बच नहीं सका।इस क्रांति में शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई।शेख भिखारी का जन्म सन 1819 में झारखंड के ओरमांझी थाना के खुदिया लोटवां गांव में हुआ था तो उनके पड़ोसी गांव खटंगा में टिकैत उमरांव सिंह का जन्म हुआ था।शेख भिखारी 20 वर्ष की उम्र में छोटा नागपुर के महाराज के यहां दीवान की नौकरी कर ली।वहीं उमराव सिंह बारह गांव के जमींदार थे।शेख भिखारी ने प्रतिभा और बुद्धिमत्ता के कारण राजा ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के दरबार में एक अच्छी स्थिति प्राप्त कर ली।

सन 1856 में जब अंग्रेजों ने राजा महाराजाओं पर चढ़ाई करने का मन बनाया तो इसकी खबर ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को मिली।उन्होंने अपने वजीर पांडेय गणपतराय,दीवान शेख भिखारी,टिकैत उमराव सिंह से सलाह-मशवरा किया।उन सभी ने अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा लेने की ठान ली और जगदीशपुर के बाबू कुँवर सिंह से पत्राचार किया।इसी बीच शेख भिखारी ने बड़कागढ़ की फौज में लोगों की भर्ती के लिए अभियान चलाया। उन्होंने चाईबासा जेल को तोड़ सैकड़ों लोगों को रिहा भी करवा लिया। रांची,हाजारीबाग के नौजवानों की भर्ती शुरू कर दी।

इसमें उनकी मदद तोपची नादिर अली,सूबेदार जयमंगल पाण्डे ने भी की। इस बीच अंग्रेजी फोज ने जनरल मैकडोना के नेतृत्व में सन् 1857 में चढ़ाई कर दी। जब अंग्रेजों की फौज चुटुपालू के पहाड़ी रास्ते से राँची के पलटुवार पर चढ़ने की कोशिश करने लगी तो उनको रोकने के लिए शेख भिखारी, टिकैत उमराव सिंह अपनी फौज लेकर चुट्टूपालू पहाड़ी पर पहुँच गए और उनका रास्ता रोक दिया। शेख भिखारी की फौज ने गोलियों की बौछार कर अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए। यह लड़ाई कई दिनों तक चली।शेख भिखारी के पास गोलियाँ खत्म होने लगीं तो उन्होंने अपनी फौज को पत्थर लुढ़काने का हुक्म दिया।

इससे अंग्रेज फौजी कुचलकर मरने लगे।अंग्रेजों ने शेख भिखारी एवं टिकैत उमराव सिंह को 6 जनवरी 1858 को घेरकर गिरफ्तार कर लिया और 7 जनवरी 1858 को उसी जगह फौजी अदालत लगाकर मैकडोना ने शेख भिखारी और उनके साथी टिकैत उमरांव को फाँसी का फैसला सुनाया।

8 जनवरी 1858 को शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को चुट्टू पहाड़ी के बरगद के पेड़ से लटकाकर फाँसी दे दी गई। उक्त पेड़ आज भी वहाँ पर इसकी गवाही दे रहा है।कार्यक्रम मे हाजी कमाल,हाजी जसीम, हाजी तनवीर,समाजसेवी रंथु गंझू,जुबेर आलम, मोहम्मद जुल्फान, सैफुल्लाह,मोहम्मद गुडडे, मोहम्मद शहजाद, मोहम्मद शाहिद,राहुल राम आदि लोग भी मौजूद थे।

# राजस्व संग्रहण एवं राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खूँटी :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण एवं राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व संग्रहण, दाखिल खारिज, भूमि सीमांकन, ई-रेवेन्यू कोर्ट, सक्सेसन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन, सर्टिफिकेट केस समेत विभिन्न विषयों पर गहन समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में अपर समाहर्ता ने विभिन्न अंचलों से प्राप्त अद्यतन प्रतिवेदन रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपायुक्त ने बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने दाखिल खारिज मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया। दस्तावेजों की गहन जांच के बाद निर्णय लेने का निर्देश दिया गया। नियमित रूप से ई-रेवेन्यू कोर्ट करने और ऑनलाइन रिपोर्ट अपडेट करने का निर्देश दिया गया। विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अंचल में भूमि चिन्हित करने को लेकर भी सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, डीसीएलआर, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, उत्पाद अधीक्षक, सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# शहीद शेख़ भिखारी व टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस समारोह में उपस्थित हुई मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मांडर :** बुधवार को मांडर प्रखंड के फोरेस्ट मैदान में प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शहीद शेख़ भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि माननीय मंत्री कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व मंत्री बंधु तिर्की उपस्थित हुए। वहीं शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के बाद माननीय मंत्री द्वारा कहा गया कि छोटानागपुर की धरती पर अंग्रेजों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ लड़ते हुए अंग्रेजों के नाक में दम करने वाले शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह की जोड़ी ने आजादी की लड़ाई में देश के लिए 8 जनवरी 1858 अपनी शहादत दिया। उनकी वीरता और बलिदान हमारी आजादी की नींव थी, हमें हमेशा गर्व रहेगा ऐसे महान सपूतों पर। मौके पर अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर, प्रमुख फ़िलिप सहाय एक्का,उप प्रमुख अमानत अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, तबारक खान, आबिद अंसारी, शमसुल शेख, जुवेल तिग्गा, बेलस टोप्पो, अर्जुन महतो, आरिफ हसन, नसीम अंसारी,सेरोफिना मिंज,सरीता तिग्गा सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# असंवैधानिक तरीके से सदानों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है : राजेन्द्र प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बेड़ो :** बेड़ो मूलवासी सदान मोर्चा का बारीडीह पाहड़ा मैदान बेड़ो में बेड़ो प्रखंड के अध्यक्ष धनंजय कुमार राय के अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों को असंवैधानिक तरीके से उनके अधिकारों को वंचित किया जा रहा है। कहा मूलवासी सदानों के उपर हो रहे अत्याचार पर सभी दलों के सदान विधायक सांसद चुप्पी साधे हुए हैं। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पेसा कानून और समता जजमेंट लागू करने से मूलवासी सदान अपने अधिकार से पुरी तरह वंचित हो जायेंगें। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में परिसीमन केन्द्र सरकार से जल्द से जल्द कराने की मांग की है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 जनवरी को रांची में मूलवासी सदानों का मिलन समारोह और फरवरी महीने में बेड़ो में एक पिकनिक रखा गया।

## खेत में सिचाई के लिये कुंआ में लगी तीन बिजली पानी मशीन की चोरी

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कराँजी गांव के जराटोली मे मंगलवार की रात अज्ञात चोरो ने तीन बिजली पानी सिचाई मशीन की अज्ञात चोरो ने चोरी कर ली। मिली जानकारी के अनुसार तीनों अलग अलग जगहो में सिचाई के लिये कुंआ में लगाये गये थे। जहां चोरो ने जराटोली निवासी नसीम अंसारी, यूनुस अंसारी और अबु शमद का कुंआ में लगी सिचाई मशीन को खोल कर चोरी कर ली। इधर मुक्त भोगी किसान अनु शमद द्वारा बेड़ो थाना आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छान बिन कर रही है।

## बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूरों का हड़ताल दुसरे दिन भी रहा जारी



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों की पांच सूत्री मांगों को लेकर बचरा साईडिंग में चल रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा।अपनी मांगों को लेकर असंगठित मजदूर बचरा साइडिंग में कड़ाके के इस ठंड में धरना पर बैठे हुए हैं।साइडिंग में कार्यरत सभी असंगठित मजदूर अपने-अपने कार्यों को छोड़कर साइडिंग परिसर में धरना प्रदर्शन पर बैठकर आक्रोश प्रकट कर रहे हैं।असंगठित मजदूर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में बचरा साइडिंग मे मंगलवार 7 जनवरी से हड़ताल पर है।धरना प्रदर्शन में शामिल असंगठित मजदूरों ने प्रबंधन एवं कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।मजदूरों ने कहा कि यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को पूर्व में हड़ताल का नोटिस सौंपा जा चुका है।लेकिन प्रबंधन के द्वारा कोई पहल नहीं किए जाने के कारण 7 जनवरी से सभी मजदूर हड़ताल पर है। बावजूद इसके प्रबंधन के द्वारा कोई पहल नहीं किया जा रहा है।मजदूरों ने अपना आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक साइडिंग में हड़ताल जारी रहेगा।मजदुरो की प्रमुख मागों मे ठेकेदारी मजदूरों को एचपीसी के दर से मजदूरी का भुगतान करने,ठेकेदारी मजदूरों का सीएमपीएफ कटौती करने,ठेकेदारी मजदूरों को पेमेंट स्लिप देने, ठेकेदारी मजदूरों का हाजिरी फार्म डी में बनाने की मांग शामिल है।इस मौके पर मुंशी महतो, भोला महतो टिंकू महतो, शंकर महतो,चिंतामन महतो, धनेश्वर महतो,चंद्रदेव ठाकुर, जितेंद्र महतो,करण महतो, निर्मल महतो,लटन महतो, जलेश्वर महतो,चमन महतो, दिलीप चौधरी,बिजली महतो,जयशंकर चौधरी, सुरेश गोप सहित काफी संख्या में मजदूर मौजूद थे।

**जेबीसीसीआई सदस्य लखन लाल महतो पहुंचे पिपरवार :** पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूरों की हड़ताल की सूचना पाकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष सह जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो बुधवार की शाम पिपरवार पहुंचे। इस दौरान यूनियन के कार्यकर्ताओं के साथ लखनलाल महतो बचरा साइडिंग पहुंचकर हड़ताल में शामिल मजदूरों से मुलाकात की।साथ ही असंगठित मजदूरों के हड़ताल की जानकारी ली।इधर देर शाम को सीसीएल प्रबंधन के द्वारा पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में असंगठित मजदूर और यूनियन के लोगों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया।समाचार लिखे जाने तक जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो के नेतृत्व में पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में प्रबंधन,कंपनी और असंगठित मजदूरों के बीच वार्ता चल रही है।

## तमाड़ के पुर्व विधायक धन सिंह की 112 वीं जयंती मनाई गई

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के बौंतिया गांव में तमाड़ विधानसभा के भूतपूर्व विधायक स्वर्गीय धनसिंह मुंडा की 112वीं जयंती मनाई गई। ज्ञात हो कि पुर्व विधायक के पैतृक ग्राम बौंतिया में बुधवार उनको चाहने वाले ग्रामीणों ने श्रद्धा पूर्वक जयंती मनाया?।अपराह्न 2ः00 बजे उनके कनिष्ठ पुत्र बालकृष्ण सिंह मुंडा, नीलकमल सिंह मुंडा एवं उनके ज्येष्ठ पौत्र रक्षितेश सिंह मुंडा के साथ स्थानीय ग्रामवासी एवं आमंत्रित अतिथिगणों की उपस्थिति में विधिवत पूजा अर्चना एवं पुष्पांजलि देकर दिवंगत आत्मा को याद कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।विदित हो कि स्वर्गीय धन सिंह मुंडा स्वतंत्र भारत में हुए दूसरे आम चुनाव में तमाड़ क्षेत्र से प्रथम स्थानीय विधायक के रूप में बिहार विधानसभा में क्षेत्र का नेतृत्व किया था एक गरीब किसान के यहां जन्मे स्वर्गीय धन सिंह मुंडा ने 1939 में राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी।क्षेत्र में समाज के प्रति उनका समर्पण एवं कुशल नेतृत्व क्षमता के कारण उनकी लोकप्रियता बढ़ती गई और वर्ष 1939 में ही हुआ उसे वक्त के सबसे बड़े आदिवासी लीडर मरांग गोमके स्वर्गीय जयपाल सिंह मुंडा के संपर्क में आए एवं 1950 में अखिल झारखंड पार्टी में शामिल हुए और झारखंड अलग प्रांत आंदोलन के लिए संत फकीर की तरह प्रभावकारी कार्य करते रहे,इस दौरान वे आंदोलन हेतु सदैव अग्रिम पंक्ति में रहे। वर्ष 1957 में स्वतंत्र भारत के द्वितीय आम चुनाव में तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी का प्रत्याशी बनाया गया जिसमें वह तमाड़ क्षेत्र के प्रथम स्थानीय विधायक के रूप में चुने गए तथा पुनः 1962 में तृतीय आम चुनाव में दोबारा विधायक के रूप में चयनित हुए इस प्रकार स्वर्गीय धन सिंह मुंडा ने 1957 से 1967 तक लगातार दो बार तमाड़ विधानसभा का कुशल नेतृत्व किया।आज उनकी जयंती समारोह में जयपाल सिंह मुंडा फाउंडेशन के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित होकर स्वर्गीय धन सिंह मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित किया समारोह में मुख्य रूप से कन्हाई पातर मुंडा, शिशुपाल मुंडा, बनवारी मुंडा, राजकुमार मुंडा, मुरलीधर सिंह मुंडा, अनुज मुंडा तथा परिवार के सभी सदस्य गण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# जमीन दलाल कि नजर अगर विद्यालय कि जमीन पर है वह सुधर जाए : विधायक सुदीप गुड़िया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**कर्रा :** प्रखंड के डहकेला स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के खेल मैदान को बेचने के विरोध में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों का विशाल बैंक का आयोजन किया गया. बैठक पर मुख्य अतिथि तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया उपस्थित रहे एवं सभा को संबोधित करते हुए कहा की विद्यालय कि भूमी पर अवैध कब्जा करने का प्रयास सरासर ग़लत है. जिसे किसी भी हाल नहीं बर्दास्त किया जाएगा. जमीन दलाल कि नजर अगर विद्यालय कि जमीन पर है वह सुधर जाए यह विद्यालय कि जमीन है और विद्यालय का ही जमीन रहेगा. हमारी लड़ाई शुरू से जल जंगल जमीन कि है और हमलोग हमेशा जल, जंगल व जमीन लड़ते रहेगें उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय के जमीन दानकर्ता ठाकुर महेन्द्र नाथ शाहदेव का भी आभार प्रकट किया. और सभा के माध्यम से बताया कि किस तरह तोरपा विधानसभा के बानो प्रखंड अंतर्गत जयपाल सिंह मुंडा खेल मैदान को अवैध कब्जा से मुक्त कराया गया है. वही जनता के समस्या पर 24 घंटा खड़ा रहने कि बात कही जनता बेझिझक अपनी समस्या विधायक के पास रख सकते हैं. स्कूल के प्रधानाध्यापक संजय एरियल कंडुलना ने कहा कि 1949 से खेल मैदान पर स्कूल का कब्जा है. स्कूल के सभी तरह के खेल का आयोजन उसी मैदान में किया जाता है. उन्होंने कहा कि 1990 के बन्डा पर्चा में भी इसका जिक्र है. उन्होंने कहा कि 1949 से 1975 तक विद्यालय का संचालन आदिम जाति सेवा मंडल द्वारा किया जाता था. 1975 से इसका सरकारीकरण हुआ. पिछले 74 वर्षों से मैदान पर स्कूल का कब्जा है. इस जमीन को किसी भी हाल में बेचने नहीं दिया जाएगा. सामाजिक कार्यकर्ता लाल विजय नाथ शाहदेव ने कहा कि हमारे राज परिवार के कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए शिक्षा के मंदिर की जमीन को बचे रहे हैं, जिसका सभी को मिलकर कड़ा विरोध किया जाएगा. हमारे दादा जी ठाकुर महेन्द्र नाथ शाहदेव जरियागढ़ के साथ साथ डहकेला विद्यालय के नाम से भी 70 साल पहले ही जमीन दान कर चुके हैं जिसे हमारे राजपरिवार के कुछ लोग ग़लत तरीके जमीन को बेच रहे हैं जिस पर एफ आई आर होना चहिए. साथ ही आदीवासी मूलवासी को संगठित होकर अपने जमीन को बचाने के लिए अपने हक अधिकार कि लड़ाई संगठित होकर लड़ने कि अपील किया. कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक एरियर संजय कंडुलना व धन्यवाद ज्ञापन मुखिया ग्लोरिया लुगुन ने किया. बैठक में शिक्षक श्याम कुमार साहू, झामुमो सोशल मिडिया प्रभारी राहूल केशरी, मुखिया पूनम बाखला, देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, भोला गोप, सुनील साहू, मार्शल? होरो शोसन होरो, लच्छुवा लोहरा, सुनील धान, संजय मुंडा, मंगल पहान, ग्राम प्रधान चुडरू पहान, बिरसा पहान संजय गोप, छकिन्द्र महतो के अलावे

## जमशेदपुर में हुई जिला दूरसंचार समिति की बैठक

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिला दूरसंचार समिति की बैठक आयोजित की गई। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान की अध्यक्षता में आहूत बैठक में जिले के सुदूर दुर्गम क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क की समस्या एवं मोबाइल टॉवर लगाने को लेकर चर्चा की गई। समिति के समक्ष विचार हेतु कुल 49 एनओसी के मामले प्रस्तुत किए गये जिसमें कुल 11 अनापत्ति स्वीकृत किया गया तथा 6 आवेदन अस्वीकृत किये गए। साथ ही 32 मामले को त्रुटि निराकरण हेतु सेवा प्रदायी कम्पनी को वापस करने का निर्णय लिया गया। बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नामित ग्रामों यथा (क) फुलझोर (ख) मकुलीजंगल एवं (ग) भूमरू अंचल घाटशिला में शीघ्र मोबाईल टॉवर लगाने हेतु भारती एयरटेल लि. के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया।

## जमशेदपुर महिला समिति ने किया कंबल सह खाद्य सामग्री वितरित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जमशेदपुर महिला समिति ने बुधवार को अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बोड़ाम प्रखंड की बोंटा पंचायत अंतर्गत काशीडांड़ गांव में जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल, लूंगी, गमछा और खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस दौरान जमशेदपुर महिला समिति की सदस्य शहर की प्रतिष्ठित समाजसेवी ज्योत्सना डे, दीप्ति सरकार, प्रीतिलेखा, कोली, काजोल, रत्न, दीपा, सीमा और माला ने गांव की महिलाओं और बच्चों के बीच कंबल, लूंगी, गमछा खाद्य सामग्री में मसूर दाल, नमक, चायपत्ती, बिस्किट, तेल, साबुन और सर्फ आदि का वितरण किया। मौके पर समाजसेवी ज्योत्सना डे ने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए समिति की ओर से आज कंबल सह खाद्य सामग्री वितरण कार्यक्रम किया गया। ग्रामीण महिलाओं और बच्चों के बीच कुछ समय बिताकर अच्छा लगा। वहीं उपहार पाकर उपस्थित महिलाओं ने समिति के प्रति आभार प्रकट किया।

## भागवत कथा का श्रवण करने से जीवन में सुख शांति का होता है समावेश : व्यास जी



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बारीडीह विजया गार्डन में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के पांचवे दिन कथा व्यास जी ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से जीवन मे सुख शांति का समावेश होता है। धर्म के प्रति आस्था बढ़ती है। भजन में ही जीवन का सार होता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से जीवन में भगवान की भक्ति जाग्रत हो जाती है। संसार में चारो और मोह माया व्याप्त है जिसमें मानव फंस कर अपने अमूल्य जीवन को नष्ट कर रहा है। कथा के दौरान आज गोवर्धन पूजन का आयोजन किया गया। कथा सुनने क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## बीरबांस में युवक का सिर कटा शव बरामद



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीरबांस रेलवे स्टेशन के ट्रैक के समीप से एक युवक का सिर कटा शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव होने की सूचना पर पहुंची सरायकेला पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की पहचान डोंडा गांव निवासी प्रवीण महतो (27) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि मृतक आधुनिक कंपनी में काम करता था। बीते मंगलवार को बी शिफ्ट ड्यूटी के लिए दोपहर करीब एक बजे वह घर से निकला था। उसके बाद बुधवार की सुबह बीरबांस रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन से कटा उसका शव पाया गया। मृतक का बाइक रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ा पाया गया है। मृतक प्रवीण के परिजनों ने बताया कि प्रवीण काफी खुशमिजाज लड़का था। उसका कभी किसी के साथ कोई झगड़ा नहीं हुआ था। परिवार में भी किसी प्रकार की कोई असंतोष जैसी बात नहीं थी। इसके बाद भी मृतक का ट्रेन से कटकर मरना संदिग्ध हालात को पैदा करता है। फिलहाल पुलिस यूडी केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## ठनठनी घाटी के नीचे ट्रक से टकराई बाइक, मौत



**पटमदा :** टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर ठनठनी घाटी के समीप पोड़ाडीह में मंगलवार की शाम करीब साढ़े 6 बजे हुई सड़क दुर्घटना में पटमदा थाना क्षेत्र के माचा गांव निवासी सत्यनारायण दत्त की मौत हो गई। सत्यनारायण दत्त (55 वर्ष) अन्य दिनों की भांति मंगलवार को भी ड्यूटी से अपनी बाइक पर अकेले ही घर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक दिखा खड़ा ट्रक (ब्रेक डाउन) में टकरा जाने से बुरी तरह से घायल हो गए। पीछे से आ रहे अन्य राहगीरों ने तत्काल उन्हें माचा स्थित सीएचसी अस्पताल पहुंचाया जहां उन्हें होश था। यहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु टीएमएच रेफर कर दिया गया जहां रात्रि करीब पौने 9 बजे इलाज के क्रम में टीएमएच में उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार हेलमेट पहनने के बावजूद सिर पर गंभीर चोटें आई थीं जिसके कारण काफी रक्तस्राव हुआ था और काफी प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घर में उनकी पत्नी प्रतिमा दत्त व दो बेटे सैकत व सौभिक हैं। बताते हैं कि वह वर्तमान में बिजली विभाग में किसी कंपनी के अंडर में सुपरवाइजर का काम करते थे और उनका कार्यक्षेत्र कोल्हान के तीनों जिले था। वह पूरे इलाके में घूम घूम कर मेंटेनेंस का काम देखते थे। वह पूर्व में पत्रकार भी रह चुके हैं। इसके अलावा कई स्वयं सेवी संस्थाओं में काम कर चुके हैं। उनके असामयिक निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है। पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजनों ने देर रात तक गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया है।

## बिना लाइसेंस खाद्य प्रतिष्ठान का संचालन करने वालों पर होगी कार्रवाई




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहरी क्षेत्र स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच को लेकर नियमित अंतराल में जांच अभियान चलाया जाता रहा है। इसी क्रम में अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जोगेश्वर प्रसाद एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मंजर हुसैन ने मेसर्स हावड़ा बेकरी, धतकीडीह में बेकरी यूनिट का निरीक्षण एवं खाद्य नमूना बेसन काजू, बादाम नानखटिया और टोस्ट का संग्रहण किया जिसे जांच हेतु राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम भेजा जाएगा। खाद्य पदार्थों में यदि मिलावट की पुष्टि होती है तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत विधि सम्मत करवाई की जाएगी। मौके पर बेकरी संचालक को एफएसएसएआई के मानक के अनुरूप साफ-सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि बिना एफएसएसएआई लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन के खाद्य प्रतिष्ठान का संचालन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मिष्ठान बिक्री करने वाले दुकानदारों को अपने डिस्प्ले में मिठाई के विनिर्माण तिथि तथा अंतिम उपयोग की तिथि अंकित करना आवश्यक है, खुदरा एवं थोक खाद्य सामग्री बिक्री करने वाले दुकानदारों को एक्सपायर्ड या सड़े-गले खाद्य पदार्थों की बिक्री न करने की सलाह दी है।

# 14 स्कूलों के 420 बच्चों ने निजी कंपनियों व संस्थाओं का किया शैक्षणिक भ्रमण

**- 11वीं कक्षा के बच्चे कला-संस्कृति, खेल-कूद की विरासत, विश्वस्तरीय कंपनियों की कार्यशैली, तकनीक व व्यवहारिक ज्ञान के सम्मिश्रण से हुये अभिभूत**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की पहल पर जिला में सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 11वीं कक्षा के बच्चों को शहर में अवस्थित कंपनियों, खेल कॉम्प्लेक्स, कला-संस्कृति केन्द्र, तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान आदि का बुधवार को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। 14 स्कूलों के 420 बच्चों के अलग-अलग समूह ने जिले में अवस्थित कला-संस्कृति केन्द्र, खेल-कूद की समृद्ध परंपरा को जाना जहां से कई विश्वस्तरीय खिलाड़ी अपने जिला और राज्य का नाम रौशन किए है, विश्वस्तरीय कंपनियों की कार्यशैली, तकनीकी प्रशिक्षण संस्थाओं का भ्रमण किया। इस दौरान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जेएनटीटीआई, एनटीटीएफ, झारखंड राइफल क्लब का शूटिंग रेंज, टाटा स्टील यूएसआईएल, ट्राइबल कल्चर सेंटर, सीएसआईआर- एनएमएल और टाटा मोटर्स के शैक्षणिक भ्रमण सह एक्सपोजर विजिट में भाग लिया। इसमें सभी 14 स्कूलों के 30-30 बच्चे शामिल हुए। उपायुक्त के निर्देशानुसार सभी स्कूलों में आंतरिक प्रतियोगिता के आधार पर बच्चों का चयन किया गया था। एक्सपोजर विजिट को लेकर सभी बच्चों ने उपायुक्त के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पहली बार इस तरह का अवसर प्राप्त हुआ जहां इतनी बड़ी-बड़ी कंपनियों या संस्थाओं में किस प्रकार कार्य होता है उसे नजदीक से जानने, देखने और समझने को मिला। उपायुक्त ने सरकारी स्कूलों के बच्चों के इस शैक्षणिक भ्रमण सह एक्सपोजर विजिट को लेकर खुशी जताते हुए कहा कि इससे बच्चों में सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व राष्ट्रबोध की भावना का विकास होगा। इस पहल का उद्देश्य सरकारी स्कूल के छात्रों को व्यापक अनुभव प्रदान करना है ताकि भविष्य में उन्हें अपने करियर का चुनाव करने के लिए कई विकल्प मिल सकें। यह कार्यक्रम बच्चों में व्यावहारिक शिक्षा और अवलोकन संबंधी ज्ञान को बढ़ावा देना है जहां वे खुले मन से चीजों को ग्रहण कर सकें, सीख सकें।

## पोटका में निःशुल्क चिकित्सा शिविर और कंबल का वितरण

**● शिविर में 210 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच, 175 लोगों को मिला कंबल**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पोटका :** विधायक संजीव सरदार की पहल पर टाटा स्टील यूटिलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विस लिमिटेड (टीएसयूआईएसएल) और वीर शहीद गंगा नारायण सिंह मेमोरियल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को पश्चिम मंगल उबि कैरासाई में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर और कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन विधायक संजीव सरदार ने किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मनुष्य का सबसे बड़ा धन है। स्वस्थ शरीर से व्यक्ति अपने जीवन में बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। इस शिविर के माध्यम से स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरण का उद्देश्य रखा गया है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और सरकारी चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाएं। विधायक ने टीएसयूआईएसएल और सामाजिक ट्रस्ट की पहल को सराहते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता और सहयोग की भावना बढ़ती है।इस अवसर पर टीएसयूआईएसएल के डीजीएम कर्नल अर्नेस्ट पॉल, डिप्टी चीफ मैनेजर (पीएचएस) चंदन गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, मुखिया अशीत सरदार, सुचित्रा सरदार, और पश्चिम मंगल उबि के प्रधानाध्यापक जितेंद्र सिंहदेव उपस्थित थे। शिविर में 210 लोगों की स्वास्थ्य जांच डॉ. आशीष पारिख, डॉ. केजे पारिख, डॉ. शेखर सुमन और डॉ. राकेश भामु की देखरेख में की गई। साथ ही टांगराइन और कोवाली पंचायत के 175 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। इस आयोजन को सफल बनाने में बलराम सरदार, अरुण सरदार, शिवजन सरदार, विकास खाड़वाल, और अन्य स्थानीय लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## विधायक समीर कुमार मोहंती ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को लगाई फटकार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुड़ाबांदा :** गुड़ाबांदा प्रखंड कार्यालय में बुधवार को विधायक समीर कुमार मोहंती की उपस्थिति में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। विधायक ने विभिन्न विभागों में चल रही योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि कर्मचारी समय पर ग्रामीणों के काम निष्पादित करें। किसी भी प्रकार के कार्य में बिचौलियों का प्रवेश करने ना दें। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना आबुआ आवास की सूची की जानकारी सभी को दें। योजनाओं के चयन में सभा को प्राथमिकता दें। कल्याण विभाग के अधिकारी को कमियों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सक को सप्ताह में दो दिन ऑफिस में बैठने को कहा। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को क्षेत्र में सभी खराब जलमीनार मरम्मती का निर्देश दिया। मनरेगा की योजना को सुचारू रूप से कार्य करने और मजदूरी को समय पर भुगतान करने, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत एक डॉक्टर प्रतिदिन उपस्थित रहे ये सुनिश्चित करें। बिजली विभाग खराब ट्रांसफार्म जल्द ठीक करें। शिक्षा पदाधिकारी के अनुपस्थित रहने पर विधायक ने नाराजगी जाहिर की। बैंक कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि सबसे ज्यादा शिकायत बैंक से आती है जल्द लोगों का केवाईसी अपडेट करें, साथ ही बैंक में पासबुक अपडेट मशीन लगाने ओर नये भवन चयन करने का निर्देश दिया। इस मौके पर विधायक ने स्कूली छात्राओं के बीच 206 साइकिल वितरण किया। मौके पर सीओ मनोहर लिंडा, बीडीओ डांगुर कोड़ा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुराई टुडू, असित मिश्रा, साकिला हेंब्रम, बेलवती मुर्मू, भोगन मुर्मू, श्याम पोदो टुडू, तोड़ो किस्कू, दशरथ मांडी, कानाई लाल माहली, साहेब राम सोरेन, हाड़ीराम सोरेन, पद्म लोचन बेरा, लालमोहन मांडी, देवाशीष कालिंदी, स्वपन पाल, एकादशी घोष, शिवशंकर पातर, गणेश महतो, लालटु महतो, पंचायत प्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित थे।

## हाथी प्रभावितों को विधायक ने किया मुआवजा राशि का चेक वितरण



**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का प्रकोप लगातार जारी है। आए दिन हाथी कहीं ना कहीं जानमाल को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों का नुकसान भी हो रहा है। वहीं कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद वन विभाग की ओर से प्रभावितों को लगातार मुआवजा राशि का भी वितरण किया जा रहा है। बुधवार को चांडिल रेंज कार्यालय में हाथी प्रभावित दो परिवार के बीच वन विभाग ने कुल दो लाख साठ हजार की मुआवजा राशि का वितरण किया गया। मुआवजा राशि के चेक का वितरण ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने किया। इस दौरान विधायक ने बताया कि लगातार हाथी की समस्याओं को सदन में उठाया था सरकार अब मुआवजा की राशि को बढ़ा दिया है। पहले हाथी द्वारा घर को आंशिक क्षति पर 20 हजार मिलता था लेकिन अब एक लाख तीस हजार मिला रहा है। जिसको लेकर झारखंड सरकार को धन्यवाद भी दिया। विधायक ने कहा कि हाथी क्षेत्र में आने से सतर्क रहें जंगल की ओर ना जाएं और इसकी सूचना वन विभाग को दें। मौके पर केंद्रिय सदस्य काबलु महतो, झामुमो नेता विश्वरंजन उर्फ कार्तिक महतो, आरएफओ चांडिल शशि प्रकाश रंजन, फॉरेस्टर राधा रमण आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने किया वन विभाग के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला जिला के चांडिल प्रखण्ड स्थित तामुलिया काड़ाधोरा गांव में ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। इसका मुख्य कारण बीते कुछ दिनों पूर्व 8 से 10 आदिवासी महिला एवं पुरुष के नाम पर वन विभाग के चांडिल रेंज द्वारा जंगल में लकड़ी काट कर लाने को लेकर केस किया गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। सामाजिक कार्यकर्ता बाबूराम सोरेन ने बताया कि घर में खाना पकाने के लिए जंगल से चुन-चुन कर सूखी लकड़ी इकट्ठा करके एक-दो बोझा गांव के लोग लाते हैं। लेकिन वन विभाग के अधिकारी द्वारा आदिवासी महिलाओं को धमकाया जा रहा है तथा महिला पुरुष के नाम से केस दर्ज कराया जा रहा है। आदिवासी महिला पुरुष समेत पूरे गांव के लोगों को प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। बाबुराम ने कहा अगर तामुलिया काड़ाधोरा गांव के महिला पुरुष का केस वन विभाग वापस नहीं लेता है तो वन अधिकारी रेंज आफिसर के नाम से आदिवासी उत्पीड़न केस दर्ज किया जाएगा एवं उग्र आन्दोलन किया जाएगा। मौके पर मांझी बाबा होपोन हेंब्रम, शंकर मुर्मू, सोनाराम हेम्ब्रम, छुटु हेंब्रम, भटमा मारडी, इन्द्र टुडू, बबलु टुडू, बबलू सोरेन, सुदन टुडू समेत सैकड़ों ग्रामीण एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डुमरा पंचायत के जनप्रतिनिधियों का वनभोज सह मिलन समारोह आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** गम्हरिया प्रखंड के डुमरा पंचायत प्रतिनिधियों का वार्षिक वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन कांड्रा स्थित वन विश्रामागार में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता डुमरा पंचायत की मुखिया पियो हांसदा ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी औ पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक चम्पाई सोरेन के पुत्र सीमल सोरेन उपस्थित थे। इस मौके पर पंचायत के विकास, लोगों में अंधविश्वास को दूर करने और सामाजिक समरसता बनाए रखने पर चर्चा की गई। इस दौरान सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित कांड्रा के नवपदस्थापित थाना प्रभारी विनोद मुर्मू का मुखिया पियो हांसदा ने उन्हें पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया।इस मौके पर मांझी बाबा, ग्राम प्रधान समेत भाजपा नेता राम हाँसदा, रामदास टुडू, जिप सदस्य पिंकी मंडल, कांड्रा पंचायत की मुखिया शंकरी सिंह, मांझी बाबा सुरेश हांसदा, दारा सिंह सोरेन, संतोष मांझी, ग्राम प्रधान लखन सोरेन, दिलीप मंडल, भादो मांझी, समाजसेवी बप्पा पात्रो, किरण करुआ के अलावा काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

## पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस की बैठक में अभियान को सफल बनाने को लेकर चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में बुधवार को आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा बेलगाम में आयोजित अधिवेशन में प्रस्ताव पारित कर संपूर्ण राष्ट्र एवं सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में जय बापू, जय भीम एवं जय संविधान अभियान को जिला के सभी प्रखंड स्तर पर व्यापक रूप से रैली एवं पदयात्रा आयोजन के माध्यम से सभी प्रखंड अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि महात्मा गांधी जी, डॉ. भीमराव अंबेडकर जी एवं संविधान के मुख्य उद्देश्य को आम जनता तक पहुंचाना है। प्रखंड स्तर पर अभियान में वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण, पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण एवं आम जनता को शामिल कराने का निर्देश दिया। तैयारी समिति के बैठक को संबोधित करते हुए 18 प्रखण्ड से आये हुए अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, प्रखंड संगठन प्रभारी, मण्डल संगठन पर्यवेक्षक एवं अग्रणी संगठन विभाग के चेयरमैन/अध्यक्षों ने एक स्वर में रैली एवं पदयात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक का संचालन संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ने किया।

## समाजसेवी स्व. जय भगवान अग्रवाल की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** समाजसेवी स्वर्गीय जय भगवान अग्रवाल की स्मृति में जमशेदपुर ब्लड सेंटर में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उनकी पुत्री रश्मि बंसल ने रक्तदान कर की और कहा कि जो पिता हमारे दिल में बसे हुए है, उन्हें दुनिया की नजरों में भी पहचान मिलनी चाहिए। स्वर्गीय जय भगवान अग्रवाल के पुत्र और गोसेवक राजेश अग्रवाल ने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि वे समाजसेवा में अद्वितीय और हंसमुख व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने बताया कि उनके पिता की इच्छा थी कि परिवार में कोई डॉक्टर बने। भगवान की कृपा से उनकी पोती डॉ. सलोनी अग्रवाल आज डॉक्टर बन चुकी है। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में समाज के लोग, डॉक्टर और परिवारजन शामिल हुए। राजेश अग्रवाल ने सभी रक्तदाताओं और उपस्थित लोगों को धन्यवाद देते हुए हर तीन महीने में रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने सभी को गोमाता का प्रतीक भेंट कर घर में पूजा अर्चना करने का आग्रह किया। इस अवसर पर डॉ. एनडी गुप्ता, सीए रामाकांत गुप्ता, बलवंत सिंह, जीएम दिलावर साहू, अशोक अग्रवाल, रंजीत सरकार, डॉ. शशि मित्तल, डॉ. संदीप मित्तल, विकास सिंह, हरिश राव और डॉ. विजय मोहन सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। मालूम हो कि 8 जनवरी 1988 को हार्ट अटैक से समाजसेवी स्वर्गीय जय भगवान अग्रवाल का निधन हो गया था।

## कार्यकर्ताओं की पार्टी है झारखंड मुक्ति मोर्चा : सविता महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के सिरुम पुनर्वास स्थल पर बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष इन्द्रजीत महतो ने की। बैठक में मुख्य रूप से विधायक सविता महतो, जिला अध्यक्ष डॉ. शुभेंदु शेखर महतो उपस्थित हुए। वहीं कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, नये युवा साथियों को संगठन में जोड़ने एवं संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल बनाने को लेकर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक सविता महतो ने कहा कि हमारा परिवार हमेशा ईचागढ़ की जनता के साथ खड़ा रहा और अपने पति को विधायक से लेकर उप मुख्यमंत्री तक बनाने में यहां के जनमानस ने अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि मुझे भी दो बार विधायक चुने। उन्होंने कहा कि संगठन को हर परिस्थिति में साथ लेकर चला जाएगा। पूर्व में किए गए कुछ वादे जो अधूरा है, उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओं और आंदोलन की पार्टी है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार मंईयां सम्मान योजना में 25 सौ रुपए का वादा को पूरा किया और आने वाले दिनों में सभी वादे पूरे किए जाएंगे।मौके पर झामुमो नेता विश्वरंजन महतो, केन्द्रीय सदस्य सुधीर किस्कू, काबलु महतो, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शाहजहां मोमिन, नव किशोर हांसदा, कृतिवास महतो व सुदामा हेम्ब्रम आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अग्रवाल सम्मेलन ने ग्रामीणों के बीच बांटे गर्म कपड़े



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के द्वारा घाटशिला से 20 किमी दूर सुदूर गांव में जरूरतमंद 150 से अधिक ग्रामीणों के बीच गर्म कपड़े कम्बल और स्वेटर का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष सुशील अग्रवाल एवं महामंत्री राजेश रिंगसिया के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसमें गांव के मुखिया सहित कई ग्रामवासियों का भरपूर सहयोग मिला। इसे सफल बनाने में आनंद अग्रवाल, लीलू अग्रवाल, सुभाष शाह, उमेश शाह, विवेक चौधरी, विकास सिंघानिया, मोहित अग्रवाल, आशीष खन्ना, अक्षय अग्रवाल, सिद्धार्थ खंडेलवाल, अंकित अग्रवाल, अजीत शाह, तुषार जिंदल, गौरव जवानपुरिया, मोहित शाह, शिवम् चेतानी, अमन नेरोडी आदि का योगदान रहा।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# यह उथल-पुथल का साल!

**प्रधानमंत्री** मोदी ने नए साल पर अमन-चैन, भाईचारे और आस्था की शुरुआत की है। उन्होंने अजमेर शरीफ के ख्वाजा के दर पर आस्था की चादर भिजवाई है। यह प्रधानमंत्री की 11वीं चादर है, जिसे लेकर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और कुछ सचिव स्तर के बड़े अधिकारी लेकर अजमेर गए हैं। अजमेर से पहले रिजिजू ने दिल्ली में निज़ामुद्दीन औलिया की पाक दरगाह पर चादर चढ़ाई। प्रधानमंत्री मोदी ने यह कोशिश तब की है, जब कुछ हिंदूवादी संगठनों ने अजमेर की पाक दरगाह के नीचे शिव मंदिर होने का दावा किया है। उस शिवालय को ध्वस्त करके मुगलों ने अजमेर की मस्जिद और दरगाह बनाई थी। हालांकि अजमेर शरीफ में मुसलमानों से ज्यादा हिंदू इबादत करने, चादर चढ़ाने जाते रहे हैं। इस रवायत को नजरअंदाज कर केस अदालत में भी दर्ज कर दिया गया है। प्रधानमंत्री की आस्था की चादर से हिंदू-मुस्लिम पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। कुछ हिंदूवादी चेहरे प्रधानमंत्री से नाराज भी बताए जा रहे हैं और वे अजमेर-संभल समेत कुछ इलाकों की मस्जिदों के नीचे मंदिर ढूंढने पर आमादा हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत के आदेश का उल्लंघन करते हुए खुदाई के काम जारी हैं। क्या सर्वोच्च अदालत संज्ञान लेकर अवमानना की कार्रवाई करेगी? क्या भाजपा वाले सरसंघचालक मोहन भागवत की अपील का भी विरोध कर सकते हैं? क्या उनमें ऐसा दुस्साहस है? सरसंघचालक चाहते हैं कि अब अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद हरेक मस्जिद के नीचे शिवालय, महादेव का मंदिर ढूंढना बंद किया जाए। इन गतिविधियों से कोई भी व्यक्ति 'हिंदुओं का नेता' बनने का भ्रम न पाले। बहरहाल यदि शीर्ष अदालत के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है, तो संभव है कि नए साल में, देश में, संविधान का संकट भी उभर सकता है! कुछ तत्त्व न तो प्रधानमंत्री की सुन रहे हैं, न संसद की बात मानना चाहते हैं और न ही सर्वोच्च अदालत का फैसला उन्हें स्वीकार्य है, नतीजतन क्या होगा? यदि देश में संविधान का संकट सामने आता है, तो हमारे लोकतंत्र की तमाम व्यवस्थाएं सवालिया हो सकती हैं! यानी गणतंत्र ही दांव पर लगाया जा सकता है! इसी साल वक्फ बोर्ड और 'एक देश, एक चुनाव' सरीखे विवादित बिल भी संसद में पारित किए जाने हैं। इन बिलों पर देश की राजनीति बिलकुल विभाजित है और सांप्रदायिक तनाव और हिंसा के हालात भी स्पष्ट हैं। सवाल है कि क्या 2025 सांप्रदायिक, वैचारिक आधार पर उथल-पुथल का साल साबित होगा? इसी साल दिल्ली, बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं, लिहाजा दिल्ली के उपराज्यपाल के दफ्तर ने धार्मिक स्थलों को तोडऩे के संदर्भ में जो रहस्योद्घाटन किया है, उससे भी राजनीति बेहद गरमाएगी। उपराज्यपाल सचिवालय ने खुलासा किया है कि 8 फरवरी, 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री केजरीवाल ने 9 मंदिरों को गिराने की सिफारिश की थी। ऐसी ही सिफारिशें दिल्ली के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और गृहमंत्री सत्येन्द्र जैन ने भी की थीं। 2016-23 के दौरान तत्कालीन 'आप' सरकार ने 24 मंदिरों और धार्मिक स्थलों को तोडऩे की सिफारिशें की थीं। इन धार्मिक स्थलों में एक भी मस्जिद का संदर्भ नहीं है। हालांकि उपराज्यपाल ने वे तमाम सिफारिशें खारिज कर दी थीं। ये सांप्रदायिक विभाजन, तनाव और टकराव के उदाहरण हैं, जो देश के हालात में उथल-पुथल ला सकते हैं। इन्हीं स्थितियों में प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को करीब 4500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन किए। दिल्ली में वीर सावरकर के नाम पर कालेज बनाया गया है। केजरीवाल ने सरसंघचालक भागवत को हाल ही में जो चिट्ठी लिखी थी, उसमें भी वोट काटने और खरीदने के मुद्दों का जिक्र था। इसके अलावा, पंजाब और बिहार में बंद, अनशन, चक्का जाम, रेल रोको आदि के जो आंदोलन चलाए जा रहे हैं, वे भी देश की शांति, स्थिरता को डांवाडोल कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह कोशिश तब की है, जब कुछ हिंदूवादी संगठनों ने अजमेर की पाक दरगाह के नीचे शिव मंदिर होने का दावा किया है। उस शिवालय को ध्वस्त करके मुगलों ने अजमेर की मस्जिद और दरगाह बनाई थी। हालांकि अजमेर शरीफ में मुसलमानों से ज्यादा हिंदू इबादत करने, चादर चढ़ाने जाते रहे हैं। इस रवायत को नजरअंदाज कर केस अदालत में भी दर्ज कर दिया गया है। प्रधानमंत्री की आस्था की चादर से हिंदू-मुस्लिम पक्ष आमने-सामने आ गए हैं। कुछ हिंदूवादी चेहरे प्रधानमंत्री से नाराज भी बताए जा रहे हैं और वे अजमेर-संभल समेत कुछ इलाकों की मस्जिदों के नीचे मंदिर ढूंढने पर आमादा हैं, लिहाजा सर्वोच्च अदालत के आदेश का उल्लंघन करते हुए खुदाई के काम जारी हैं। क्या सर्वोच्च अदालत संज्ञान लेकर अवमानना की कार्रवाई करेगी? क्या भाजपा वाले सरसंघचालक मोहन भागवत की अपील का भी विरोध कर सकते हैं? क्या उनमें ऐसा दुस्साहस है? सरसंघचालक चाहते हैं कि अब अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद हरेक मस्जिद के नीचे शिवालय, महादेव का मंदिर ढूंढना बंद किया जाए।

### लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया

# अपनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुले आम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की हैं। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी अपनी सहमति जताई है। इससे इंडिया गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है।

**कांग्रेस** पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुले आम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की हैं। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी अपनी सहमति जताई है। इससे इंडिया गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है। जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया है। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल ही उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने तो कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आम आदमी पार्टी कांग्रेस से खासी नाराज नजर आ रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह से चुनाव लड़ रही है उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है। हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी जीत तय मानकर आम आदमी पार्टी से गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। जिसके चलते आम आदमी पार्टी ने कई सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़कर 1.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। जबकि हरियाणा में कांग्रेस को 39.34 प्रतिशत वोट व भाजपा को 39.94 प्रतिशत वोट मिले थे। यदि हरियाणा में कांग्रेस आम आदमी पार्टी से समझौता करके चुनाव लड़ती तो निश्चय ही सरकार बन सकती थी। मगर कांग्रेस



ने अवसर गवां दिया और वहां भाजपा ने आसानी से तीसरी बार पहले से भी अधिक बहुमत से सरकार बना ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में तो समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी थी। जबकि लोकसभा चुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मिलकर ही लड़ा था। महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महा विकास अघाड़ी की करारी हार होने के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस ने हरियाणा में आप और समाजवादी पार्टी को सीट ना देकर गलती की थी। पार्टी के मुखपत्र सामना में भी लिखा गया कि कांग्रेस नेताओं के अति आत्मविश्वास और घमंड ने हरियाणा में हार के लिए भूमिका निभाई। पार्टी नेता संजय राउत ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को लगने लगा था कि वह अकेले ही जीत सकती है। इसलिए किसी को भी सत्ता में भागीदार बनाना उचित नहीं समझा था। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस कुल 329 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जिसमें से 145 सीटों पर बिना किसी गठबंधन की अकेले चुनाव लड़ी थी। जिसमें कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव जीती थी। कांग्रेस का बिना किसी दल से गठबंधन में जीत का रेशियो 25.52 प्रतिशत रहा था। जबकि कांग्रेस 184 सीटों पर साथी दलों से गठबंधन करके चुनाव लड़ी थी। इसमें कांग्रेस ने 62 सीट जीती थी और जीत का रेशियो 33.75 प्रतिशत रहा था। इस तरह से देखे तो कांग्रेस पार्टी को अकेले चुनाव लड़ने की बजाय गठबंधन साथियों की बदौलत बड़ी जीत हासिल हुई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 13 करोड़ 67 लाख 59 हजार 64 यानी 21.29 प्रतिशत वोट मिले थे। गठबंधन करने के कारण 2019 की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 1.91 प्रतिशत अधिक वोट मिले थे। कांग्रेस पार्टी ने पंजाब, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में अपने बूते चुनाव लड़ा था। जबकि बिहार, गुजरात हरियाणा झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश में गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। अंडमान निकोबार दीप समूह, आंध्र प्रदेश, दादरा नगर हवेली व दमन दीव, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड ऐसे प्रदेश है जहां लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका था। हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में लगा जहां उनकी सीटे 44 से घटकर 16 रह गई। महाराष्ट्र में कांग्रेस शिवसेना (यूबीटी) व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के साथ महाविकास अघाड़ी बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी। वहां कांग्रेस सबसे अधिक 101 सीटों पर चुनाव लड़ी जिसमें महज 16 सीट ही जीत पाई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 80 लाख 20 हजार 921 वोट मिले जो कुल मतदान का 12. 42 प्रतिशत थे। महाराष्ट्र में कांग्रेस की जीत का स्ट्राइक रेट 15.38 प्रतिशत ही रहा। संसद का शीतकालीन सत्र का समापन हो चुका है। जिसमें अधिकांश समय कांग्रेस ने अदानी मुद्दे को लेकर संसद नहीं चलने दी। इससे संसद का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। इसको लेकर भी कांग्रेस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस, सपा ने कांग्रेस को घेरते हुये आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बहस नहीं होने देना चाहती है तथा सिर्फ अदानी मुद्दे को ही जिंदा रखे हुए हैं। यदि संसद चलती तो कई तरह के मुद्दों पर सरकार को घेरा जा सकता था। इंडिया अलायंस में जिस तरह की खटपट वर्तमान समय में चलने लगी है वह अलायंस के लिए शुभ नहीं मानी जा सकती है। अलायंस में शामिल दल ही विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व को नकारने लगे है इससे बुरी बात कांग्रेस पार्टी के लिए और क्या हो सकती है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से विपक्षी पार्टियों ने एकजुट होकर इंडिया गठबंधन बनाकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। वही गठबंधन अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जा रहा है। आने वाले समय में दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने हैं। वहां भाजपा चुनाव जीतने की पूरी रणनीति बनाने में जुटी हुई है। आम आदमी पार्टी चाहती है कि वह दिल्ली की सत्ता पर फिर से काबिज हो।

दृष्टि कोण

# नेताओं की बढ़ती संपत्ति से गरीबी का उपहास

**भारत** में 12.9 करोड़ लोगों को एक वक्त का खाना भी ठीक तरह से मयस्सर नहीं होता और नेताओं की सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती संपत्ति इनकी गरीबी का उपहास उड़ा रही है। इस पर भी तुर्रा यह है कि देश के नेता आम जनता के लिए काम करते हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चन्द्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे नंबर पर हैं। उनके पास 332 करोड़ रुपए से अधिक की कुल संपत्ति है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। यह खुलासा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में किया गया है। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1, 630 करोड़ रुपए है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपए है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपए थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व.आय 13,64,310 रुपए है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपए की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपए की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्रियों की इस संपत्ति का खुलासा चुनाव आयोग में दिए गए संपत्ति के ब्योरे से हुआ है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग के पास ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि जो जानकारी दी है, वह सही या कुछ छिपाया गया है। दरअसल देश के नेता चुनाव आयोग को वही जानकारी देते हैं, जिसे वे आयकर रिर्टन में भरते हैं। देश में आयकर रिटर्न भरने वाले भी आयकर और प्रवर्तन निदेशालय के जाल में फंसते रहे हैं। सिर्फ रिटर्न फाइल कर लेने मात्र से किसी की संपत्ति या आय दूध की धुली नहीं हो जाती। यदि ऐसा ही होता तो देश के सैकड़ों नेता ईडी, सीबीआई और आयकर के लपेटे में नहीं आते। हालांकि इनके जाल में फंसने के बाद नेता यही राग अलापते रहे हैं कि विपक्ष में होने के कारण उन्हें जानबूझ कर फंसाया गया है। विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्तारूढ़ भाजपा और उसके सहयोगियों में सभी ईमानदार हैं। चन्द्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के समर्थन से बहुमत में केंद्र की भाजपा सरकार में क्या इतना साहस है कि इनके दलों के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर कोई कार्रवाई कर सके। क्या यह संभव है कि इन दोनों दलों के नेताओं के भ्रष्टाचार की जानकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों को नहीं हो। यही वजह है कि जांच एजेंसियों पर दुर्भावना से कार्रवाई करने के आरोप लगते रहे हैं। विपक्षी दलों का यह भी आरोप है कि जिन विपक्षी नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया, उनके मामले रफा-दफा कर दिए गए। 2014 से 2022 तक ईडी के निशाने पर रहे करीब 95 फीसदी यानी 115 नेता विपक्ष से थे। हालांकि ये आंकड़े 2022 तक के ही हैं। इसके बाद 2023 में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे और इस दौरान विपक्षी दलों ने अलग-अलग राज्यों पर हुई ईडी, सीबीआई की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया था। वर्ष 2004-14 में 26 नेताओं से ईडी ने पूछताछ की थी। इनमें करीब 54 फीसदी यानी 14 नेता विपक्ष से थे। यह संभव है कि मुख्यमंत्रियों और दूसरे नेताओं ने संपत्ति व्यवसायों के जरिए अर्जित की हो या फिर पुश्तैनी हो। इसके बावजूद इतनी भारी संपत्ति होना देश में गरीबी की जीवन रेखा से नीचे रहने वालों के मुंह तो चिढ़ाती है। जबकि नेता आम लोगों के प्रतिनिधित्व का दावा करते हैं। वर्ष 2023 बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट में पाया गया है कि दुनिया के सभी गरीब लोगों में से एक तिहाई से अधिक दक्षिण एशिया में रहते हैं, जो लगभग 12.9 करोड़ लोग हैं। भारत इस संख्या में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है, जो अत्यधिक गरीबी में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि के लिए जिम्मेदार है। विश्व बैंक अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा के आधार पर गरीबी को परिभाषित करता है, जिसके अनुसार प्रति व्यक्ति प्रति दिन 2.15 डॉलर की दर से अत्यधिक गरीबी तय की जाती है, जबकि 3.65 डॉलर निम्न-मध्यम आय श्रेणी में आता है।

कुछ अलग

# ज़हरीला भूजल

**हरित** क्रांति के अगुआ बनकर देश के खाद्यान्न संकट दूर करने वाले राज्य पंजाब व हरियाणा का भूजल चिंताजनक स्तर तक दूषित पाया गया है। धान व अन्य फसलों की बंपर पैदावार के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन करने वाले इन राज्यों का भूजल का स्तर उस गहराई तक जा पहुंचा है, जहां उसमें यूरेनियम जैसे घातक पदार्थों की मात्रा गंभीर स्थिति तक जा पहुंची है। पूरे देश में भूजल की गुणवत्ता की जांच के लिये लिये गए बीस फीसदी सैंपल निर्धारित कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं। इन सैंपलों में नाइट्रेट का स्तर सीमा से अधिक मिला है। पानी की गुणवत्ता को लेकर केंद्रीय भूजल बोर्ड की सालाना रिपोर्ट गंभीर चिंताओं का खुलासा करती है। जहां अरुणाचल, मिजोरम, मेघालय, जम्मू- कश्मीर आदि के सौ फीसदी सैंपल भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों पर खरे उतरे हैं, वहीं पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उ.प्र. तथा आंध्र प्रदेश में पानी बड़े पैमाने पर प्रदूषित मिला है। देश में कुल 15,259 भूजल निगरानी स्थानों का चयन पानी की क्वालिटी नापने के लिये किया गया। मगर पंजाब के पानी के नमूने में मिले घातक तत्व चिंता बढ़ाने वाले हैं। पंजाब के भूजल में तीस फीसदी सैंपलों में अधिक यूरेनियम पाया गया। फिक्र की बात यह है कि पंजाब व राजस्थान यूरेनियम प्रदूषण के मद्देनजर हॉट स्पॉट हैं। दरअसल, यूरेनियम के अधिक प्रदूषण का मुख्य कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जो भूजल स्रोत अधिक यूरेनियम वाले क्लस्टर हैं, वे अति दोहित, गंभीर व अर्धगंभीर श्रेणी वाले इलाके हैं। वास्तव में भूजल के अंधाधुंध दोहन से पानी का स्तर उस स्थान तक जा पहुंचा है, जहां पानी में यूरेनियम अधिक है। जो कि कैंसर जैसी अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। हाल के वर्षों में पंजाब के कई इलाकों में कैंसर के अधिक मामले सामने आए हैं। यहां तक कि पंजाब से राजस्थान रोगियों को इलाज के लिए ले जाने वाली ट्रेन को कैंसर ट्रेन तक कहा जाता रहा है। निश्चित रूप से केंद्रीय भूजल बोर्ड की यह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। हमने मुनाफा बढ़ाने के लिये जिस भूजल का अंधाधुंध दोहन किया है वह अब अपना नकारात्मक प्रभाव दिखाने लगा है। निश्चित रूप ने कुदरत ने हमें आवश्यकता का जल तो दिया है लेकिन उसके अनियंत्रित दोहन की अनुमति नहीं दी है। पंजाब बड़े पैमाने पर धान की खेती करता रहा है। हालांकि, पंजाब के भोजन में चावल प्राथमिक नहीं रहा है। लेकिन व्यावसायिक हितों की पूर्ति के लिये धान की खेती को प्रश्रय दिया गया। इस खेती की वजह धान की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का मिलना भी है। अब किसानों को फसलों के विविधीकरण के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग संकट के मद्देनजर यह चुनौती और गंभीर हो जाती है क्योंकि वर्षा जल के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। जिसके चलते सूखे व बाढ़ जैसी स्थितियां कभी भी पैदा हो जाती हैं। ग्लोबल वार्मिंग के संकट के मद्देनजर उन फसलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो कम पानी में उग सकें और अधिक मुनाफा दे सकें। सरकारों की ओर से मुफ्त सिंचाई की सुविधा के सवाल पर भी पुनर्विचार किया जाना चाहिए। दरअसल, हमें जो चीज मुफ्त उपलब्ध हो जाती है, हम उसके उपयोग में किफायत नहीं बरतते। हमें हर मुफ्त चीज की बड़ी कीमत कालांतर चुकानी पड़ती है। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट राजस्थान व गुजरात के भूजल में निर्धारित मानक से अधिक फ्लोराइड होना बताती है। यहां एक विचारणीय प्रश्न यह भी है कि कई स्थानों पर मानसून के बाद पानी गुणवत्ता में सुधार देखा गया। ऐसे में हमें वर्षा जल को धरती में रिचार्ज करने की दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए। दरअसल, रिपोर्ट बताती है कि बारिश के पानी के रिचार्ज होने से घातक पदार्थ का असर कम हो जाता है।

देश दुनीया से

# शिक्षा का गिरता स्तर: चिंता का विषय

**सरकारी** स्कूलों में विभिन्न प्रकार की मुफ्त सुविधाएं होते हुए भी माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ाना नहीं चाहते, इसकी वजह यह है कि प्राथमिक स्कूल ही बच्चे का आधार होता है वहीं से सब कुछ गड़बड़ हो जाता है। प्राथमिक स्कूलों में एक तो अध्यापकों की कमी रहती है एक या दो अध्यापकों के सहारे ही स्कूल चलाए जाते हैं। पढ़ाई के अतिरिक्त जो दूसरे कार्य हैं डाक बनाना, हिसाब-किताब रखना जैसे बहुत से कार्य होते हैं जो पढ़ाई में बाधक हैं। अध्यापक बच्चों को पढ़ाए या इन कार्यों का हिसाब-किताब करें। पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियां भी करवाई जाती है। पहले ही स्टाफ की कमी ऊपर से दूसरे कामों का बोझ। अभी अध्यापक स्कूल की पूरी व्यवस्था और बच्चों को समझ नहीं पाता कि कमी कहां है? थोड़ा बहुत प्रयास करता है सुधारने के लिए कि उसे बदली का डर सताने लगता है। नया अध्यापक बच्चों को समझने में समय लगा देता है, परंतु उसका पढ़ाने का अपना तरीका होता है। बच्चे उस तरीके को अच्छी तरह से नहीं अपना पाते शिक्षा का स्तर गिरता है। बहुत से माता-पिता ऐसे हैं जो बच्चे की तरफ ध्यान नहीं देते। स्कूल में अध्यापकों के बुलाने पर भी बहुत कम आते हैं। पहली से आठवीं तक देखे ग्रेडिंग सिस्टम बिलकुल सही नहीं है। अध्यापक मेहनत तो करवाते हैं परंतु बच्चे पढ़ाई की तरफ ध्यान नहीं देते। उनको पता है कि हम तो बिना पढ़े, बिना कुछ लिखे भी पास ही हैं। बच्चे आठवीं पास कर जाते हैं, परंतु सरकार की अच्छी पहल है कि अब पांचवीं और आठवीं में भी बच्चे फेल होंगे। माता-पिता उनकी तरफ ध्यान नहीं देते। उनके बच्चे को कुछ आए चाहे न आए। उनको तो बस इतना है कि बच्चा पास हो गया नौवीं कक्षा में पहुंच गया। बच्चा ठीक ही चल रहा है। माध्यमिक स्कूलों से बहुत से बच्चे ऐसे आते हैं जो लिखने पढने में काफी कमजोर होते हैं। कुछ बच्चे अच्छे भी आते हैं। नौवीं कक्षा में वे बच्चे अच्छे बच्चों के साथ नहीं चल पाते और उनकी कमियां वैसे की वैसी बनी रहती हैं। शिक्षा के स्तर का गिरना कोरोना महामारी की भी वजह है। उस दौरान पढ़ाई में जो कमी रह गई उसकी भरपाई अभी तक नहीं हो पा रही है। नौवीं-दसवीं कक्षा में बच्चे थोड़े समझदार तो हो जाते हैं। अपना अच्छा बुरा समझने लग जाते हैं, परंतु बाहर का वातावरण उनको अपनी ओर आकर्षित करने लग जाता है। बच्चे फोन का सही इस्तेमाल न करके उसका दुरुपयोग करते हैं। पढ़ाई की तरफ ध्यान नहीं देते। कमियां उनकी जैसी की तैसी बनी रहती हैं। दूसरे बच्चे यह सोचते हैं कि पढने का क्या फायदा कोई नौकरी तो मिलनी नहीं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छठी से बारहवीं तक रोजगार परक शिक्षा को लेकर आई है जो कि एक अच्छी पहल है। हमें उसे धरातल पर उतारने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। ऐसा न हो कि उसकी सिद्धांतिक जानकारी दी जाए, परंतु व्यावहारिक ज्ञान से उसे जोड़ा न जाए। हमें उससे भी उसे जोडऩा होगा। हमारे सीमावर्ती बहुत से स्कूल ऐसे हैं जहां बच्चों की संख्या बहुत ज्यादा है। वहां या तो अध्यापक टिक नहीं पाते है यदि टिक पाते हैं तो बहुत सारी मुश्किलें वहां आती हैं। जिस कक्षा में 100 विद्यार्थी होंगे अध्यापक क्या-क्या करेगा। पढ़ाई करवाएगा या दूसरे काम निपटाएगा। अगर एक भी अध्यापक वहां से चला जाता है, दूसरा वहां आसानी से नहीं आ पाता। एक ही अध्यापक की बात नहीं दो-दो, तीन-तीन पद खाली रहते हैं। सारा बोझ दूसरे अध्यापकों पर पड़ जाता है। अगर कोई अध्यापक वहां पर आता है तो विवशता के कारण जिसको कहीं जगह नहीं मिलती। दूसरे आजकल किसी बच्चे को कोई कुछ कह भी नहीं सकता। जब बच्चे को सही व्यवस्था नहीं मिलेगी तो सही पढ़ाई नहीं हो पाएगी। सही पढ़ाई नहीं होगी तो शिक्षा का स्तर तो गिरेगा ही गिरेगा। शिक्षा का स्तर गिरने की एक वजह यह भी है कि जो अच्छे-अच्छे बच्चे होते हैं निजी स्कूलों में चले जाते हैं। जिन बच्चों के माता-पिता निजी स्कूलों में नहीं पढ़ा पाते वे बच्चे सरकारी स्कूलों में प्रवेश ले लेते हैं। जो बच्चे निजी स्कूलों में नहीं चल पाते हैं उनके माता-पिता भी उनको सरकारी स्कूल में दाखिल करवा देते हैं। सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के अतिरिक्त दूसरे जितने कार्य होते हैं उतने शायद निजी स्कूलों में नहीं होते। चुनावों की चिंता उनको नहीं है। वोट बनाना, छात्रवृत्ति का कार्य, दोपहर का भोजन, जनगणना, अन्य गतिविधियां, उनकी तैयारी करवाना, फोटो खींचना, अपलोड करना, जिस कार्य के प्रभारी हैं उसकी सारी जिम्मेदारी निभाना। जबकि निजी स्कूलों में अध्यापकों का फोकस सिर्फ पढ़ाई पर ही होता है। सरकारी स्कूलों में अध्यापकों की कभी पांच दिन की ट्रेनिंग, कभी दस दिन की ट्रेनिंग शिक्षा का स्तर तो गिरेगा ही। और भी बहुत सी खामियां हैं जिनके कारण शिक्षा के स्तर व बच्चों की संख्या में कमी होती जा रही है। जिसकी वजह उचित सुविधाओं का न होना भी है। पैदल चलने का झंझट भी बच्चों की घटती संख्या का कारण है। आज के जमाने में कोई भी ऐसे अभिभावक नहीं होंगे जो अपने बच्चों को वर्दी, खाना, किताबें आदि मुहैया नहीं करवा सकते। उन्हें मुफ्त सुविधाओं की बजाय अच्छी शिक्षा चाहिए। जो उनके बच्चे को प्रतियोगिता के जमाने में कहीं ना कहीं अपने पैरों पर खड़ा होने के योग्य बनाएं। शिक्षा का स्तर ऊपर उठाने के लिए जरूरी है शिक्षा स्तर में पाई जाने वाली कमियों को दूर करना। अधिक से अधिक बजट का प्रावधान और उसका सदुपयोग करना। कमरों की, अध्यापकों की कमी को दूर करना। ऐसी व्यवस्था को समाप्त करना जो शिक्षा स्तर के गिरावट का कारण है। सरकारी स्कूलों में वे सभी सुविधाएं देना जो निजी स्कूलों में उपलब्ध है। अध्यापकों के ऊपर जो अनावश्यक बोझ डाला जा रहा है उसे कम करना। अध्यापकों का एक ही लक्ष्य होना चाहिए गुणवत्ता से युक्त शिक्षा देना।

प्राथमिक स्कूलों में एक तो अध्यापकों की कमी रहती है एक या दो अध्यापकों के सहारे ही स्कूल चलाए जाते हैं। पढ़ाई के अतिरिक्त जो दूसरे कार्य हैं डाक बनाना, हिसाब-किताब रखना जैसे बहुत से कार्य होते हैं जो पढ़ाई में बाधक हैं। अध्यापक बच्चों को पढ़ाए या इन कार्यों का हिसाब-किताब करें। पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियां भी करवाई जाती है। पहले ही स्टाफ की कमी ऊपर से दूसरे कामों का बोझ। अभी अध्यापक स्कूल की पूरी व्यवस्था और बच्चों को समझ नहीं पाता कि कमी कहां है? थोड़ा बहुत प्रयास करता है सुधारने के लिए कि उसे बदली का डर सताने लगता है। नया अध्यापक बच्चों को समझने में समय लगा देता है, परंतु उसका पढ़ाने का अपना तरीका होता है। बच्चे उस तरीके को अच्छी तरह से नहीं अपना पाते शिक्षा का स्तर गिरता है। बहुत से माता-पिता ऐसे हैं जो बच्चे की तरफ ध्यान नहीं देते। स्कूल में अध्यापकों के बुलाने पर भी बहुत कम आते हैं।

आप का नजरीया

# हर तरफ लीकेज है!

**अपने** विरोधियों की टांगें खींचने और उनके खिलाफ जहां-तहां जुगाली करने के बाद जब मैं शाम को थका मांदा घर लौटा तो दरवाजे पर मुंह फुलाए खड़ी पत्नी से सामना हो गया। विपक्षी दल के नेता की तरह वह ताना मारते हुए बोली, 'इधर-उधर ही तांक-झांक करते रहोगे या कभी घर में भी दिलचस्पी लोगे? छत पर रखी टंकी लीक कर रही है, गैस पाईप लीक कर रही है, आपके दारू की बोतल लीक कर रही है...जिधर देखती हूं, उधर लीकेज ही लीकेज है। यह लीकेजें कौन रोकेगा?' मैंने बाहर खड़े-खड़े ही यह कहकर अपने हाथ खड़े कर दिए कि लीकेज रोकना अपने बस की बात नहीं है। पत्नी तुनकते बोली, 'क्यों, बस की बात क्यों नहीं है? क्या लीकेज किसी महंगाई का नाम है जो नहीं रुक सकती? क्या यह करप्शन है, जो नहीं रुक सकती? क्या यह गाय-भैंस के दूध में सिंथेटिक दूध की मिक्सिंग है या जीवनरक्षक दवाओं में पानी की मिक्सिंग है जो नहीं रुक सकती? क्या यह परीक्षा केंद्रों में होने वाली नकल है जो नहीं रुक सकती? या फिर यह हमारे नेताओं का चारित्रिक पतन है जिसे रोक पाना नामुमकिन है?' मैंने पत्नी के तल्ख तेवर देखकर मुलायम स्वर में कहा, 'हे डार्लिंग, लीकेज हमारे लोकतंत्र का एक बुनियादी हिस्सा है। इसे रोक कर मुल्क का लोकतंत्र कमजोर नहीं किया जा सकता। तुम्हें तो सिर्फ इस घर में ही लीकेज नजर आती है, लेकिन हमें तो यह मुल्क में यत्र तत्र सर्वत्र दिखाई देती है। यहां कोई फील्ड ऐसा नहीं है जहां लीकेज न होती हो। यहां परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक हो जाते हैं। घोषित होने से पहले परीक्षा परिणाम लीक हो जाते हैं। खुलने से पहले सरकारी टेंडर लीक हो जाते हैं। लीडरों के प्रेम प्रसंग लीक हो जाते हैं। उनके कारनामे लीक हो जाते हैं। कोई भी चीज लीकेज प्रूफ नहीं रही है यहां पर। मसलन कभी यह बात लीक हो जाती है कि फलां नेता अमुक सौदे में इतनी दलाली खाने के साथ-साथ कबूतरबाजी में भी इतनी रकम बना गया और ठेकेदारों से सेटिंग करके सरकार को इतने का चूना लगा गया। अपने मुल्क में लीक करने वाले तो इतने शातिर हो गए हैं कि वे यह खबर भी लीक कर देते हैं कि बाढ़ और सूखा पीड़ितों के लिए सरकार ने मानवता के नाते जो राहत राशि जारी की थी, उसका एक बड़ा हिस्सा फलां फलां नेता और फलां फलां अफसर आपस में मिल बांट कर खा गए और उन्होंने डकार तक नहीं मारा। यही नहीं, यहां तो गोपनीय दस्तावेज तक लीक हो जाते हैं। नेता और ठेकेदार की बातचीत ऑडियो के रूप में लीक हो जाती है और घमासान मच जाता है। लीकेज के इस प्रकोप से हर कोई परेशान है। नेता परेशान हैं। अभिनेता परेशान हैं। अफसर परेशान हैं। कर्मचारी परेशान हैं। लीकेज किसी से रुक नहीं रही। नेताओं से नहीं रुक रही। अधिकारियों से नहीं रुक रही और यहां तक कि मुल्क की सरकार से भी नहीं रुक रही। अगर सरकार लीकेज रोकने बैठ जाती है तो बाकी के सारे काम धाम ठप हो जाते हैं और जब बाकी काम ठप हो जाते हैं तो विपक्ष को खामखा सरकार के कपड़े उतारने का मौका मिल जाता है। लीकेज की इतनी नई नई तरकीबें इजाद हो गई हैं कि बस पूछो मत! कोई स्टिंग ऑपरेशन के जरिए नेताओं के कारनामे लीक कर रहा है तो कोई सोशल मीडिया पर उनकी वीडियो आगे से आगे फॉरवर्ड कर रहा है। समोसे से लेकर जंगली मुर्गे तक के किस्से लीक हो जाते हैं।

**संक्षिप्त खबरें**

## ग्रामीणों ने सहायिका चुनाव में अनियमितता को लेकर किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखण्ड क्षेत्र के बड़हीबीघा खेरगंजवा गांव के सैकड़ों ग्रामीण आंगनबाड़ी सेविका के विरुद्ध हंटरगंज प्रखंड कार्यालय पहुंचे पहुंचने के पश्चात ग्रामीण महिलाओं ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सेविका पर आरोप लगाते हुवे कहा कि सेविका अपनी पुत्र वधू को चयन करवा दी है जो इस पोषक क्षेत्र में नहीं आती है। इसको लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रभारी अरुण मुंडा और उपायुक्त को आवेदन पत्र सौंपा गया है।बीडीओ को दिये गए आवेदन पत्र में बताया गया है मंगलवार को खेरगंजवा आंगनबाड़ी केंद्र बहाली कि प्रक्रिया हुई। बड़हीबिगहा के रहने वाली आवेदिका अंजलि कुमारी का चयन खेरगंजवा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 में चयन कि गई है। नियमावली के अनुसार आवेदक को इसी वार्ड (आंगनबाड़ी) केंद्र का निवासी होना अनिवार्य है। इस संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रभारी अरुण कुमार मुंडा ने बताया कि आरोप बेबुनियाद हैं।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त श्री रमेश घोलप ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार किया। बैठक में उपायुक्त ने कार्यक्रम आयोजन के हर एक बिंदु पर विचार विमर्श कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस 2025 का मुख्य समारोह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में आयोजित होगी। कार्यक्रम में परेड, झंडोतोलन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने एक एक कर सभी संबंधित अधिकारियों संग विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम स्थल के साथ साथ सरकारी कार्यालयों में निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने परेड की तैयारी, झांकियों की थीम समेत अन्य विषयों पर भी कई निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उपायुक्त द्वारा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा की साफ-सफाई, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, परेड की तैयारियों, राष्ट्रगान, प्रेड निरीक्षण हेतु जीप की व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी/कर्मी समेत अन्य को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित करने को लेकर भी निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा , अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी बिनिता कुमारी, नजारत उप समाहर्ता विनय कुमार, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शकील अहमद समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

## अवैध रूप से बालू भंडारण किया गया जब्त, माफिया फरार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के हुडमूड़ जंगल से बुधवार को 1500 सीएफ्टि अवैध बालू जब्त किया गया है। यह कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी सह आइएएस सन्नी राज के द्वारा छापमारी की गई है। इस बाबत बालू माफिया के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया गुप्त सुचना मिली थी की हुडमूड़ जंगल में अवैध बालू का भंडारण किया जा रहा है।जिसकी खरीद बिक्री भी धड़ल्ले से की जा रही है।सुचना के अलोक में तत्वरित कार्रवाई करते हुए किया गया बालू भंडारण को जब्त किया गया। गौरतलब है सिमरिया में निर्माणाधीन रेफरल अस्पताल के ठिकेदार द्वारा धड़ल्ले से अर्धरात्रि को अवैध बालू दर्जनों ट्रैक्टर प्रतिदिन डंप किया जा रहा है। वहीं क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बालू की तस्करी की जा रही है। इन दिनों बालू माफिया जंगलों से लेकर घरों के बाहर अवैध बालू की भंडारण कर रहे हैं। जिसकी बिक्री पास पड़ोस के क्षेत्रों में की जा रही है। छपामारी टीम में माइनिंग इंस्पेक्टर चतरा, सिमरिया अंचलाधिकारी गौरव राय, और शिला ओपी प्रभारी राहुल दुबे के अलावे दर्जनों पुलिस जवान शामिल थे।

## एनटीपीसी ने गाड़ीलौंग पंचायत के गरीब व वृद्ध जनो के बीच किया कंबल वितरण



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी उतरी करणपुरा ने अपनी सतत सामुदायिक विकास योजनाओं के तहत, इस कड़कड़ाती ठंड में गरीब, असहाय व जरूरतमंद व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से गाड़ीलौंग पंचायत क्षेत्र मे बुधवार को पंचायत के मुखिया सबीदा खातून को चार सौ कंबल शॉप कर गरीबों में बंटवाया। एनटीपीसी के द्वारा इस कार्यक्रम का नेतृत्व सीनियर मैनेजर (एचआर) रघुवीर मीना एवं सीएसआर के कार्यकारी राहुल कुमार द्वारा किया गया। कंबल वितरण का मुख्य उद्देश्य, ठंड के कठोर मौसम में जरूरतमंद परिवारों को गर्माहट और राहत प्रदान करते हुए उन्हें स्वस्थ रखने का है। एनटीपीसी उतरी करणपुरा अपने आस-पास के समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। साथ ही सामुदायिक विकास गतिविधियों तथा स्थायी पहलुओं के माध्यम से, इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

## सात वाहनो से अज्ञात चोरों ने की बैट्री की चोरी, दिया आवेदन

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के लिपदा गांव में मंगलवार की रात को अज्ञात चोरों ने सात वाहनों से बैट्री की चोरी कर ली है। जिससे वाहन मालिको को 50 हजार रूपये का आर्थिक क्षति हुई है। चोरों ने मुकेश कुमार के दो ट्रैक्टर, एक पिकअप वाहन, एक टेम्पु व कार से बैट्री, जबकि किशोर साव के टेम्पु से बैट्री चोरी कर फरार हो गये है।भुक्तभोगी मुकेश कुमार ने बताया कि सुबह जब उठे तो वाहन स्टार्ट करने गये तो देखा कि वाहन से बैट्री गायब मिला। इसके अलावा अन्य वाहनों से भी बैट्री गायब था। भुक्तभोगियों ने इस संबंध में थाना में आवेदन देकर चोरों को धर पकड़ कर करवाई करने की मांग की है। जिससे अन्य लोगों को भी आर्थिक क्षति ना हो।

**बिरहोर टोला में किया गया शिविर का आयोजन**

# सरकार द्वारा संचालित योजना बिरहोर परिवार तक पहुंचने को लेकर लगे कई स्टॉल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में स्थित जपुआ के बिरहोर टोला में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। जहां कई स्टाल लगाए गए। जिसमें आधार कार्ड खाद्य आपूर्ति, श्रम कार्ड, बैंक में खाता खुलवाने, जाती, आवासीय बनवाने एवं जेएसएलपीएस के तहत समूह से जोड़ने, स्वास्थ्य विभाग, आंगनवाड़ी केंद्र, जैसे कई स्टाल लगाए गए थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। जहां दीप प्रज्वलित का शुभारंभ खूंटी बिरहोर के द्वारा करवाया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव अंचलाधिकारी अनंत चयन विश्वकर्मा जेएसएलपीएस बीपीएम केदार प्रजापति मुखिया निर्मला देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के तहत बिरहोर परिवार के पांच लोगों का आधार कार्ड बनाया गया।पांच लोगों का राशन कार्ड बनाया गया। दो लोगों का श्रम कार्ड बनाया गया। एवं बैंक में तीन लोगों का खाता खुलवाया गया। और दो का खाता अपडेट किया गया।एवं 50 बिरहोर परिवार का जाति प्रमाण पत्र 60का आवासीय प्रमाण पत्र का फॉर्म भरा गया है। जेएसएलपीएस के तहत 18 वर्ष से ऊपर उम्र के महिलाओं समुह को जोड़ा गया है।ताकि सरकार के द्वारा चलाई गई योजना का लाभ बिरहोर परिवार को मिल सके। मौके पर आंगनवाड़ी सुपरवाइजर मंजू कुमारी जेएसएलपीएस से जिला के अधिकारी गौरव जायसवाल पप्पू कुमार प्रखंड से सीसी सुनील कुमार सुमित्रा देवी आईपीआर सुनीता देवी पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय चितरंजन शर्मा उज्जवल सिंह प्रियंका प्रिया बीपीओ रामकुमार सिंह रोजगार सेवक निर्मल कुमार दांगी पार्वती कुमारी एवं दर्जनों बिरहोर परिवार के लोग उपस्थित थे।

# रेकड रुम आओ, रुपए लाओ, दूसरे का पंजी टू से नाम हटाओ, और अपना नाम भूमि कर ले जाओ

## भुक्तभोगी ने किया गया फर्जीवाड़े को उपायुक्त व ऐसी को आवेदन देकर किया न्याय की मांग

- मामला चतरा जिला सिमरिया अंचल के टूटीलावा का है
- फर्जीवाड़ा का वीडियो हुआ वायरल, सभी को रुपए देकर किया जाता है फर्जीवाड़ा
- रेकड रुम में रुपए लेकर बड़े पैमाने पर पंजी टू में किया जा रहा है फर्जीवाड़ा
- फर्जी वाडा का एक नहीं अनेकों मामला पहुंच चुका है उपायुक्त को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** रेकड रुम में आओ रुपए लाओ और फर्जी पंजी टू सटाओ दूसरे का भूमि अपना कर ले जाओ। जी यह मामला भले हीं अटपटा लग रहा हो परंतु इस तरह का खेल वर्तमान में चतरा रेकड रुम में पदस्थापित कर्मियों के द्वारा बेधड़क किया जा रहा है। इस तरह का खेल का वीडियो भी प्राप्त हो




चुका है। जहां वीडियो में बोला जा रहा है कि हमने एलआरडीसी को मेरा पुत्र संदीप रुपया दिया और सिमरिया बड़ा बाबू को पांच लाख दे चुका हूं ऑनलाइन कराने के लिए वहीं फर्जी रसीद कटा लिया हूं और पांच लाख रुपए देकर रेकड रुम में फर्जी रेकड बना कर सटा कर अपने पूर्वज लेंदो सुंडी के नाम करवा चुका हूं। **क्या है मामला :** सिमरिया अंचल के मौजा टूटीलावा में प्रखंड टंडवा के मिश्रौल निवासी अब्दुल गफूर मियां पिता स्व अली मियां ने सन् 1922 या 1924 में सिमरिया अंचल के मौजा टूटीलावा गांव में एदला गांव निवासी लेदो सुंडी पिता स्व गुरुदयाल सुंडी से 16 एकड़ 67 डिसमिल की खरीदारी की थी। जिसका खाता नंबर 118,105,98 में प्लॉट क्रमशः कई हैं। भूमि खरीदारी के बाद उक्त भूमि को अब्दुल गफूर मियां ने अपने पुत्र (1)अब्दुल हुसैन को खाता नंबर 105, 98, 118 प्लॉट 1315, 1333, 1287 वगैरह में 4 एकड़ 34 डिसमिल, (2) अलीम उद्दीन मियां खाता नंबर 105, 118, 98 में प्लॉट 1315,1287, 1333 वगैरह में 4एकड़ 34 डिसमिल (3) बीबी सफ़ीना खातून के नाम से खाता 105,118,98 प्लॉट संख्या 1315,1287,1333 वगैरह को 4 एकड़ 34डिसमिल (4)जलाउद्दीन मियां के नाम खाता 105,98, प्लॉट 1315,1313, वगैरह से 4एकड़49 डिसमिल (5) अब्दुल गफूर मियां के नाम से खाता संख्या 105,118,98 के प्लॉट संख्या 1315,1287,1333 वगैरह से कुल 4एकड़35डिसमिल भूमि के केवला कर दिया गया जब से ऑफलाइन रसीद से लेकर ऑनलाइन रसीद के अलावे ऑफलाइन पंजी टू ऑनलाइन पंजी टू तथा हाल हीं में सिमरिया अंचल से एलपीसी भी निर्गत किया जा चुका है।खरीदारी के बाद से गफूर मियां एवं उनके पुत्रों ने आज तक खेतीबाड़ी करते आ रहे हैं। **फर्जीवाड़ा का इतिहास :** फर्जीवाड़ों ने पुनः विक्रेता लेदो सुंडी के नाम से फर्जी रेकड टू बना कर चतरा रेकड रुम में रुपए देकर साट दिया गया है। जो फर्जी पंजी टू का छाया कॉपी और फर्जी रसीद का छाया कॉपी उजागर हो चुका है। भुक्तभोगी मो नेशारुद्दीन ने मामले को उपायुक्त चतरा और एसी चतरा को लिखित आवेदन और फर्जी दस्तावेज का छाया कॉपी एवं अपने भाइयों का सारा अपडेट दस्तावेज देकर फर्जीवाड़ा करने वाले तथा करवाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई करने की मांग को लेकर गुहार लगाया है। आपको बता दें कि यदि इस तरह से सरकारी रेकड रुम में यदि रुपए लेकर उलट फेर होता रहा तो आने वाला दिनों में गलत दस्तावेज और सही दस्तावेज धारकों के बीच खुनखराबा होने से कोई नहीं रोक सकता है।जिसका जिम्मेवार चतरा अभिलेखागार में प्रतिनियुक्त कर्मी होंगे।

## मिशन वात्सल्य योजना के तहत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने किया समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेमब्रम ने मिशन वात्सल्य योजना की समीक्षा किया, जिसके तहत चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 का अधिक से अधिक प्रचार किया जाए। इस दौरान उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन में कार्यरत सभी कर्मी कोआपस में समन्वय कर जिला से प्राप्त दिशा निदेश के आलोक में समयबद्ध तरीके से कार्य सम्पादित करने का निर्देश दिया। बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत बच्चों की सूचि प्रत्येक माह संधारित रखें एवं सभी बच्चों का गृह सत्यापन का कार्य समय पर कराये, बाल गृह में रहने वाले सभी बच्चों का गृह सत्यापन कराकर वैसे बच्चे जिनका परिवार, माता अथवा पिता में से कोई एक जीवित है उनको उनके घर भेजनें हेतु बाल कल्याण समिति से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, अध्यक्ष एवं सदस्य, बाल कल्याण समिति, लातेहार चाइल्ड हेल्पलाइन लातेहार एवं बरवाडीह, के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## विधायक ने किया 92 लाख के पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम के हरिजन मोहल्ला में बुधवार को लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रकाश राम ने शिलापट्ट का अनावरण कर एवं पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री राम ने कहा कि इस क्षेत्र में जो भी जनहित की समस्या है। वह जरूरत के हिसाब से प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जाएगा। यह पुल निर्माण की मांग ग्रामीणों द्वारा कई वर्षो से की जा रही थी। मेरे चुनाव जीतने के बाद पुल का स्वीकृति दिलाया हूं। उन्होंने कहा कि यह पुल 92 लाख रुपए की लागत से लघु सिंचाई विभाग के द्वारा बनाया जाएगा। यह पुल निर्माण होने से कई गांव के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। तथा लोगों का सीधा संपर्क प्रखंड मुख्यालय से हो जाएगा। उन्होंने संवेदक को निर्देश देते हुए कहा की गुणवत्ता के साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। इसलिए पुल का निर्माण गुणवत्तापूर्ण करें ।इस मौके पर कृष्णा यादव, विजय यादव, अशोक साव, सुद्ध भगत राजेश्वर उराँव, लालेश्वर महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

## जीवन बहुमूल्य है, अवश्य करें सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन : सुरेंद्र कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में सड़क सुरक्षा माह के आज 8वें दिन जिला मुख्यालय में जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में बाईक रैली का आयोजन कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यह बाईक रैली माको स्थित परिवहन कार्यालय से शुरू हुआ जो शहर के थाना चौक, महावीर मंदिर चौक, शहीद चौक जुबली चौक बाईपास होते हुए स्टेडियम पहुंचा। यहां पर लोगों को संबोधित करते हुए डीटीओ सुरेंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 का आयोजन एक जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इस वर्ष के सड़क सुरक्षा सप्ताह का थीम 'परवाह' है, जो सड़क पर एक-दूसरे की सुरक्षा और जिम्मेदारी का संदेश है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु कई अन्य तरह के कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। लोगों से अपील करते हुए



उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें। यातायात नियमों के पालन से सड़क पर सुरक्षा बनी रहती है, विशेषकर युवा वर्ग से अपील करते हुए डीटीओ ने कहा कि जब भी दो पहिया वाहन का प्रयोग करें तो हेलमेट अवश्य पहनें और पूरी सावधानी बरतें। उन्होंने कहा की जीवन मूल्यवान है। सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम एवं अपनी सुरक्षा के लिए यातायात के सभी नियमों का पालन बेहद आवश्यक है। मौके पर सड़क सुरक्षा की पूरी टीम और सैकड़ों की संख्या में आम लोगा मौजूद रहे।

## निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर मे 63 रोगीयों का किया गया सफल आपरेशन



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप में 8 जनवरी बुधवार को शिविर लगाकर निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। जानकारी देते हुए डॉ प्रमोद ने बताया कि डिबीसीएस लातेहार एंव जन विकास मार्ग के संयुक्त तत्वाधान मे निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाकर लेंस प्रत्यारोपण (आईओएल) विधि द्वारा शिविर मे पहुंचे कुल 127 रोगीयों का मोतियाबिंद जाँच किया गया जिसमे से 63 रोगी को मोतियाबिंद पाया गया, सभी 63 मोतियाबिंद रोगी का डाक्टर अनुज कुमार पाठक व उसके टीम द्वारा सफल आपरेशन किया गया। डॉ प्रमोद ने आगे बताया कि मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन प्रत्येक सोमवार एंव बुधवार को किया जाता है इसके लिए मुरपा मोड़ बालूमाथ स्थित रामेश्वर नेत्रालय में प्रतिदिन जाँच और रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। शिविर मे लाभ लेने के लिए मोतियाबिंद रोगी का अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड, दो फोटो और मोबाइल नंबर अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर - 8252737568 -9708553710-9835236379 मे संपर्क कर सकते हैं।

## प्रतिबंधित मांस के साथ एक गिरफ्तार, प्राथमिकी दर्ज

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के डुड़ंगी गांव से प्रतिबंधित मांस के साथ हाजीम हमाम (सांसग लातेहार) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध मे थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर दुलार चौड़े ने बताया कि आरोपी व्यक्ति अपने टीवीएस मोटरसाइकिल से प्रतिबंधित मांस लेकर बिक्री के लिए डुड़ंगी गांव पहुंचा था। गांव के ग्रामीणो ने आरोपी पर संदेह कर उसके वाहन की जांच की। जिसमें काला रंग के कई प्लास्टिक में प्रतिबंधित मांस पाया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सदर थाना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस कार्रवाई करते हुए डुडंगी गांव पहुंच कर आरोपी को प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि जप्त मांस को पशु चिकित्सक के समक्ष सील कर जांच के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपी प्रतिबंधित मांस कहा से लाया था। इसकी पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में सदर थाना में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# खड़ा जल मीनार लुट का चरम रुप है : बिरजू राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बुधवार को माले जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम के अगुवाई मे माले प्रतिनिधिमंडल प्रखंड के लात पंचायत के ग्राम हरहे टोंगारी बरखेता बेरे करमडीह गासेदाग और लात गावों का दौरा कर ग्रामीणों के जनसमस्याओ से रूबरू हुए इस दौरान कॉमरेड राजेंद्र सिंह खरवार प्रखण्ड नेता डॉक्टर रमेश कुमार सिंह और माले नेता सुदामा राम शामिल थे। इस क्रम में गावं के मुख्य समस्याओं से अवगत हुए जिसमें मुख्य रूप से आवागमन के लिए सड़क की है जो मुख्य सड़क से लगभग 10 किलोमीटर तक सड़क काफी जर्जर और दुर्घटना को दावत देती रही है । वहीं बिजली की समस्या से ग्रामीण आज भी ढिबरी युग में जीने को मजबूर हैं। गरीब मजदूरों के लिए प्रभावी योजना मनरेगा में बंदरबांट के अलावा कुछ भी नहीं है।कामरेड बिरजू राम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि लोग जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन से कई बार लिखित गुहार लगाए लेकिन सिर्फ और सिर्फ झूठा आश्वासन ही मिला है। उन्होंने बताया क्षेत्र में पेयजल की बड़ी समस्या है, जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल से पुरे पंचायत मे लगभग 100 जलमीनार अधिष्ठापन हुए हैं जो लूट का चरम रूप है लगभग 80 प्रतिशत जल मीनार लूट का शिकार हो गया है। उन्होंने बताया कि लूट का हद तो तब देखने को मिला कि लात गाँव के तेतर टोला मे एक वर्ष पहले जलमीनार खड़ा है लेकिन पानी के लिए बोरिंग नहीं हुआ और योजना फाइनल हो गया हद तो तब हो गई ज़ब लात के मुखिया भी कुछ कहने से परहेज कर गये उनका कहना है इसके बारे मे मुझे कोई जानकारी नहीं है ठेकेदार मनमानी किया है वास्तव मे नलजल योजना मे करोड़ों का लूट हो गई और कोई भी जनप्रतिनिधि इसकी सुधी नहीं लिया ज़बकि इसी क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य एवं प्रखण्ड प्रमुख आते है जो मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं ।

# बरवाडीह स्वर्णकार संघ ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात, सौंपा मांगपत्र

**प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरा : कुमार गौरव (एसपी)**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के मुख्य बाजार स्थित दो ज्वेलरी प्रतिष्ठानों में हुई चोरी की घटना के एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। एक ओर जहां घटना को लेकर व्यवसायियों और आम लोगों में आक्रोश है। वहीं दूसरी ओर पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। घटना के उद्भेदन न होने और लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं को लेकर बुधवार को बरवाडीह स्वर्णकार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज के नेतृत्व में लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मुलाकात करते हुए उन्हें एक मांग पत्र सौंपने का काम किया। पुलिस कप्तान ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वत करते हुए कहा कि पुलिस चोरों की धर पकड़ के लिए लगातार प्रयासरत है। भविष्य में चोरी की घटनाओं पर



अंकुश लगाने को लेकर पुलिस कप्तान ने रात्रि गश्ती में जवानों को बढ़ाने,मॉनिटरिंग के लिए प्रतिष्ठानों में क्यूआर कोड लगवाने तथा उपायुक्त से समन्वय स्थापित कर विभिन्न चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा स्थापित करवाने और सोलर स्ट्रीट लाइट लगवाने को लेकर व्यावसायिक समिति को आश्वस्त किया है। एसपी से मुलाकात के उपरांत समिति ने उपायुक्त कार्यालय में भी मामले से सम्बंधित आवेदन देने का काम किया। इस मौके पर व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज, स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद,पवन सोनी पंकज सोनी, सुदामा सोनी, मनोज सोनी, विक्रम सोनी, मनीष सोनी, बिरेंद्र सोनी, प्रभु सोनी, देव सोनी अमित सोनी, गुड्डु सोनी, श्रवण सोनी और सन्नी सोनी समेत कई स्वर्णकार मौजूद थे।

## एसडीओ और माइनिंग इंस्पेक्टर ने संयुक्त रूप से अवैध कोल माइंस का किया निरीक्षण



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी और अंचल अधिकारी तथा माइनिंग इंस्पेक्टर ने संयुक्त रूप से टंडवा के अशोका कोल परियोजना के रोकेया में चल रहे अवैध माइंस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने कहा कि टंडवा क्षेत्र में चल रहे अवैध कोल माइंस को ध्वस्त किया जाएगा वहीं चिन्हित कर अवैध कोल संचालकों तथा तस्करों पर कानूनी कारवाई किया जाएगा। हालांकि यह छापेमारी निरंतर जारी रहेगा। इधर इस तरह की छापेमारी से कोल माफियाओं की निंद उड़ गई है।

# महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया संजीवनी सेवा कुटीर का अवलोकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : सदर विधायक प्रदीप प्रसाद द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्रांगण में संचालित संजीवनी सेवा कुटीर का महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अवलोकन किया। इस अवसर पर उनके साथ बरकट्ठा विधायक अमित यादव भी उपस्थित थे। मंत्री ने कुटीर में उपलब्ध सुविधाओं और कार्यप्रणाली की गहनता से समीक्षा की और इसकी प्रशंसा करते हुए इसे एक अनुकरणीय पहल बताया। अन्नपूर्णा देवी ने कहा की संजीवनी सेवा कुटीर जैसी पहल स्वास्थ्य सुविधाओं को जनसामान्य तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। यह हेल्प डेस्क मरीजों और उनके परिजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने में सक्षम है। इसके 24 घंटे सेवाएं देने से मरीजों को बड़ी राहत मिलती है। यह पहल स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर साबित होगी।



**संजीवनी सेवा कुटीर मदद का केंद्र**

यह सेवा कुटीर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों के लिए एक हेल्प डेस्क के रूप में कार्य करता है। यहां मरीजों को उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराया जाता है, जैसेः- इलाज से जुड़ी जानकारी प्रदान करना,डॉक्टरों की उपलब्धता की जानकारी देना, दवा, टेस्ट, और अन्य मेडिकल प्रक्रियाओं में मदद करना,मरीजों और उनके परिजनों के लिए गाइड के रूप में कार्य करना संजीवनी सेवा कुटीर 24 घंटे कार्यरत है और अस्पताल में आने वाले जरूरतमंद लोगों के लिए यह सहारा बन गया है। बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने कहा की यह सेवा न केवल मरीजों की परेशानी को कम करती है, बल्कि उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लाती है। इस तरह की पहल हर अस्पताल में होनी चाहिए। संजीवनी सेवा कुटीर स्वास्थ्य क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम है।

**सदर विधायक प्रदीप प्रसाद का बयान**

हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की संजीवनी सेवा कुटीर हमारी सोच और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य है कि किसी भी मरीज को इलाज के दौरान किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। यह कुटीर न केवल समस्याओं का समाधान करता है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जनता के विश्वास को भी बढ़ाता है।

# स्कूलों का किया गया निरीक्षण, कक्षा 1 से 8 तक बंद रखने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारू** : शीतलहर एवं ठंड के बढ़ते प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार ने संचालित सभी सरकारी, गैर सरकारी एवम् निजी विद्यालयों को कक्षा केजी से कक्षा 8 तक 7.1.2025 से 13.1.2025 तक कक्षाएं बंद रहने का आदेश दिया गया है. इसे लेकर प्रखंड अंतर्गत विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण प्रखंड प्रशासनिक अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना प्रभारी ने किया। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि सभी स्कूल राज्य सरकार के गाइडलाइन के अनुसार संचालित हो रहे हैं।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कक्षा 1 से कक्षा 8 तक कक्षाएं बंद रखने के निर्देश दिए। यह कदम सरकार के दिशा-निर्देशों और सुरक्षा उपायों के



मद्देनजर उठाया गया है। अधिकारियों ने स्कूल प्रबंधन से गाइडलाइन का सख्ती से पालन करने को कहा है।निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, स्कूलों को अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी निर्देश दिए गए।प्रखंड प्रशासन ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकारी निर्देशों का पालन करें।

# छलांग परियोजना के तहत विष्णुगढ़ में खेल मेले का किया गया आयोजन



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : विष्णुगढ़ प्रखंड के अलग अलग पंचायतो भुताही मुरगाओं तथा चलंगा में 4 और 7 जनवरी 2025 को शीतकालीन छुट्टियों के अवसर पर खेल मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन, पिरामल फाउंडेशन और जन जागरण केंद्र हजारीबाग के संयुक्त प्रयास से किया गया। खेल मेले का संचालन जन जागरण केंद्र से फील्ड कोऑर्डिनेटर राहुल राज ने किया। वालंटियर पिंटू कुमार, देवराज कुमार और क्रिश कुमार ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। आयोजन में बड़ी संख्या में गांव के और बच्चे-बच्चियों उत्साहपूर्वक भाग लिया।खेल मेले में प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक और शारीरिक गतिविधियों वाले खेल आयोजित ने किए गए थे। जिनमें बैलून भाग रेस, डॉज बॉल, कबड्डी, खो-खो, रैबिट एंड रैट, बोरा रेस शामिल थे। खेल के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।

# ख्वाजा गरीब नवाज के 813 वां उर्स के मुबारक मौके पर महुदी गांव में लंगर का आयोजन



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी पंचायत अंतर्गत ग्राम महुदी मुस्लिम टोला में हजरत ख्वाजा गरीब नवाज के 813 वां उर्स के मौके पर डेग चढ़ा कर फतिहा खानी , लंगर खानी का आयोजन किया गया। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी लंगर खानी का आयोजन महुदी ग्राम निवासी मोईन अंसारी पिता महरूम रबुल मियां के अगुवाई में किया गया। फतिहा खानी के बाद लंगर का वितरण किया गया। प्रत्येक साल इस्लाम कैलेंडर के अनुसार 6 रजब को हर्षोल्लास के साथ हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह अजमेर शरीफ में उर्स मनाया जाता है। ख्वाजा गरीब नवाज की उर्स मुबारक में शामिल होकर जियारत करने के लिए ग्राम महुदी से इब्राहिम अंसारी, युनुस अंसारी, अब्बास अंसारी, जावेद अंसारी, कुलसुम खातून, मोहम्मद अर्सलान, नाजमा खातून, सहित पूरे बड़कागांव क्षेत्र से सैकड़ो लोग अजमेर शरीफ गए हुए हैं। लंगर खानी के मौके पर मुख्य रूप से मोइन अंसारी, आजाद आलम उर्फ (चरकू), नईम अंसारी, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि इमरान अंसारी सहित दर्जनों लोगों का सहयोग रहा।

# सांसद मनीष जायसवाल की पहल रंग लाई, चरही के यूपी मोड़ में शुरू हुआ कार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बीते दिनों लोकसभा सत्र के क्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव एवं अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तीन प्रमुख ब्लैक स्पॉट की जानकारी दी थी और तत्काल इन ब्लैक स्पॉट पर कार्य करने का आग्रह किया था । सांसद मनीष जायसवाल के पहल और संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री और उच्चाधिकारी तक इस मामले के पहुंचते ही इस पर पहल शुरू हो गया। चरही के यूपी मोड़ में युद्धस्तर पर काम चल रहा है। यह कार्य टेंपरेरी है लेकिन इससे निश्चित रूप से यहां सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी । सांसद मनीष जायसवाल ने खुद त्वरित पहल होने पर खुशी जताई और कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता से संबंधित हर छोटी बड़ी समस्याओं के निदान हेतु हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा ।

# फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही** : बरही थाना के फरार प्राथमिकी आरोपी के घर बरही थाना पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। आरोपी रंजीत कुमार ग्राम कांटी थाना जयनगर के खिलाफ वर्ष 2023 में मामला दर्ज किया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार था। बरही पुलिस ने आरोपी रंजीत कुमार ग्राम कॉटी थाना जयनगर तिलैया ओ पी जिला कोडरमा के घर पर इश्तेहार चिपकाया।

# गरीब व असहाय व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण, ठंड में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत : मनोज कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही** : बरही प्रखंड के अंतर्गत करियातपुर पंचायत में गरीब असहाय व्यक्तियों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल पाकर बुजुर्ग खुश दिखे, पंचायत सचिवालय के प्रांगण में 13 नम्बर वॉर्ड के ग्रामीण शामिल हुए, मौके पर मुखिया मनोज कुमार ने कम्बल वितरण करते हुए कहा कि अभी इस कड़ाके ठंड में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है, इन्होंने ग्रामीणों को ठंड से बचने की सलाह दी, कंबल प्रकार लोगों ने काफी खुशी जताई व मुखिया मनोज कुमार को अपना प्यार और आशीर्वाद भी दिया मौके पंचायत सचिव राजेंद्र मिश्रा, वॉर्ड सदस्या रीमा कुमारी, केशरी, संध्या देवी, सुनील केसरी, लालजी रविदास, मंजू देवी, राजेंद्र भगत, किरण मासोमात, तारा मासोमात, सीता मासोमात, गुलशन आरा, सविता मासोमत, सुनैना देवी, चंपा मासोमात, रेहाना परवीन,बिनोद राणा,पुनिया देवी,राधा मासोमात जसवा देवी, अमृत रविदास, कैलाश स्वर्णकार, राजेंद्र केसरी, धनी यादव, सुशीला देवी, रेणु देवी, तेजनी देवी,सहित सभी ग्रामीण व लाभुक उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष बने दिलीप निलेश, साहू समाज ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव** : राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष दिलीप निलेश को साहू समाज ने बधाई दी। मौके पर जिला उपाध्यक्ष अशोक साहु ने कहा की श्री निलेश संगठन को पूरे झारखंड में तीव्र गति से बनाने का काम करेंगे। साथ ही समाज के लोगों को एक सूत्र में बांधकर गति देंगे। बधाई देने वालों में हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष अशोक साहु, ढलन साहु, हरि साहु, गणेश प्रसाद गुप्ता, मीडिया प्रभारी आशीष कुमार, कृष्णा साहु, अर्जुन साहु, प्रखंड अध्यक्ष डूबन साहु, तेजो साहु सहित समाज के लोग शामिल हैं।

# मुखिया पिंकी देवी के द्वारा किया गया कंबल का वितरण

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : दारू प्रखंड अंतर्गत जिनगा पंचायत भवन में जिनगा पंचायत के मुखिया पिंकी देवी, पंचायत सचिव शिखा कुमारी एवं सभी वार्ड सदस्य संदीप कुमार, सुरेश साव ,सुधीर सिंह, विजय राम, बबीता देवी ,आशा देवी, चिंता देवी ,सरिता देवी, नीरू देवी एवं संजू देवी के द्वारा कंबल वितरण किया गया।

# वित मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मिले पचड़ा मुखिया महेश प्रसाद साव



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : झारखंड सरकार के वित मंत्री राधाकृष्ण किशोर से हजारीबाग जिला कांग्रेस कमिटी सह जिला मुखिया संघ हजारीबाग के महासचिव व पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने मिल कर नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया साथ ही क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया.महेश प्रसाद साव ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कई कोल कंपनियां होने के बावजूद बेरोजगारी चरम सीमा पर है जबकी झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्थानीय लोगों को 75%रोजगार दिलाने की घोषणा की थी . क्षेत्र में बतौर एमडीओ कंपनी के तौर पर कार्य कर रही एमडीओ कंपनियों के अधिकारियों ने जिला प्रशासन को झांसा देकर बाहरी लोगों को काम में लगा कर स्थानीय बेरोजगार युवाओं युवतियों को नौकरी देने के नाम पर रोज ऑफिस का चक्कर लगवा रहे हैं.मुखिया महेश प्रसाद साव ने आगे कहा कि मंत्री से स्थानीय लोगों को दिलाने की मांग किया है ताकि क्षेत्र की विस्थापित प्रभावित जनता को हक अधिकार मिल सके.महेश प्रसाद साव द्वारा लगातार विभिन्न माध्यमों से क्षेत्र की समस्याओं को उठाया जा रहा है.

# बीडीओ ने दारू पंचायत के पिपचो मल्हार टोला में किया कंबल का वितरण

**दारू (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सहायक समाहर्ता -सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू लोकेश बारगे भा०प्र०से० द्वारा दारू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पिपाचो के मल्हार टोला में ठंड से बचाव हेतु 13 कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों द्वारा जमीनी समस्याओं से सहायक समाहर्ता -सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवगत कराया गया। ग्रामीणों द्वारा बताया गया की मल्हार टोला पिपाचो से विद्यालय दूर रहने के कारण यहां के बच्चे शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ है , तथा जमीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण आवास का लाभ नहीं प्राप्त हो रहा है, एवं कुछ परिवारों का राशन कार्ड भी नहीं है। उक्त के संबंध में श्री लोकेश बारगे सहायक समाहर्ता सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी दारू, द्वारा संबंधित विभाग को प्राप्त समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।कंबल वितरण के दौरान उपसमाहर्ता मो0 हारुन रशीद, अंचल अधिकारी राम बालक कुमार, थाना प्रभारी मो0 शफीक खान, मुखिया सुनील कुमार एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# अनजान व्यक्ति के फ्रेंड रिक्वेस्ट भी आपको बना सकता है कंगाल, ना उठाए अनजाने वीडियो कॉल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : साइबर जागरूकता के दूसरे दिन सीएम उत्कृष्ट विद्यालय जिला स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत और साइबर थाना के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में साइबर थाना के पदाधिकारी और ग्राहक पंचायत के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने पुष्प गुच्छ देकर प्राचार्य निकीता कुमारी ने स्वागत किया। गणित शिक्षक गिरिश कुमार रजक ने मंच का संचालन किया। विषय प्रवेश कराते हुए जिला सचिव बब्लू कुमार ने ग्राहक पंचायत का कार्य और उद्देश्य से अवगत कराते हुए साइबर के मकड़ जाल में फंस रहे युवा वर्ग की जानकारी दी। बताया कि ग्राहक पूरा विश्व है जन्म लेने से मरण दिवस तक ग्राहक की उपयोगिता रहती है। ग्राहक पंचायत ग्राहकों की पंचायत करती है और ठगी होने पर ग्रहकों का मार्गदर्शन भी करती है। साइबर थाना के विशिष्ठ दारोगा सुजीत कुमार ने साइबर पर बोलते हुए कहा कि इंस्टाग्राम और फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर लोग अपनी दोस्तों की सूची बढ़ा रहे है। फॉलोवर्स बढ़ा रहे है, परंतु यह आपको भारी पड़ सकता है और अनजान व्यक्ति से दोस्ती बढ़ाना, फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजना आपको कंगाल बना सकता है। हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों से आने वाले थानों में आवेदन का जिक्र करते हुए ठगी के प्रकार की जानकारी दी। एपीके, केपीके नाम के तरह आने वाले अनजान लिंक और व्हाटसएप वीडियो कॉल के प्रति जागरूक किया। एटीएम के माध्यम से होने वाले फ्रॉड की जानकारी भी साझा की। बताया कि ठग आज उन एटीएम में ग्राहकों को अपना शिकार बना रहे है, जहां सुरक्षाकर्मी नहीं होते है। बताया कि जब भी पैसा निकाले यह सुनिश्चित करे की आपके पीछे कोई आपकी गतिविधि तो नोट नहीं कर रहा या फिर आपके द्वारा डाली जाने वाली पिन तो नहीं देख रहा है। सुरक्षा गार्ड के अलावा अन्य किसी से सहायता नहीं लेने की अपील की और कहा कि समस्या होने पर तुरंत 112, या 100 नंबर को इसकी सूचना दे। साइबर विशेषज्ञ दारोगा दीपक कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि ठगी होने पर सबसे पहले टोल फ्री नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए । कार्यशाला को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने संबोधित किया और बताया कि वे इसी जिला स्कूल के छात्र रहे है और उन्हें आज अपने ही विद्यालय में अतिथि बनकर संबोधित करने का मौका मिला है। ग्राहक पंचायत और उसके अभियान, ग्राहक आंदोलन और देश भर में ग्राहक को लेकर चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। कहा कि पैगाड़ा चौक स्थित न्यू भंडारी मेडिकल में ग्राहक से संबंधित परेशानी, ठगी होने पर सूचना दिया जा सकता है।



# शिक्षक खिरोधर राणा की पुण्य तिथि मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरी कलां गांव निवासी स्व खिरोधर राणा उच्च विद्यालय गरी कलां के शिक्षक की पुण्य तिथि 8 जनवरी को उनके पैतृक आवास में मनाई गई. इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवलाल महतो उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत स्व खिरोधर राणा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया. इस अवसर पर भाजपा नेता शिवलाल महतो ने कहा कि खिरोधर राणा कर्णपुरा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रदूत का काम किए. उन्होंने कर्णपुरा क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अपना जीवन समर्पित करते हुए अग्रणी भूमिका निभाई. कार्यक्रम को भाजपा नेता सुरेंद्र राणा हरिलाल महतो शिक्षक अनिल राणा ने समेत अन्य ने अपने संबोधन में स्व खिरोधर राणा के शिक्षा के क्षेत्र में उनके गुणों का बखान किया.

# भाजपा का बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव** : प्रखंड अंतर्गत हरली गाँव के पंचायत भवन में भाजपा का सदस्यता अभियान को लेकर मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता में बैठक की गई। जिसमें मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक सह सदस्यता अभियान के पुर्वी उरीमारी मंडल प्रवासी रोशन लाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि सह प्रभारी सर्वेस सिंह उपस्थित रहे। रौशन लाल चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर क्षेत्र मे अच्छा उत्साह देखा जा रहा है जिसका श्रेय सभी कार्यकर्ताओं को जाता है। 6 जनवरी से 15 जनवरी तक कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करें। वर्तमान में हो रही घटनाओं को लेकर कहा जिस प्रकार राज्य मे लगातार अपराध बढ़ रहा है अपराधि बेखौफ है यह पूरे राज्य के लिए काफी चिंता का विषय है, राज्य सरकार गहरी निंद्रा मे चली गई है, हम इसकी घोर निन्दा करते है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्वी उरीमारी मंडल के मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, डाडी मंडल के पुर्व अध्यक्ष वकील महतो, श्रीकांत निराला, उमेश दांगी, उपाध्यक्ष अशोक साव, मुखिया कविता कुमारी, पुर्व मुखिया बिगेश्वर महतो, गणेश यादव, नागेश्वर महतो, किसान मोर्चा अध्यक्ष अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय यादव, जगदीश साहू, भगीरथ ठाकुर, सेवंती कुमारी, देवंती देवी, रीना कुमारी, सुमित्रा देवी, शांति देवी, मंत्री कृष्णा गुप्ता, बिनोद महतो, रवी दाँगी, सूरज गुप्ता, प्रेमलाल महतो, विष्णु गुप्ता, सच्चिदानंद पाण्डेय समेत कई लोग मौजूद थे।

# कोनार विस्थापित नावाटांड़ के ग्रामीण मिले सांसद मनीष जायसवाल से



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : कोनार विस्थापितों का दर्द आज का नही यह दर्द कोनार बांध परियोजना के पूर्व से करीब 70 साल के लंबे अंतराल से कोनार विस्थापित भूमिहीन की भाँति अपना जीवन बसर कर रहे है। इन बीते वर्षों में लगातार कोनार विस्थापितों ने आंदोलन किया है। इस बार नवनिर्वाचित हजारीबाग साँसद मनीष जायसवाल से सुरेश राम के नेतृत्व में कोनार विस्थापितों का एक प्रतिनिधि मंडल आज मिलकर अपनी मांगों को लेकर माँग पत्र सौंपा।हजारीबाग साँसद मनीष जायसवाल ने माँग पत्र का तत्काल अध्ययन कर कोनार विस्थापित नावाटांड के ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए उचित पहल की बात कही। इस दौरान कई घंटों तक सांसद मनीष जसवाल ने डीवीसी भूअर्जन डॉयरेक्टर राजेश पाठक सहित कोनार डैम के सैकड़ों विस्थापितों की मौजूदगी में लगभग 70 साल पुराने समस्या का समाधान कैसे हो,बारीकी से सुझाव दिए।साथ हीं कहा कि मिनी सर्वे कराते हुए दाखिल खारिज के बाद और साथ में फॉर्म 12 को भर कर मालिकाना हक देने की सख्त हिदायत दी गई । उसके बाद भी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी विस्तार पूर्वक कार्य कराने की आश्वासन देने की बात कही। विस्थापित संघ के अध्यक्ष सुरेश राम ने बताया कि यह समस्या वर्तमान में और भी बड़ी बन कर सामने आ रही है, दामोदर घाटी निगम के विस्थापितों की एक बड़ी और जरूरी समस्या डीवीसी परियोजनाओं के विस्थापित लोगों के पुनर्वास का मुद्दा है। अन्य परियोजनाओं की तरह डीवीसी ने कोनार बांध परियोजना के निर्माण के लिए ग्रामीणों को उजाड़ दिया गया है। डीवीसी ने उजाड़े गए लोगों को विभिन्न मौजों में ऐसे दस्तावेजों के साथ बसाया है जिन्हें राज्य सरकार ने पिछले भूमि सर्वेक्षण के दौरान स्वीकार नहीं किया ।

# सामाजिक समरसता रथ का बरही में किया गया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही** : विश्व हिंदू परिषद बरही ने हजारीबाग विभाग द्वारा चलाए गए सामाजिक समरसता रथ का रसोइया धमना टोल प्लाजा पर स्वागत किया गया। वहां से विश्व हिंदू परिषद की जिला एवं प्रखंड टोली अपने देख रेख में रसोइया धमना दुर्गा मंदिर में अल्प विश्राम की व्यवस्था की जहाँ आम जनमानस की भीड़ रथ को देखने के लिए उमड़ पड़ी। लोग रथ को देखकर काफी उत्साहित दिखेइस अवसर पर जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय योजना के तहत यह रथ हजारीबाग विभाग के द्वारा हजारीबाग, चतरा कोडरमा और गिरिडीह जिले में जन जागरण के साथ साथ श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाने के उद्देश्य से की गई है। इस रथ कि उद्देश्य सनातन समाज में विगत कालखंड में सामाजिक भेदभाव को मिटाकर समरस समाज का निर्माण करना है, जिस प्रकार से भगवान राम ने निषादराज, भील



और अन्य जनजातियों से मिलजुल कर समाज में एकता का भाव जगाया और समरस समाज के लिए माता शबरी के जूठे बेर भी खाये। इस प्रकार यदि हम सभी सनातनी मिलकर संकल्प लें कि सामाजिक भेदभाव मिटाकर हम सब केवल सनातनी हिन्दू बनें, तभी हमारा देश और धर्म सुरक्षित रहेगा। इस अवसर पर विभाग मंत्री अनूप यादव, प्रांतीय मार्गदर्शक मंडल संयोजक स्वामी कृष्ण चेतन ब्रह्मचारी, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, जिला गौ रक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केसरी, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, बजरंग दल सहसंयोजक नितेश कुमार, उपाध्यक्ष संजय राणा, प्रभु राणा, चंदन केसरी, जय प्रकाश प्रजापति, संजय साव, बीरेंद्र साव, विशाल कुमार, रवि शंकर कुमार, राजदेव यादव, शोभा रानी, कलावती देवी, अभिषेक कुमार, महेश साव, कमलेश कुशवाहा, सुमित शर्मा, सुरेंद्र यादव, गिरिजा साव, बंगाली साव, आद्या कुमारी, लोकनाथ साव, विजय राणा, केदार राणा, रंजीत कुमार यादव, दिनेश राणा, छत्रु यादव आदि उपस्थित थे।

# इफको हजारीबाग ने धनवार पंचायत भवन में आयोजित की कृषक गोष्ठी, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद हुये शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही** : इफको हजारीबाग ने ग्राम धनवार पंचायत भवन, प्रखंड बरही, जिला हजारीबाग में तरल नैनो यूरिया और नैनो डीएपी पर आधारित एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 55 किसान, जिनमें पुरुष और महिलाएं शामिल थे, ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान कृषि केंद्र के प्रोपराइटर अरविंद कुमार और श्वेता बीज भंडार के प्रोपराइटर टोकलाल प्रसाद ने की। साथ ही, धनवार पंचायत के मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, प्रवीण कुमार, किसान मित्र राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजन, ताहिर हुसैन, कृष्ण प्रसाद, लोकनाथ यादव, अरविंद कुमार समेत अन्य किसान उपस्थित रहे। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि कृषक गोष्ठी से किसानों को काफी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में इफको के क्षेत्रीय पदाधिकारी अमित आनंद ने



किसानों को कृषि और खाद से जुड़ी नई जानकारियां दीं। उन्होंने नैनो तरल यूरिया, नैनो तरल डीएपी और जल विलय उर्वरकों के फायदे, उपयोग की विधि, मात्रा और सही समय के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, पारंपरिक बोरे वाले यूरिया और डीएपी के अत्यधिक उपयोग से होने वाले मृदा और पर्यावरणीय नुकसान पर भी किसानों को जागरूक किया। किसानों को सरकार द्वारा खाद पर दी जाने वाली सब्सिडी की जानकारी भी दी गई। इसके अतिरिक्त, फसलों में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी जैसे बोरान की कमी से आम की फसल, कैल्शियम की कमी से टमाटर, और सल्फर की कमी से सरसों में होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में एसएफए विजय कुमार ने किसानों को सागरिका तरल और बाल्टी उर्वरकों के लाभों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में किसानों द्वारा पूछे गए सवालों का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम किसानों के बीच नवीनतम कृषि तकनीकों और उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा।

# सीसीएलकर्मी सह झामुमो व विस्थापित नेता संतोष सिंह की गोली मारकर हत्या

➡ आक्रोशित विस्थापित ग्रामीणों ने तीनो परियोजना व मुख्य सड़क किया जाम

➡ संतोष सिंह कि हत्या की जिम्मेवारी आलोक गिरोह ने ली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** न्यू बिरसा के विस्थापित नेता सह सीसीएल कर्मी पोटंगा निवासी संतोष सिंह उम्र 45 वर्ष को दिनदहाड़े बुधवार को सुबह करीब 9 बजे दो बाइक से छह की संख्या में आए अपराधियों ने संतोष सिंह की अपाची मोटरसाइकिल जेएएच 24 जे 2072? को रोक कर पारगगढा जाने वाली मुख्य सड़क बड़की टांड में घेर कर दोनों ओर से गोलियों से भून दिया। वहीं गोली चलाने के बाद अपराधी पारगढ़ा होते हुए पारगढा के जंगल की ओर भाग निकले। घटना के बाद परिजनों को जानकारी मिलने पर राहगीरों कि मदद से आनन-फानन में संतोष सिंह को लेकर रांची मेदांता अस्पताल ले गए। जहां पर जांच के उपरांत डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार संतोष सिंह प्रतिदिन की भांति बुधवार को भी सीसीएल में ड्यूटी के दौरान हाजिरी बनाकर कुछ जरूरी काम को लेकर रोड साइड अपने अपाची मोटरसाइकिल से घर कि और जा रहे थे।जहां पहले से घात लगाकर बैठे अपराधीयो ने पारगढ़ा जाने वाली मुख्य सड़क पर संतोष सिंह को बाइक से आते हुए देखा। जिसे अपराधियों ने रोककर नाम पुछते ही अपराधियों ने दोनों ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिससे वह घटना स्थल पर ही बाइक सहित निचे गीर गये। वहीं




इस दुस्साहिक घटना के बाद बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के लिए बहुत ही निंदनीय घटना घटी है। एक विस्थापित नेता को दिनदहाड़े गोली मारी गई। इससे यह साफ झलक रहा है कि प्रशासन पूरी निंद्रा में सो रही है। प्रशासन की लापरवाही के कारण आए दिन अपराधी बेखौफ होकर घटना को अंजाम दे रहें है। वहीं घटना कि सुचना पर पहुंचे हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने घटना कि बावत जानकारी ली। और अपनी तफ्तीश में जुट गई। एसपी अरविंद सिंह ने बताया कि घटनास्थल से पुलिस को चार खोखे बरामद किए गए है। जबकि संतोष सिंह के शरीर के कई अंगों में सर,छाती,पेट,पीठ पर कुल लगभग एक दर्जन गोलियां लगी है।इधर आक्रोशित विस्थापित ग्रामीणों ने सीसीएल कि तीनों परियोजना उरीमारी, बिरसा,न्यू बिरसा परियोजना, सीएचपी साइलो का कोयला उत्पादन और ट्रांसपोर्टिंग सहित उरीमारी - बड़कागांव मुख्य मार्ग को चेक पोस्ट के समीप बेरिकेडिंग गिराकर बंद कर दिया। वहीं खबर लिखे जाने तक सड़क को देर शाम तक जाम कर रखा गया। ग्रामीण विस्थापितों ने अपने मांग में कहा कि अपराधियों को जल्द से जल्द प्रशासन से गिरफ्तारी करे। वहीं देर शाम तक संतोष सिंह का शव रांची से उरीमारी नही पहुंचा था। बताते चलें कि संतोष सिंह अपने सभी भाइयों में सबसे बड़ा था। वह अपने पिछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए है। जिसमें उनकी पत्नी एक बेटा एक बेटी और मां सहित भरा पुरा परिवार है। गोलीबारी घटना के बाद से ही परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है।

**संतोष सिंह की हत्या कि जिम्मेवारी आलोक गिरोह ने ली**

**उरीमारी :** सीसीएलकर्मी सह झामुमो व विस्थापित नेता संतोष सिंह की हुई हत्या की जिम्मेवारी आलोक गिरोह ने ली है। इस संदर्भ में आलोक गिरोह ने वाट्सएप में पत्र जारी कर लिखा है कि मैं इस घटना की जिम्मेवारी लेता हूं। आलोक गिरोह द्वारा बार-बार संतोष सिंह को चेतावनी दिया जा रहा था कि मैनेज कर लिजिए। फिर भी गिरोह कि बात को अनसुना कर रहा था।बात नही सुनने पर यह कार्रवाई किया गया है। वहीं उसने चेतावनी देते हुए कहा है कि उरीमारी, बिरसा, न्यू बिरसा, सयाल और जितना भी ट्रांसपोर्टर है वह सभी को कान खोलकर सुन लो जो आलोक गिरोह को बिना मैनेज किये अगर कोई काम को चालू करता है तो उसकी भी गोलियों से खोपड़ी खोल दिया जाएगी।

**विगत दिनों पुर्व ही आलोक गिरोह ने हाइवा में आग व फायरिंग कर फैलाई थी दहशत,ट्रांसपोर्टरो को भेजा था पत्र**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के न्यू बिरसा परियोजना के ओबी डंप में काम कर रही बीजीआर कंपनी के हाइवा में 26 दिसंबर को हुई आगजनी व फायरिंग घटना का आलोक गिरोह ने लिया था जिम्मेवारी। वहीं आलोक गिरोह ने सभी ट्रांसपोर्टरो को भी फोन व मैसेज कर मैनेज करने कि धमकी दी थी। वहीं आलोक गिरोह को नजरंदाज करना शायद भारी पड़ गया। जिसकी किमत संतोष सिंह ने जान देकर चुकानी पड़ी।

## भाजपा भुरकुंडा मंडल ने सदस्यता अभियान के अंतर्गत ट्रैक्टर स्टैंड और आसपास के दुकानदारों को भाजपा से जोड़ा गया

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) द्वारा भुरकुंडा मंडल में आयोजित सदस्यता अभियान के अंतर्गत ट्रैक्टर स्टैंड और आसपास के दुकानदारों को भाजपा से जोड़ा गया। इस अभियान की अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल के प्रभारी और अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष, शंकर करमाली ने की। उनके नेतृत्व में सैकड़ों दुकानदारों, चालकों और अनुसूचित जनजाति के लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।इस अवसर पर भाजपा के जिला सहसंयोजक संजीव कुमार बावला, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, मंडल संयोजक और जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, विनोद कुमार, मंटू सिंह, मुकेश कुमार, मुकेश बेड़िया और अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाजपा में अपना सदस्यता लिया। यह अभियान भुरकुंडा क्षेत्र में भाजपा की मजबूती और उसके प्रति जनता के विश्वास को और भी सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।



## बुद्धिजीवी मंच की बैठक 09 जनवरी को

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नव वर्ष और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर बुद्धिजीवी मंच, बरकाकाना क्षेत्र के आम सदस्यों की एक आवश्यक बैठक राजेंद्र क्लब, नया नगर बरकाकाना में दिनांक 09 जनवरी 2025 को दिन के 1बजे से 3 बजे तक रखी गई है। जिसमें नव वर्ष की शुभकामना के साथ, वर्ष 2025 के लिए सदस्यता अभियान और कार्यकारिणी कमेटी का पुनर्गठन एवम बरकाकाना क्षेत्र के मुख्य सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं के संबंध में चर्चा करते हुए कुछ निर्णय लिया जाएगा। मंच के सभी सदस्यों के अतिरिक्त आम प्रबुद्ध नागरिकों को बैठक में उपस्थित होने का आह्वान किया गया है। बैठक में आने वाले को समय का ख्याल रखने को कहा गया है। देश भर में 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके तेहत सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने पर विचार जा रहा है। इस अवसर पर बुद्धिजीवी मंच द्वारा बरकाकाना ओ पी क्षेत्र के मुख्य सड़क में लगातार हो रहे दुर्घटनाओं पर विराम लगाने की कोशिश के रूप में कुछ उपाय करने की मांग की जाएगी। यह जानकारी मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमली और सचिव डॉ शाहनवाज खान ने प्रेस बयान जारी कर दी है।

## सरकारी आदेश की अवहेलना कर स्कूल खोलने पर हो कड़ी कार्यवाही : सिंधु झा

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला सड़क हादसे में मृतक एवं घायल स्कूली बच्चों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद् की प्रदेश अध्यक्ष सिंधु झा ने सरकार से पूछा है की जब नर्सरी से आठवीं क्लास तक के बच्चों की छुट्टी का आदेश जारी किया गया था तो ये स्कूल खुला कैसे रहा क्या स्कूल का रजिस्ट्रेशन राज्य शिक्षा बोर्ड या स्थानीय शिक्षा विभाग में करवाया गया था या स्कूल यूं हीं संचालित थी इसकी भी जांच होनी चाहिए।साथ हीं उन्होंने सरकार से मांग किया है की तीनों मृतक एवं सभी घायल बच्चों के परिजनों को उचित मुवाजा दिया जाए तथा सड़क पर चलने वाले ओवरलोड गाड़ियों के साथ बच्चों को स्कूल पहुंचाने वाले वाहनों की भी सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से जांच होनी चाहिए। साथ हीं प्रशासन स्कूल जाने और छुट्टी होने के समय ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करें जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं पर लगाम लगाया जा सके।



## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहा कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित क्रेशर की जांच करने एवं बिना अनुमति अथवा अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं तत्काल रूप से अवैध क्रशरों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया।अवैध खनन अथवा परिवहन के विरुद्ध चलाए गए जांच अभियान के दौरान जप्त किए गए खनिज के नियम अनुसार नीलामी आदि के कार्रवाई को लेकर भी बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चिन्हित छह बालू घाटों के संबंध में जानकारी दी गई जिस पर उपायुक्त द्वारा सभी प्रक्रियाएं जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए बालू घाटों का नियमित संचालन शुरू करने का निर्देश दिया गया साथ ही उपायुक्त के द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अन्य बालू घाटों को भी चिन्हित कर उनकी बंदोबस्ती हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, थाना प्रभारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



## राधा गोविंद विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बुधवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसका विषय - लीडर आर बार्न और मेड था। प्रतियोगिता में प्रबंधन विभाग के छात्र -छात्राएं शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ प्रशांत कुमार द्वारा स्वागत भाषण से किया गया।फाइनल राउंड का मुकाबला टीम वारियर्स और टीम प्राइम के बीच हुआ।विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति बी एन साह ने नववर्ष 2025 की हार्दिक बधाई दी और सभी छात्रों की उज्जवल भविष्य कामना की।विजेता की घोषणा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के संकायाध्यक्ष प्रो (डॉ) रंजन कुमार द्वारा किया गया। टीम प्राइम आज् की इवेंट का विजेता टीम रही जिसके सदस्य मनीष, सनोवर, रिया और विशाल थे। मौके पर विश्वविद्यालय के सचिव महोदया प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार , विभाग के अन्य व्याख्यातागण एवं छात्र -छात्राएं

## राजी पहड़ा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा स्व0 सरलू पहान का पुण्यतिथि मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ के गड़के सरना स्थल में राजी पहड़ा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा स्व0 सरलू पहान जी का पुण्यतिथि मनाई गई साथ ही साथ स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद शेख भिखारी और शहीद टिकैत उमराव सिंह को भी याद कियाद्यआदिवासी समाज के लोगों ने तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित कीद्य पहनों ने कहा कि आदिवासी समाज का स्व0 सरलू पहान का सपना था कि आदिवासियों का धर्म ,संस्कृति ,जल ,जंगल व जमीन की रक्षा के लिए समाज को शिक्षित और संगठित करने का उनका सोच था उस सपना को पूरा करने के लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा द्यतभी उनका सपना पूरा होगाद्य मौके पर आकाश तिर्की ,राजेश पहान, आदिवासी अगुआ सह समाजसेवी दीपक उराँव, सुखमणि मुंडा, शिवनंदन मुंडा, शिव उरांव ,नरेश बेदिया,नरेश मुंडा, भगत उरांव, सुकरो देवी, संतोषी उरांव, भुवनेश्वर बेदिया, राजेश मुंडा ,गोदनाथ मुंडा, धनी लाल मुंडा, बबीता मुंडा, किरण , रूपलाल आदि कोई उपस्थित थे।

## भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र के द्वारा रामगढ़ में आयोजित होगा खेल-कूद उत्सव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** नेहरू युवा केन्द्र रामगढ़ के तत्वधान में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के द्वारा संयुक्त प्रखंड स्तरीय खेल - कूद कार्यक्रम किया जाना तय हुआ है।कार्यक्रम में लड़कियों के लिए 200 मीटर दौड़, हाई जंप और कबड्डी प्रतियोगिता एवं लड़कों के लिए फुटबॉल, लॉन्ग जंप व 400 मीटर दौड़ का आयोजन तय किया गया है। यह संयुक्त प्रखंड प्रतियोगिता रामगढ़ व पतरातु प्रखंड, गोला ,दुलमी व चितरपुर प्रखंड और मांडू प्रखंड , ऐसे तीन स्थानों पर किया जाना है। इसमें प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से युवा/युवती खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए युवा केंद्र संगठन के युवा कार्यकर्ता नितेश कुमार मोदी 9135973356 से संपर्क कर सकते हैं।

## भाकपा-माले ने टिकैत उमराव सिंह व शेख भिखारी के शहादत दिवस मनाया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** टिकैत उमराव सिंह व शेख भिखारी के शहादत दिवस के अवसर पर भाकपा-माले रामगढ़ पार्टी कार्यालय में उनके चित्र पर जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया ने माल्यार्पण किए और उपस्थित लाली बेदिया,भोला पासवान,सरयू बेदिया, नागेश्वर मुंडा रामबृक्ष बेदिया,शामदेव बेदिया अन्य ने पुष्पांजलि अर्पित कर गोला स्कूली बच्चों की दुर्घटना में हुई मौत के प्रति साथ में श्रद्धांजलि दी गई। उसके बाद चुटुपालू के लिए रवाना हुए। रामगढ़ पटेल चौक में भाकपा-माले के एकत्रित सैंकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाकपा-माले विधायक चन्द्रेव महतो उर्फ बबलू को फूलमाला पहनाकर स्वागत किए और चुटुपालू शहीद स्थल तक मोटरसाइकिल मार्च व नारा करते हुए पहुंचे।जहां टिकैत उमराव सिंह,शेख भिखारी शहादत स्थल चुटूपालू घाटी फांसीयाही वर पेड़ के समक्ष दोनों के तस्वीर में भाकपा-माले के विधायक चन्द्रदेव महतो उर्फ बबलू ने माल्यार्पण किए और भाकपा-माले सेंट्रल कमिटी के सदस्य आर.डी.मांझी, हजारीबाग जिला सचिव -पचु राणा, रामगढ़ जिला सचिव -भुनेश्वर बेदिया, बसंत कुमार, राजेन्द्र गोप, देवकीनंदन बेदिया ऐपवा नेत्री नीता बेदिया सहित सैकड़ों माले कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर नारेबाजी की गई÷ टिकैत उमराव सिंह,शेख भिखारी अमर रहे, भाकपा-माले जिंदाबाद, जल-जंगल-जमीन कारपोरेट का कब्जा नही चलेगा, अड़ानी-अंबानी का कब्जा मंजूर नहीं,नफरत की राजनीति को दूर करो,फासीवाद को चकनाचूर करो। जोहार झारखंड संकल्प पदयात्रा को सफल करो।

## मनुवा कब्रिस्तान में चाहरदिवारी व सुन्दरीकरण के कार्य में ठिकेदार द्वारा अनियमितता, घटिया सामग्री का हो रहा प्रयोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** रामगढ़ के नगर परिषद व गिद्दी थाना क्षेत्र के हेसला ग्राम मनुवा, वार्ड नं. 11, कब्रिस्तान में चाहरदिवारी व सुन्दरीकरण के कार्य में ठेकेदार के द्वारा पूर्ण रूप से अनियमितता वह घटिया सामग्री का प्रयोग कर निर्माण करने संबंधी शिकायत पत्र मनुवा निवासी मोहम्मद इशाक ने रामगढ़ उपायुक्त व कल्याण पदाधिकारी रामगढ़ को बीते 30 दिसंबर 24 को है। लेकिन अभी भी जांच और कार्रवाई का इंतजार है। आवेदन में बताया गया कि कल्याण मंत्रालय व कल्याण विभाग के द्वारा वार्ड नं. 11 मनुवा स्थित मनुवा कब्रिस्तान में चाहरदिवारी व सुन्दरीकरण के कार्य हेतु योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्य की सम्पूर्ण जिम्मेवारी ठिकेदार की है एवं उनके ही देख-रेख में की जा रही है। उक्त निर्माण कार्य में ठेकेदार के द्वारा पूर्ण रूप से अनियमितता बरती जा रही है। घटिया सामग्री का प्रयोग निर्माण कार्य में किया जा रहा है जो भी सामग्री छड़, सिमेन्ट, ईट आदि बहुत ही सस्ता एवं तय मानक से निम्न स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। उक्त निर्माण की समुचित जांच-पड़ताल कर अतिशीघ्र उपयुक्त कार्यवाही की जाय एवं सही ढंग से निर्माण करवाया जाय।



## पुलिस उप-महानिरीक्षक संजीव कुमार ने रामगढ जिला का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** संजीव कुमार, (भा0पु0से0), पुलिस उप-महानिरीक्षक, उ0छो0 क्षेत्र, हजारीबाग के रामगढ़ जिला आगमन पर अजय कुमार, (भा0पु0 से0), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा स्वागत किया गया तथा मंटु यादव, परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, रामगढ़ के द्वारा ÷गार्ड ऑफ ऑनर÷ दिया गया। इसके उपरांत परिसदन भवन, रामगढ़ स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक, रामगढ़, पुलिस उपाधीक्षक (मु0), रामगढ़, परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, रामगढ़, सभी पुलिस निरीक्षक एवं सभी थाना प्रभारी के साथ बैठक किया गया, जिसमें संगठित अपराधिक गिरोह के द्वारा कारित घटनाओं की समीक्षा की गई। संगठित अपराधिक गिरोह के सदस्यों के द्वारा कोल व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टर, विकास कार्यों में लगे कंपनियों के संचालकों एवं संवेदको से की जा रही लेवी, रंगदारी की मांग पर अंकुश लगाने तथा उनके सुरक्षा को ध्यान में रखेत हुए क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग करने तथा कोल व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टर, विकास कार्यों में लगे कंपनियों के संचालाकों एवं संवेदको के साथ बैठक कर थाना/ओ0पी0 प्रभारी से लेकर वरीय पदाधिकारियों तक का मोबाईल नंबर सभी को उपलब्ध करने तथा किसी भी प्रकार की धमकी या अन्य कोई सूचना मिलने पर अविलम्ब पुलिस को इसकी जानकारी दे आपकी पहचान को गोपिनय रखा जाएगा के संबंध में सभी को ब्रीफ करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के अंत में पुलिस उप-महानिरीक्षक, उ0छो0 क्षेत्र, हजारीबाग के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों को संगठित अपराधिक गिरोह एवं वैसे अपराधकर्मी जो लेवी, रंगदारी एवं क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग, आगजनी जैसी घटनाएं कारित कर रहे है के विरूद्ध जीरो टोलरेंस नीति अपनाते हुए कड़ी कानुनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## झारखंड के महान नायक शहीद शेख भिखारी एवं शहीद टिकैत उमराव सिंह के शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है : रमेश कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के पदाधिकारियों ने चुटुपालू स्थित 1857 के विद्रोह में अपने साहस और वीरता से अंग्रेजी सरकार की जड़ें हिला देने वाले, झारखंडी माटी के वीर सपूत शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित क। इसमें मुख्य रूप से अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष आदरणीय आजाद हुसैन अंसारी, महिला मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष रूपा महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मुस्लिम अंसारी समेत पार्टी के केन्द्रीय, जिला, प्रखंड , पंचायत व सक्रिय सदस्य उपस्थित हुए। अल्पसंख्यक मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष आजाद हुसैन अंसारी ने कहा की शहिद शेख भिखारी और टिकैत उमराँव सिंह का आज शहादत दिवस है । 1857 की क्रांति का बिगुल फूंकनेवाले दोनों वीरों को चुटुपालु घाटी के निकट पेड़ पर बिना मुकदमा चलाएं, अंग्रेजों ने 8 जनवरी 1858 को फांसी दी थी । शहादत दिवस में मुख्य रूप से आजाद हुसैन अंसारी, रूपा महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, राजू बेदिया, धनेश्व महतो,अनवर अंसारी, सुभान अंसारी, मुस्लिम अंसारी, सानिया परवीन ,शाहनवाज अंसारी, मोहम्मद अफरोज, मोहम्मद अनवर, परवेज अंसारी के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे ।


## कार्यालय: कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा), हजारीबाग

### आवश्यक सूचना

आत्मा–समेति सहायय अनुदान के तहत् सर्वश्रेष्ठ कृषक (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) पुरस्कार हेतु आवेदन करने के लिये संबंधित प्रखंड के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक/सहायक तकनीकी प्रबंधक को विहित प्रपत्र में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि के सात दिनों के अंदर कार्यालय अवधि में आवेदन जमा करें।

सर्वश्रेष्ठ कृषक पुरस्कार हेतु कृषक की विवरणी से संबंधित प्रपत्र

| क्र0 | विवरणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|
| I. | सामान्य सूचना | |
| 1 | कृषक का नाम | |
| 2 | पिता/पति का नाम | |
| 3 | उम्र (55 वर्ष से कम) | |
| 4 | लिंग (महिला/पुरूष) | |
| 5 | शैक्षणिक योग्यता (न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण) | |
| 6 | श्रेणी (अनु0ज0जा0/अनु0जा0/पिछड़ा/अनारक्षित) | |
| 7 | ग्राम | |
| | पंचायत | |
| | प्रखण्ड | |
| | जिला | |
| | पिन कोड | |
| 8 | मोबाईल नं0 | |
| 9 | आधार न0/मतदाता पहचान पत्र (अनिवार्य) | |
| 10 | मृदा स्वास्थ्य कार्ड (है/नहीं) | |
| 11 | किसान क्रेडिट कार्ड (है/नहीं) | |
| 12 | प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में निबंधन (है/नहीं) | |
| 13 | समेकित कृषि प्रणाली (है/नहीं) | |
| II. | आवश्यक योग्यता | |
| 14 | सदस्यता (स्वयं सहायता समूह/सहकारिता समूह/उत्पादक समूह आदि) | |
| | केन्द्रीय एवं राज्य कृषि योजना में सहभागिता/लाभान्वित | |
| 15 | प्रखण्ड/जिला/राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त पुरस्कार/सम्मान की विवरणी | |
| 16 | प्रकाशित/मुद्रित सफलतम कहानी/लघु फिल्म (है/नहीं) | |
| 17 | राज्य के बाहर प्रशिक्षण/परिभ्रमण/प्रदर्शनी/कार्यशाला में भाग लेने की विवरणी | |
| 18 | कृषक प्रक्षेत्र में राज्य/केन्द्रीय पदाधिकारियों की भ्रमण विवरण (फोटोग्राफ/दस्तावेज/अखबार में प्रकाशित पेपर कटिंग) | |
| 19 | कृषि योग्य भूमि (एकड़) | |
| | क. सिंचित भूमि | |
| | ख. असिंचित भूमि | |
| | ग. सिंचाई का श्रोत | |
| | घ. उपयोग की जा रही आधुनिक कृषि यंत्र (नाम) | |
| | 1. | |
| | 2. | |
| | 3. | |
| | 4. | |
| | 5. | |
| 20 | प्रयोग की जा रही तकनीकी का विवरणी | |
| | क. सूक्ष्म सिंचाई (एकड़) (है/नहीं) | |
| | ख. पॉली हाउस/ग्रीन हाउस (एकड़) (है/नहीं) | |
| | ग. मल्चींग (है/नहीं) | |
| | घ. जैविक खेती (है/नहीं) | |
| | ड़. अन्य | |
| 21 | पशु एवं गव्य पालन | |
| | क. पशुओं का नस्ल (संकर/देषी) | |
| | ख. पशुओं का आवासन एवं प्रबंधन (है/नहीं) | |
| | ग. पशुओं को संतुलित आहार (है/नहीं) | |
| | घ. पशुओं में नियमित टीकाकरण (है/नहीं) | |
| | ड़. पशुओं का प्रजनन प्रणाली एवं प्रबंधन (है/नहीं) | |
| 22 | मत्स्य पालन | |
| | क. मत्स्य पालन की जा रही क्षेत्र (एकड़) | |
| | ख. जीरा उत्पादन स्वयं/बाहर से किया जाता है | |
| | ग. वार्षिक कुल उत्पादित मत्स्य (टन) | |
| | घ. मत्स्य पालन की विधि (खुला/पिंजड़ा) | |
| | ड़. आहार प्रबंधन | |
| 23 | अन्य (कृषि संबंधित) | |
| | 1 | |
| | 2 | |
| 24 | शुद्ध आय | |
| | क. कृषि | |
| | ख. पशुपालन एवंगव्य पालन | |
| | ग. मत्स्य | |
| | घ. अन्य (कृषि संबंधित) | |
| 25 | कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया गया है/नहीं (हॉं तो 200 शब्दों में विवरणी दें) | |
| | घोषणा :–<br>स्थान :–<br>तिथि :– | आवेदक का हस्ताक्षर |

PR 343797 Agriculture (24-25)_D

परियोजना निदेशक,
आत्मा, हजारीबाग

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# 1975 की घटना का हवाला देते हुये कोयला का उत्पादन नहीं करने का आदेश जारी

- जीतपुर कोलियरी के 14 एवं 12 सिम के कई ब्लॉक का उत्पादन की शुरुआत तक नहीं हुई
- प्रबंधन की मनमानी एवं लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लगभग 700 असंगठित मजदूर
- सांसद दुल्लू महतो ने इस्पात मंत्री से की कोलियरी चालू करने की मांग

**सैयद अरमान @ प्रभात मंत्र**

**झरिया :** प्रबंधन की लापरवाही के कारण लगभग 25 वर्षो तक उत्पादन करने वाला सेल के जीतपुर खदानों को पानी ने डूबा दिया। चारो तरफ अधिकारियो की लापरवाही ही लापरवाही दिख रही है। ना कोई जांच ना कोई आवाज़ उठाने वाला। सेल के कई नेता डर के साए में जी रहे हैं। उन्हे ट्रांसफर का डर सता रहा है। असंगठित मजदूर की ज़िन्दगी बद से बदतर हो गई है। पहले पर्यावरणीय स्वीकृति के मामले ने लम्बे समय तक कोलियरी का उत्पादन बंद कर के रखा था और अब पानी ने डुबो दिया। लोगों का कहना है की सत्ता पक्ष एवं विपक्ष की आवाज़ में वो दम नहीं जो कोलियरी का उत्पादन दुबारा चालू करा सके। मैनेजमेंट के आगे सरकार भी बोनी पड़ती दिख रही है। एक तरफ लोगो को अपने राज्य में ही रोज़गार देने की बात करने वाली झारखण्ड सरकार अब क्या 700 मजदूर को रोज़गार दिला पाएगी कार्य कर रहे लोगो का कहना है की जीतपुर कोलियरी के 14 सिम के कई ब्लॉक एवं 12 नंबर सिम में लाखो टन कोयला मौजूद है। जिसकी उत्पादन की शुरूआत तक नहीं हुई है। ऐसा लगता है की सारा कोयला ज़मीदोज़ होकर रह जाएगा। ये सारा कोयला वाशरी ग्रेड का कोयला बताया जा रहा है।

**मुख्य महाप्रबंधक ने लिखित रूप से कही ये बातें**

मुख्य महाप्रबंधक ने 1975 की घटना का हवाला देते हुए एक टन भी कोयला का उत्पादन नहीं होने का आदेश जारी कर दिया है। कहना है की कोयला खदान विनियमों, संबंधित नियमों और आदेशों के तहत सुरक्षा मानक का उल्लंघन करते हुए बिना अनुमति के एक भी टन कोयले का उत्पादन नहीं किया जाएगा। कारण यह है की छत में दरारों के माध्यम से पानी का रिसाव हो रहा है। आसपास की खदानों के



अवरोधक खंभे समय के साथ खराब हो रहे हैं। टाटा स्टील की खदानों के 14 सीम में पानी जमा होने की बात कही जा रही है। जामाडोबा समूह पहले से ही 25 पंपों के साथ पंपिंग कर रहा है, लेकिन इसे लंबे समय तक जारी नहीं रखा जा सकता। ऐसी स्थिति में जीतपुर कोलियरी के 14 सीम में हमेशा जल जमाव की संभावना बनी रहेगी। डीवीसी द्वारा बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में जल जमाव की स्थिति काफी विकराल हो जाती है। जैसा कि पहले भी देखा जा चुका है। जीतपुर कोलियरी के 14 सीम में किसी भी ब्लॉक का संचालन अध्ययन रिपोर्ट और उसके बाद खान सुरक्षा महानिदेशालय की अनुमति पर निर्भर करेगा, लेकिन ऐसा होता दिखाई नहीं दे रहा है।वहीं धनबाद लोकसभा सांसद दुल्लू महतो ने भी इस्पात मंत्री को लिखित शिकायत कर मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच करने की मांग कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के साथ साथ कोलियरी को पुनः चालू करने की मांग की है।

## अखिल भारत किन्नर समाज के महाअधिवेशन में उपायुक्त हुई शामिल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा बुधवार को अखिल भारत किन्नर समाज के महाअधिवेशन में शामिल हुई। इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ने थर्ड जेंडर के अधिकारों को लागू करने और उसकी निगरानी करने के लिए एक अलग सेल का गठन किया है। इसलिए थर्ड जेंडर को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। सबके लिए समान व्यवहार, समान अधिकार और समान अवसर प्रदान करने तथा समाज के अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं को क्रमशः लागू करने के लिए सरकार के साथ साथ धनबाद जिला प्रशासन भी प्रतिबद्ध है।महाअधिवेशन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सहयोग प्रदान करने के लिए किन्नर समाज ने उपायुक्त को बहुत दुआएं दी। साथ ही शॉल ओढ़ा कर और मोमेंटो प्रदान कर उपायुक्त को सम्मानित किया। इस मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी, किन्नर समाज की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी नायक, आलव्या नायक, बबीता नायक, ज्योति नायक, जोधाबाई नायक, अरुणा नायक, लालन नायक, मुन्नी नायक, श्वेता किन्नर, निर्मला किन्नर, रेखा किन्नर, राखी किन्नर आदि मौजूद थे।

## बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिनांक 08 जनवरी 2025 को निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन की अध्यक्षता में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में की गई। इस दौरान निदेशक डीआरडीए ने किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ देने और इसका क्रियान्वयन को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि फसल बीमा के लिए प्राप्त आवेदनों की दस्तावेजों की जांच करें। इसके लिए जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर टीम गठित करें। योग्य किसानों का चयन कर उन्हें फसल बीमा का लाभ प्रदान करें। साथ हीं बीमा कंपनी बजाज के प्रतिनिधि को 15 दिनों के अंदर बीमा से संबंधित सभी दस्तावेज जिला सहकारिता कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजनान्तर्गत प्रखण्ड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे पैक्स / व्यापार मंडल को 500 एम0टी0 क्षमता के गोदाम वाला मॉडल पैक्स के रूप में विकसित करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान 3 प्रस्ताव में से लटानी फतेहपुर पैक्स, पूर्वी टुंडी एवं पलानी पैक्स, बलियापुर को स्वीकृति प्रदान की गई। इसकी कुल लक्ष्य सात में से दो पैक्स को स्वीकृति प्रदान की गई। लक्ष्य पूरा करने हेतु बाकी गोदाम के भूमि हेतु संबंधित अंचलाधिकारियों से पत्राचार हेतु जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया गयासाथ हीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कृषि, पशुपालन एवम् सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) द्वारा प्रस्तावित 05 एम0टी0 क्षमता के सौर उर्जा चलित मिनी कोल्ड रूम के निर्माण हेतु पैक्सों के चयन के स्वीकृति के संबंध में चर्चा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कुल 6 पैक्स को स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमे पुटकी पैक्स धनबाद, रंगुनी पैक्स बाघमारा, बरियो पैक्स गोविंदपुर, परासी पैक्स गोविंदपुर, पलानी पैक्स बलियापुर एवं लेदाहरिया पैक्स कलियासोल सम्मिलित है। मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी वेद प्रकाश, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, जिला खेल पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी उमेश लोहरा, एलडीएम अमित कुमार समेत, जिला पशुपालन कार्यालय, जिला गव्य कार्यालय, जिला मत्स्य कार्यालय, धनबाद प्रबंध निदेशक, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि0, जिला विकास प्रबंधक, नावार्ड, लैम्पस/पैक्स के दो कृषक प्रतिनिधि, धनबाद बजाज एलायंज जेनरल इन्श्योरेन्स के प्रतिनिधि मौजूद रहें।

## अखिल भारतीय किन्नर समाज के महाधिवेशन में शामिल हुये दिलीप सिंह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद में पिछले छह दिनों से चल रहे



अखिल भारतीय किन्नर समाज के महाधिवेशन में बुधवार को युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष दिलीप सिंह ने शिरकत की। किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी, सचिव श्वेता किन्नर से उन्होंने आशीष लिया। किन्नर समाज की ओर से दिलीप सिंह को अंग वस्त्र मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।मौके पर दिलीप सिंह ने कहा कि बड़े ही हर्ष का विषय है कि किन्नर समाज के इस महाधिवेशन में देश भर से हजारों किन्नरों का जुटान हुआ है। किन्नर समाज आज कोयलांचल वासियों पर दिल खोल कर अपना आशीष लूटा रहीं हैं। मैं अखिल भारतीय किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी, सचिव श्वेता किन्नर और इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे तमाम किन्नरों को बधाई देता हूँ।

## एस.जे.ए.एस हॉस्पिटल ने किया सफल ऑपरेशन, गोली लगे गंभीर रूप से घायल मरीज़ की बचाई जान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल ने एक बार फिर अपनी उच्च गुणवत्ता और समर्पित चिकित्सा सेवाओं का परिचय दिया। बरवड्डा निवासी व्यापारी के परिवार के लिए यह अस्पताल उम्मीद की आखिरी किरण बन गया, जब उनकी जान खतरे में थी। गंभीर स्थिति में, जहां मरीज़ के पेट में गोली लगने से आंतरिक अंग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके थे, अस्पताल ने तुरंत और सटीक कदम उठा कर मरीज़ की जान बचाई।डॉ. दिव्या मोहंती, मुख्य शल्य चिकित्सक डॉ. अर्घ्य बासु और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन किया। चिकित्सकों ने बताया कि गोली ने लिवर और दाहिने गुर्दे को गंभीर क्षति पहुंचाई थी। इसके अलावा, गोली के रास्ते में कई आंतें भी घायल हो गई थीं और गोली रीढ़ की हड्डी के पास फंसी हुई थी। ऑपरेशन करीब चार घंटे तक चला। इस दौरान डॉक्टरों ने अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करते हुए मरीज़ के लिवर की मरम्मत की। दाहिना गुर्दा जो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था, उसे हटाना पड़ा। इसके अलावा,



घायल आंतों को भी ठीक किया गया। ऑपरेशन के दौरान मरीज़ को एस.जे.ए.एस ब्लड बैंक से चार यूनिट खून उपलब्ध कराया गया। वर्तमान में मरीज़ की हालत स्थिर है और अब वो पूरी तरह से स्वस्थ है।एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल के सीईओ डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने इस ऑपरेशन को अस्पताल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। वहीं मरीज़ के परिजन ने अस्पताल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

## मंईयां सम्मान योजना को लेकर आक्रोशित महिलाओं ने किया प्रदर्शन, होगी एफआईआर दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एक तरफ झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों के चेहरे पर खुशी है, वहीं दूसरी तरफ कई ऐसी महिलाएं भी हैं, जिन्हें सरकार से शिकायत और नाराजगी है। महिलाओं की नाराजगी की एक ऐसी ही बानगी धनबाद में देखने को मिली, जहां महिलाएं उग्र हो गई और अंचल कार्यालय का घेराव कर सड़क जाम कर दिया। साथ ही उन्होंने कार्यालय के बाहर मंईयां सम्मान योजना का पोस्टर भी फाड़ दिया और उसमें आग लगा दी।प्रदर्शन कर रही कई महिलाओं का कहना है कि वे पिछले चार-पांच दिनों से अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं। यहां आने के बाद कार्यालय में ताला लगा हुआ रहता है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर हम उपायुक्त कार्यालय भी गए हैं। वहां अधिकारी ने हमें अंचल कार्यालय जाने को कहा। लेकिन यहां आने के बाद कोई जानकारी नहीं मिल रही है। वहीं इस बाबत अंचलाधिकारी शशिकांत शंकर ने कहा कि पोस्टर फाड़ने वाली महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## अबुआ स्वास्थ्य कार्ड बनने से हृदय रोगी ने लिया राहत की सांस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** पांडरपाला निवासी एक व्यक्ति जो हृदय रोग से ग्रसित हैं। गंभीर रूप से बीमार उस व्यक्ति की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। चिकित्सकों ने उन्हें ओपन हार्ट सर्जरी की सलाह दी है। ऐसी अवस्था में मरीज के विचलित परिजन ने समाजसेवी मोहम्मद सद्दाम हुसैन एवं हाजी जमीर आरिफ से संपर्क किया। इस मामले पर इन दोनो सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बिना देर किए मरीज के घर पहुंचे और तत्काल रूप से अबुआ स्वास्थ्य कार्ड बना कर उनके हवाले किया। साथ ही मरीज को आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। समाजसेवियों के इस सहयोग से मरीज के परिजन ने काफी राहत की सांस ली और सेवकों का आभार प्रकट



किया। अब अबुआ स्वास्थ्य कार्ड के द्वारा मरीज का 15 लाख रुपए तक का बिल्कुल मुफ्त इलाज हो सकेगा।

## भाजपा ने चलाया संगठन पर्व सदस्यता अभियान

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर अध्यक्ष नित्यानंद मंडल के नेतृत्व में कई जगह सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें काफी संख्या में लोगो को भाजपा का सदस्य बनाया गया। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज बुधवार को धनबाद महानगर पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। इसी संदर्भ में बुधवार को बाघमारा विधानसभा के जेएनएम कॉलेज ग्राउंड में सदस्यता अभियान कार्यक्रम हुई जिसमें 476 सदस्य बनाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा शामिल हुए। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, कतरास अध्यक्ष भाजपा सूर्यदेव मिश्रा, साकेत श्रीवास्तव समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**

**Short e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-22/2024-25

Letter no - 18 Date:- 08/01/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of PCC Road From Newly Constructed Jharkhand Girl Residential School to Hirak Road main Road in Panchayat- Dari Block- Dari, District- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | **Rs.- 19,25,518.48** |
| 3. | Time of Completion | 06 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 15.01.2025 at 3:00 P.M **(e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in)** |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 22.01.2025 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 22.01.2025 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 24.01.2025 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag.**

**PR 343835 Minor Irrigation(24-25)#D**



**कार्यालय :- नगर पंचायत, लातेहार**

**बन्दोबस्ती आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2024–2025 (का शेष) एवं वर्ष 2025–26 (01 फरवरी 2025 से 31 मार्च, 2026 तक) के लिये खुली डाक द्वारा बोली दिनांक–27.01.2025 को 11.30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी। उस दिन बन्दोबस्ती नही होने की स्थिति में दिनांक 28.01.2025 एवं दिनांक–29.01.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न खुली डाक द्वारा बन्दोबस्ती की जायेगी।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | वर्ष 2024–2025 (का शेष) एवं वर्ष 2025–26 की न्यूनतम डाक की राशि | जमानत की राशि सुरक्षित जमा राशि का 10% | सैरात का आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत लातेहार में प्रवेश करने वाले व्यवसायिक वाहनों पर प्रवेश शुल्क का निर्धारण। | **(1193550.00+7161300.00=8354850.00)** | **835500.00** | **5000.00** |

**नोट :–**

1. उपरोक्त सैरात में भाग लेने वाले आवेदकों को संबंधित सैरात हेतु 5000.00 रूपये कार्यालय में नगद जमा कर संबंधित सैरात का आवेदन प्रपत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। तदोपरांत ही उपरोक्त सैरात में भाग लेने की स्वीकृति प्रदान की जायेगी। आवेदन प्रपत्र को नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में दिनांक 24.01.2025 से 25.01.2025 तक (कार्यालय कार्य दिवस में) प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही संबंधित आवेदन को मांग किये गये सभी कागजात एवं जमानत की राशि का बैंक डाफट् के साथ दिनांक 25.01.2025 के अपराहन् 5.00 बजे तक ही जमा किया जा सकता है। डाक की तिथि के दिन किसी भी प्रकार के आवेदन स्वीकार नही किये जायेगें।
1. छदम नाम से डाक बोलने वाले तथा भ्रम, अशान्ति पैदा करने वाले , सुरक्षीत जमा राशि से कम डाक की बोली बोलने वाले पर जमानत की राशि जब्त करते हुए कड़ी कानूनी कारवाई की जायेगी।
2. कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट / कार्यालय से सम्पर्क कर इस कार्य हेतु लागु किये गये सभी नियम एवं शर्तो को देखा जा सकता है या लातेहार जिला के वेवसाईड www.latehar.nic.in पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है।

**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, लातेहार**

PR 343748 Urban Development (24-25)_D



**कार्यालय असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा**

(Email Id: cs-chatra@jharkhandmail.gov.in)

**आम सूचना**

प्रखण्ड टण्डवा में ग्रामीण स्वास्थ्य सहिया का चयन विभागीय मार्गदर्शिका के आलोक में निम्नांकित विवरणी अनुसार किया जाना है :–

| क्रम | दिनांक | प्रखण्ड | राजस्व ग्राम | पंचायत | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 10.01.2025 | टण्डवा | सिसई | कबरा | 10:00AM | देवी मंडप सिसई |
| 02 | 11.01.2025 | टण्डवा | कबरा | कबरा | 10:00AM | पंचायत भवन कबरा |
| 03 | 15.01.2025 | टण्डवा | तेलियाडीह | नावाडीह उर्फ तेलियाडीह | 10:00AM | ऑगनबाड़ी केन्द्र, तेलियाडीह |
| | 16.01.2024 | | | | | पंचायत सचिवालय नावाडीह ऑगनबाड़ी केन्द्र |
| 04 | 18.01.2025 | टण्डवा | कारो | बहेरा | 10:00AM | उत्क्रमित विद्यालय, कारो |
| 05 | 24.01.2025 | टण्डवा | तोरहद | बेंती | 10:00AM | तोरहद इमली पेड़ के पास |

**असैनिक शल्य चिकित्सक–सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।**

**PR.NO.343811 Health Med Edu and Family Welfare(24-25):D**



**कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण, आत्मा, कोडरमा**

**एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि उन्नति योजना)**

एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि उन्नति योजना) अन्तर्गत प्रखण्ड स्तर पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) कोडरमा द्वारा एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (कृषि उन्नति योजना) अन्तर्गत अंकित अहर्ता एवं अनुभव के आधार पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु निम्नांकित पदो के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है:–

| क्र0सं0 | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता | अनुभव | नियुक्ति का प्रकार | अनुबंध अवधि एक वर्ष के लिए | एकमुस्त मासिक परिलब्धि (रू0में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) | Post Graduate in agri./allied sector with computer skill | Minimum 2 years field experience agriculture | संविदा आधारित | एक वर्ष | Consolidated Rs. 30000/- (25000+5000) p.m (An annual increase of 10% in emoluments for such employees who continue in their employment for one year) |
| 2 | सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) | Graduate/ Post Graduate in agri./allied sector | Preferably one Year | संविदा आधारित | एक वर्ष | Consolidated Rs. 25000/- (21000+4000) p.m (An annual increase of 10% in emoluments for such employees who continue in their employment for one year) |

**प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधकों / सहायक तकनीकी प्रबंधकों की श्रेणीवार रिक्तियाँ**

| क्र0सं0 | पदनाम | सामान्य (Gen.) | अ0जा0 (SC) | अ0ज0जा0 (ST) | पिछड़ा वर्ग (BC-2) | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (BC-1) | EWS | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) | 1 | 1 | – | 1 | 1 | – | 4 |
| 2 | सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) | – | 2 | 1 | – | – | – | 3 |

नोट : 1. विस्तृत जानकारी नियुक्ति शर्ते, आवेदन पत्र प्रारूप एवं एकरारनामा के लिए कोडरमा जिला के **NIC** वेबसाईट पर **koderma.nic.in** एवं **ATMA** के वेबसाईट www.atmakoderma.in से प्राप्त किया जा सकता है।

2. अधिक जानकारी के लिए कार्यालय परियोजना निदेशक, आत्मा कोडरमा, संयुक्त कृषि कार्यालय (समाहरणालय परिसर) से संपर्क किया जा सकता है।

**जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक आत्मा, कोडरमा**

PR 343777 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)24-25*D

# जिले में ओबीसी आरक्षण बढ़वाने की दिशा में होगा प्रयास : विधायक भूषण बाड़ा

➲ तेली समाज का स्वागत सह अभिनंदन समारोह संपन्न
➲ कार्यक्रम में विधायक विक्सल कोंगाड़ी और विधायक भूषण बाड़ा कोहा किया गया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि तेली समाज मेरा अपना परिवार है। इस समाज के सभी बुजुर्ग मेरे माता पिता हैं। युवक-युवतियां मेरे भाई बहनें हैं। इसलिए तेली समाज के विकास और उत्थान में अपने स्तर से हर सम्भव प्रयास किया जाएगा। समाज के एक एक व्यक्ति को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करके का प्रयास जारी रहेगी। जिले में ओबीसी आरक्षण शून्य है। इस समस्या को दूर करते हुए जिले में ओबीसी आरक्षण बढ़ाया जाएगा। विधायक बुधवार को शहर के ढेबर ग्राम स्थित तेली छात्रावास में विधायकों के स्वागत सह अभिनंदन समारोह में कही। समाज के जिलाध्यक्ष जगदीश साहू की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि सभी परिवार समाज की एक इकाई है। परिवारों से मिलकर ही समाज का निर्माण होता है। अगर परिवार के सभी सदस्य स्वस्थ व खुशहाल होंगे, तो समाज भी खुशहाल होगा। पारिवारिक सुख और शांति के लिए परिवार के सदस्यों में आपसी स्नेह, विश्वास और सम्मान आवश्यक है। अगर परिवार के सदस्य आपस में प्रेम से रहेंगे, मेलजोल से रहेंगे तो परिवार व समाज में भी सुख व शांति का वास होगा। विधायक समाज के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी आग्रह किया। कार्यक्रम में विधायक विक्सल कोंगाड़ी और विधायक भूषण बाड़ा और विधायक विक्सल कोंगाड़ी का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

**तेली समाज की सभी परेशानियों को किया जाएगा दूर : विधायक विक्सल कोंगाड़ी**

विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि तेली समाज के लोग आज हर क्षेत्र में अपनी दमदार उपलब्धि प्राप्त की है। लेकिन जिले में ओबीसी आरक्षण शून्य कर दिए जाने से समाज के लोग कई परेशानियों से वंचित हो रहे हैं। सरकार से मिलकर जल्द आरक्षण संबंधी समस्या का निदान किया जाएगा। विधायक विक?सल ने कहा कि प्रत्येक इंसान की पहचान उसके संस्कारों से होती है। उच्च संस्कार ही मानव को महान बनाते हैं। अच्छा संस्कार मनुष्य की अमूल्य धरोहर है। समाज के लोग भी अपने बच्चों को अच्छा संस्कार दें।

**संगठित होकर अपने हक और अधिकार के लिए बलुंद करें आवाज : अरुण साहू**

मौके पर उपस्थित तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह बरही विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने समाज की समस्याओं एवं उपलब्धियों को रखा। उन्होंने समाज के लोगों को संगठित रहने एवं अपने हक और अधिकार के लिए आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा दें। समाज के व्याप्त समस?याओं को मिलकर दूर करें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष जगदीश प्रसाद साहू, संरक्षक राम कैलाश, कोषाध्यक्ष सुनीलाल साहू, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि मो. समी आलम, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, मुखिया मुंश खेस, जिला महासचिव सह नगर प्रभारी शशि गुड़िया, मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, शंभू प्रसाद, 20 सूत्री सदस्य मनोहर प्रसाद, संजय तिर्की, लखन गुप्ता, तेली समाज के महिला अध्यक्ष सीता देवी, मो खुबैब शाहिद, मो अज़ीमुल्ला सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## कैरो प्रखंड के अनेकों बूथों में भाजपा ने बनाये सदस्य, भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : विन्देश्वर उरांव



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 08 जनवरी बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कैरो प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो की अगुवाई में एवं प्रदेश जनजाति मोर्चा महामंत्री विन्देश्वर उराँव, प्रदेश सद्स्य बजरंग उराँव, मुखिया श्रवण मुंडा, प्रदीप लोहरा की उपस्थिति में प्रखंड के अनेकों बूथों में पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत बनाये गये भाजपा 2024 के नए सद्स्य। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री विन्देश्वर उराँव व उपरोक्त भाजपाईयों ने कैरो प्रखंड के हनहट, हुद्द, गितिलगढ़, तोड़ान्ग, टाटी, खरता, सढाबे इत्यादि ग्रामों के बूथ क्षेत्रों में जाकर भाजपा का ऑनलाईन व आफलाईन भाजपा के सैकड़ो नए सद्स्य बनाये। प्रदेश महामंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं को 80 00 00 2024 नम्बर अपने मोवाईल मे मिस काल करने को कहा इसके साथ ही ओटीपी आने पर अपना नाम पता मोबाईल में लिखने को उपस्थित लोगों से कहा इसके साथ ओके करने पर ऑनलाईन भाजपा के सद्स्य बनाये गये, जिनके पास स्मार्ट मोबाईल नहीं रहने पर उन्हे आफलाईन सद्स्य बनाये गये। महामंत्री विन्देश्वर उराँव ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं के बदौलत भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है। भाजपा नेताओं की नहीं कार्यकर्ताओं की पार्टी है, इस पार्टी में कार्यकर्ता ही निर्णय लेते हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भी आप ही के जैसा पार्टी के कार्यकर्ता हैं। भाजपा जो कहती है वह करती है। महामंत्री ने अधिक से अधिक लोगो को 88 00 00 2024 नम्बर डायल कर भाजपा का सद्स्य बनने का आम अवाम से अपील की है।

## 11 जनवरी को कैरो प्रखंड में कांग्रेस का पदयात्रा कार्यक्रम आयोजित, प्रदेश अध्यक्ष होंगे शामिल

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सम्मानित अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार जय बापू, जय भीम अभियान, संविधान अभियान कार्यक्रम के तहत दिनांक 11/01/2025 को अपराह्न 3.00 बजे से कैरो प्रखण्ड मुख्यालय में पदयात्रा करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सह प्रभारी बेला प्रसाद एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेता गण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारियों, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, महिला कांग्रेस युवा कांग्रेस एनएसयूआई सेवा दल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ओबीसी प्रकोष्ठ एससी प्रकोष्ठ एसटी प्रकोष्ठ,सभी प्रखण्ड अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष बूथ स्तर के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेताओं से निवेदन है कि समय पर उपस्थित होकर पदयात्रा कार्यक्रम को सफल बनाएं। यह जानकारी जिला अध्यक्ष सुखेर भगत ने दी

# नशा मुक्त होकर मुख्य धारा से जुडे आदिवासी समाज : लक्ष्मी नारायण भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 12 पड़हा पेशरार के कौवाडार अम्बा महुआ गांव में समाजिक बैठक पड़हा देवान रामदेव उरांव के अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला राजी पड़हा वेल लक्ष्मी नारायण भगत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में समाजिक न्याय एवं परम्परागत शादी विवाह, धर्म संस्कृति, पूर्वजों से आ रहे पूजा पद्धति एवं परम्परागत पहचान पर काफी विचार विमर्श किया गया। श्री लक्ष्मी ने कहा कि आज हमारे समाज मे काफी संगठन है परन्तु कुछ संगठन राजनीति एवं चर्च के इशारे पर काम करने से समाजिक पहचान एवं परम्परागत पूजा पद्धति में अनेक दरार एवं परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इस वजह से धर्मांतरण काफी हो रहा है। एवं आरक्षण नीति में भी हमारे सामने दोहन किया जा रहा है। हमें एकजुट होना होगा, नशा मुक्त होकर शिक्षा और व्यापार को बढ़ावा देना होगा। बैठक में केरार, चैनपुर, दुग्गू, पेशरार, ओनेगड़ा, मदनपुर, कौवाडार, पुतरार, रोरद, चंदल्गी आदि गांवों से उपस्थित थे। मुख्य रूप से देवान रामदेव उरांव, कोटवार लाले उरांव विश्राम, रोपना, महेश, सहेन्दर, चरवा, धन्वा, सुशील, जहेन्दर, जगलाल, विनेश्वर, करमचंद, रविन्द्र, बुधराम, जलेश्वर, शिवदयाल, जितेन्द्र आदि उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बुधवार को सबकी योजना सबका विकास के तहत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। सबकी योजना सबका विकास थीम की जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत प्रदान संस्था के नवलीन कौर,रामस्वरथ महतो,मनसा रानी, सलोनी रानी, वंदना कुमारी द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ ही ग्राम पंचायत का विकास के लिये बाल हितैषी गांव, गरीबी मुक्त उन्नत आजीविका, महिला हितैषी गांव, सुशासन गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, समाजिक रूप से सुरक्षित गांव सहित विभिन्न ग्राम पंचायत का विकास के लिये योजनाओं को क्रियावन्यन करने के बारे में भी बताया गया और गांव का विकास के लिये ग्रामीण स्तर पर योजनाएं तैयार के लिये प्रशिक्षण के क्रम में जानकारी देते हुए गांव में महिला सभा का आयोजन करने के बारे में डायन बिसाही और घरेलू हिंसा के बारे में महिला शिकायत कोषांग का गठन और महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के बारे में भी बताया गया। तथा महिला जनप्रतिनिधियों के क्षमता विकास के बारे में बताया गया। मौके पर ग्राम सहजकर्ता दल के सदस्य विकास साहू, प्रीति देवी, संगीता देवी, मुनि देवी, जन्मेजय महतो, पूनम देवी, प्रियंका कुमारी, शीला कुमारी, नीलम माधुरी, पंचायत सचिव डोली तिर्की, नागमणी उरांव, संगीता गाड़ी कोमल सहित अन्य उपस्थिति थे।

## डॉ. एमके रॉय की माँ का मना प्रथम पुण्यतिथि



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर में चाँदसी दवा खाना के नाम से मशहूर डॉ मलय कुमार रॉय ने अपनी माता स्वर्गीय लालमती देवी के प्रथम पुण्यतिथि पर सनातन धर्म ग्रन्थ के पुस्तक श्री राम चरित्रमानस से सम्मानित किया,और उन्होंने इस पुनीत कार्य कर समाज मे एक नई उदाहरण पेश किया,जिससे शहर के प्रबुद्ध लोगों उन्हें यह सराहनीय करने का उदाहरण दिया हैं।जो सभी के अनुकरणीय हैं, कार्यक्रम रविवार की रात्रि आठ बजे शहर के महावीर जी भवन जपला में एक समारोह के रूप में शहर के प्रबुद्ध व धर्म कार्यो में लगे लोगों के बीच किया,कार्यक्रम का संचालन सचिन कुमार आनंद ने किया,अध्यक्षता आरएसएस के जिला संघ चालक दिनेश प्रसाद कश्यप ने किया,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ मलय कुमार रॉय ने कहा मैं बचपन से जपला में रह गया आप लोगों का प्यार आशीर्वाद मुझे हमेशा प्राप्त होते रहता हैं परंतु विगत पिछले वर्ष जनवरी में मेरी माँ की स्वर्गवास हो गयी थी। आगे उन्होंने कहा कि मेरी माँ ने यह संस्कार दिया था कि समाज,धर्म व राष्ट हितों में किये गए कार्य ही किसी के प्रति सच्ची भक्ति व श्रद्धा हैं आज मेरी माँ इस दुनिया मे नही हैं लेकिन आप साबो का प्यार व आशीर्वाद मुझे आज तक मिल रहा हैं ।तो मैंने सोचा कि आपके कार्यो में समय नही दे पाता हूँ लेकिन जो लोग समाज व धर्म,राष्ट्रीय चेतना में लगे हुए हैं वे सम्मान के पात्र हैं,वही दिनेश प्रसाद कश्यप ने डॉ एम के रॉय के द्वारा यह कार्य सराहनीय व अनुकरणीय बताया,वहीं कार्यक्रम में देवी मंदिर एवं महावीर मंदिर दोनो मंदिर प्रबंधन समितियों को एक एक पंचदीप देकर सम्मानित किया गया शेष सभी को श्री राम चरितमानस ग्रन्थ पुस्तक देकर सम्मानित किया गया वंही सचिन आनंद ने कहा समाज का जो कार्य करता हैं, कुछ लोग नकारात्मक सोचते है कुछ लोग सकारात्मक, श्री चरित्र मानस जीवन के दोनों पहलुओं को दर्शाता हैं यह जीवन हर मानव जीवन के लिए अनुकरणीय हैं। मौके पर डॉ शिव प्रसाद मेहता, आलोक नाथ केशरी, अजित अग्रवाल, राकेश तिवारी, उत्तम कुमार, कल्लू ठाकुर, संजय सोनी, श्रवण अग्रवाल, उदय नाथ विश्वकर्मा, विकास चौधरी, अजित अग्रवाल, गोपाल पाठक, प्रकाश अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, मिंटू अग्रवाल, संतोष कश्यप, रविन्द्र कुमार, समेत सैकड़ो के संख्या में शहर के प्रबुद्ध लोग शामिल थे।

## सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित, कर्मियों को दिलाई गई शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहदरगा :** लोहदरगा प्रखंड सभागार में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सभी कार्यालयों के कर्मचारियों ने भाग लिया और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझने के साथ-साथ शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि सड़क पर अनुशासन और नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सड़क सुरक्षा, जीवन की रक्षा जैसे प्रेरक नारे लगाए गए, और सभी ने सुरक्षित और जिम्मेदार यातायात व्यवहार अपनाने की शपथ ली। इस अवसर पर लोहदरगा ब्लॉक के अधिकारी ने कहा, सड़क सुरक्षा को लेकर सभी को जिम्मेदार बनना होगा। यह हमारी और हमारे समाज की सुरक्षा से जुड़ा हुआ विषय है। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के शपथ लेने के साथ हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में जिला सड़क सुरक्षा के के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त द्वारा किया गया योजना का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण उप विकास आयुक्त द्वारा किया गया। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने जिला परिषद विभाग से निर्मित सेन्हा राइस मिल एव कलेहपाट गांव में पीसीसी पथ निर्माण का निरीक्षण किया। तथा प्रखंड क्षेत्र के मुरकी तोड़ार पंचायत में मनरेगा योजना से हो रहे कार्य बागवानी, ट्रेंच कटिंग, कूप निर्माण एव अबूआ आवास योजनाओं का निरीक्षण करते हुए कार्य मे प्रगति लाने के लिये प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मु को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा योजना कार्य मे अधिक से अधिक मजदूरों को काम देने और ससमय योजना को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीआरओ सुजीत उरांव,वंदना कुमारी, आरती चेरमाको सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अनुमंडल मुख्यालय में घर के बाहर से बाइक चोरी, चोरों के हौसले बुलंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र में वाहन चोरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। ताजा मामला पाल्हे कलां गांव निवासी अजीत कुमार चौबे का है हीरो पैशन एक्स प्रो (JH 03 E 8365) बाइक रात उनके घर के बाहर से चोरी कर ली गई। पीड़ित अजीत कुमार चौबे ने बताया कि उन्होंने अपनी बाइक को रोज की तरह शाम 7:00 बजे घर के बाहर हैंडल लॉक कर खड़ा किया था। लेकिन सुबह जब वे 4:00 बजे उठे और बाहर देखा, तो उनकी बाइक गायब थी। घटना के बाद उन्होंने आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन किया।लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला।थक- हार कर उन्होंने नगर ऊंटारी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई और पुलिस से बाइक बरामद करने के साथ-साथ चोर गिरोह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग किया है।इस तरह की बढ़ती चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोग खौफ और नाराजगी में हैं। लोगों का कहना है कि वाहन चोर गिरोह लगातार सक्रिय है और पुलिस प्रशासन की गश्ती व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने कहा है कि जल्द ही बाइक चोरों को पकड़कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे।

## ज्ञानेश्वर सिंह सहायक कमांडेंट के नेतृव में मानव चिकित्सा कैम्प का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सशत्र सीमा बल किस्को तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को द्वारा संयुक्त रूप से मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन आज बुधवार को किस्को प्रखंड के सेमरडीह में किया गया। मानव कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत राजेश सिंह, कमांडेंट 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सिलम गुमला के मार्ग निर्देशन में, आज दिनांक 08.01.2025 को ग्रामसभा-सेमरडीह में जी समवाय सशस्त्र सीमा बल किस्को के कंपनी कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह सहायक कमांडेंट के नेतृव में मानव चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. हिमांशु गिरी सहायक कमांडेंट, 32 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के माथ डॉ. प्रियंका, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद किस्को के द्वारा सेमरडीह, वाणपुर, डटमा व आस पास के लगभग 100 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जाँच किया गया और साथ ही निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर ज्ञानेश्वर सिंह, सहायक कमांडेंट समवाय सशस्त्र सीमा बल किस्को ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल समय समय पर अपने आदर्श वाक्य सेवा सुरक्षा व बंधुत्व को चरितार्थ करते हुए ग्रामवासियों की मदद व युवाओ के उत्थान हेतु जन कल्याण कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है ताकि क्षेत्र के पिछड़े व वंचित लोगों को जन-सुविधाओ का लाभ पहुंचाया जा सके। अंत में उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की मदद की जरुरत पड़ती है तो सशस्त्र सीमा बल आपके साथ है। आज के कार्यक्रम में उप0 नि0 सुमन मिंज थाना प्रभारी किस्को, खरकी पंचायत के मुखिया चाँदमनी उराँव, प्राथमिक विद्यालय सेमरडीह के प्रधानाचार्य व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# समुदायों में किया जा रहा है विंटर कैंप का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** 23 दिसंबर 2024 से 13 जनवरी 2025 तक 12 समुदायों में विंटर कैंप का आयोजन किया जा रहा है सिमडेगा जिला अंतर्गत कोलेबिरा प्रखंड के 12 गांव - सोकोरला राजू टोली, पहाड़ टोली, छोटकाटोली, कुंदरुडेगा, शिवनाथपुर, श्री कडकारा, पश्चिम कोलेबिरा, बेलाटोली, लरबा, जमटोली भंडारटोली, सरायपानी, सारंगापानी में अल्मा मेटर व पार्टनर संस्था दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के माध्यम से चल रहे छलांग परियोजना के अंतर्गत खेल मेला का आयोजन किया गया द्य यह कार्यक्रम दो पाली में चल रही है पहला सुबह 9ः00 बजे से 12ः00 बजे तक और दूसरा 2ः00 बजे से 5ः00 बजे तक चला रहा है जिसमें गांव के बच्चे जिनका उम्र 6 से 14 तक है वो बच्चे विंटर कैंप में आ रहे और खले से संबंधित अनेक गतिविधियां कर रहे हैं द्य सभी 12 गांव में एक खेल मेला का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चों के साथ-साथ बच्चों के अभिभावक भी खेल गतिविधि में भाग ले रहे हैं द्य खेल मेला में बच्चों और अभिभावकों को प्रोत्साहित करने के लिए कम्युनिटी में पुरस्कार के तौर पर कप और और अच्छे खिलाड़ी को मेडल देखकर खेल के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा हैद्य खेल मेला का उद्देश्य यह है की बच्चों में शारीरिक खेल गतिविधि पर रुचि पैदा की जा सके जिससे उनका शारीरिक और मानसिक और बौधिक विकास हो और यह कार्यक्रम स्कूल ठंड छुट्टी में बच्चों के साथ किया जा रहा ताकि बच्चें विद्यालय में पढ़ाई किए हुआ भूले नहीं और गलत संगत या नशा पान से बच्चों को सुरक्षित किया जा सकें। बच्चे और अभिभावक छलांग के इस कार्यक्रम से बहुत खुश हैं और छलांग को धन्यवाद देते हुए कहा की आगे होने वाले हर कार्यक्रम में वे शामिल होंगे तथा दूसरे बच्चों को भी शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे द्य इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अल्मा मेटर संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक भूपेंद्र कंसारी, क्षेत्र समन्वयक रश्मि होरो, आशा टोपनो, दीपक दास, शशि भूषण साहू और समुदाय के 50 वॉलिंटियर का पूर्ण सहयोग हो रहा है।

## चलते चलते एक नजर

### सीईओ ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक



**नई दिल्ली** : दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025 की घोषणा के बाद दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आर. एलिस वाज ने बुधवार को राष्ट्रीय और राज्य स्तर के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) और चुनाव व्यय निगरानी उपायों के कार्यान्वयन पर पार्टियों को जानकारी देना था।बैठक में सीईओ ने आदर्श आचार संहिता के पालन के महत्व पर जोर दिया। यह आचार संहिता चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद से लागू हो गई। उन्होंने राजनीतिक अभियानों, नैतिक प्रथाओं और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने वाली गतिविधियों के निषेध के लिए प्रमुख दिशा-निर्देशों पर प्रकाश डाला।सीईओ ने चुनाव व्यय की निगरानी के उपायों को भी रेखांकित किया, जिसमें व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, निगरानी दल और उल्लंघनों पर नज़र रखने के लिए नियंत्रण कक्षों की स्थापना शामिल है। उन्होंने राजनीतिक दलों से अभियान के वित्त में पारदर्शिता बनाए रखने और निर्धारित समय सीमा के भीतर व्यय विवरण प्रस्तुत करने का आग्रह किया।बैठक में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों ने खुल कर अपने सवाल किए और मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उनका जवाब दिया। कई प्रतिनिधियों ने प्रतिक्रिया भी व्यक्त कीं। इस बैठक में आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी,भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (दिल्ली राज्य) और नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### कल भाजपा का सदस्यता लेंगे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़ीसा के राज्यपाल रहे रघुवर दास कल यानी 10 जनवरी को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। रघुवर दास ओड़ीसा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद वह झारखंड वापस लौट आए हैं। वे अभी रांची स्थित अपने आवास पर हैं, जहां पर भाजपा नेताओं की भीड़ लग रही है और सभी धर्म के लोग रघुवर दास को एक बार फिर पार्टी में आने का स्वागत कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि 10 जनवरी को रघुवर दास भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे, जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा और करीब 1:00 बजे हुए भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ग्रहण करेंगे। भाजपा में रघुवर दास के आने से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा देखने को मिल रही है। लगातार लोग रघुवर दास से संपर्क बनाए हुए हैं, हालांकि कुछ ऐसे भी बड़े चेहरे हैं, भारतीय जनता पार्टी में जो रघुवर दास के पार्टी में आने से नाखुश नजर आ रहे हैं दबे जुबान यह भी कह रहे हैं कि भाजपा को ज्यादा नुकसान रघुवर दास के कार्यकाल से ही हुआ है, जबकि उनके चाहने मानने वालों का कहना है कि रघुवर दास ने 5 साल तक झारखंड में मजबूत सरकार चलाने का एक एतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है और ऐसे शख्सियत को भारतीय जनता पार्टी की जरूरत है।

### प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने वित्त मंत्री को दिखाई चैनपुर-नेउरा रोड की दुर्दशा

# 4 करोड़ की लागत से बनेगा चैनपुर-नेउरा रोड : वित्त मंत्री

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के साथ चैनपुर-नेउरा रोड की दुर्दशा को दिखाने पहुंची। इस सड़क के बारे में पब्लिक को हो रही असुविधा के बारे में प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने कुछ दिन पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर को बताया था। बुधवार को मंत्री श्री किशोर प्रथम महापौर अरूणा शंकर के साथ स्थल पर जाकर रोड की दुर्दशा को देखते हुए कहा कि इतनी दुर्दशा शहर के नजदीक मार्ग का होना दुखद है। मैं रोड को देखकर समझ सकता हूं कि कितनी दिक्कतों का सामना आसपास के लोगों को आवागमन में या इलाज कराने वाले मरीज को खासकर महिला मरीजो को होती होगी। मंत्री किशोर ने बताया कि प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मुझे 10 दिन पूर्व इस मार्ग के बारे में जानकारी दिया था। जिस पर मैंने संज्ञान लेते हुए तत्काल इसका एस्टीमेट विभाग को बनाने के लिए निर्देशित किया था। साथ ही 2 दिन पूर्व ही एस्टीमेट प्राप्त होते ही मैंने योजना स्वीकृति हेतु



अनुमोदित कर विभाग को भेज दिया हूं। अब जल्द टेंडर होकर यह सड़क बनेगा। मंत्री ने बताया कि यह रोड शानदार बनेगा। जिसमें लगभग चार करोड़ की लागत आएगी। जल्द इसका काम शुरू होगा। प्रथम महापौर ने मंत्री को पुनः दीनदयाल मार्ग खुलवाने का अनुरोध किया। जिस पर उन्होंने कहा कि मैं जल्द वहां जाकर स्थल एवं स्थिति का निरीक्षण करते हुए जनहित में मार्ग को चालू करआऊंगा। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक एवं कई ग्रामीण उपस्थित थे। इस मौके पर घनश्याम गुप्ता, गणेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, बिट्टू कमलापुरी, आनंद प्रसाद, उमेश प्रसाद, श्याम रजक, ईश्वरी पांडेय, भोला पांडेय, जिला परिषद फैसल अहमद व अविनाश देव उपस्थित थे।

### बाबूलाल ने शेख भिखारी और टिकैत उमराव के बलिदान दिवस पर किया नमन

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें शत-शत नमन किया। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें सादर नमन। कार्यक्रम में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, सचिव, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल-कूद एवं युवा कार्य विभाग मनोज कुमार, निदेशक, खेलकूद एवं युवा कार्य संदीप कुमार, राज्य निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन ललिता कुमारी एवं युवा प्रतिभागी उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने 28वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के प्रतिभागियों से किया संवाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को राजभवन में '28वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2025' में राज्य के प्रतिभागियों से संवाद किया। महोत्सव 10 जनवरी से 12 जनवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगा। राज्यपाल ने सभी चयनित प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि यह महोत्सव न केवल युवाओं के कौशल और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर है, बल्कि भारत की विविध और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आप अपनी कला, ज्ञान और कौशल को प्रस्तुत कर राज्य और देश का नाम रोशन करें। आप अपनी प्रतिभा से विशिष्ट पहचान स्थापित करें एवं विकसित भारत के निर्माण में योगदान दें। राज्यपाल ने प्रतिभागियों के साथ स्टार्ट अप से संबंधित उनके विचार साझा किए। साथ ही युवाओं को प्रेरित किया कि वे रचनात्मक सोच और समाधान आधारित दृष्टिकोण अपनाकर राष्ट निर्माण में भूमिका निभाएं। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी ने प्रतिभागियों को बेहतर पीपीटी प्रस्तुति के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्तुति ऐसी हो जो श्रोताओं में उत्सुकता जगाए और उसमें समाधान प्रस्तुत करने की स्पष्टता हो। कार्यक्रम में युवाओं ने मेकिंग इंडिया स्टार्टअप कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड, टेक फॉर विकसित भारत, एंपावरिंग वूमेन एंड इंप्रूविंग, सोशल एंपावरिंग वूमेन एंड इंप्रूविंग सोशल इंडिकेटर, एनहांसिंग प्रोडक्टिविटी इन एग्रीकल्चर विषयों पर पीपीटी प्रस्तुति दी।

### राज्य खाद्य आयोग की अध्यक्ष ने आपुर्ति विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

## जन वितरण प्रणाली के दूकानों का औचक निरीक्षण करें अधिकारी : शबनम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : राज्य खाद्य आयोग की सदस्य सह प्रभारी अध्यक्ष शबनम परवीन ने स्थानीय परिसदन भवन में बुधवार को जिले में आपूर्ति विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान सर्वप्रथम आयोग कार्यालय से प्राप्त सभी शिकायतों का बारी-बारी से प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संग समीक्षा की गयी।इसी क्रम में माह जनवरी 2025 का एनएफएसए के तहत आवंटित खाद्यान्न का उठाव,वितरण और माह मार्च 2024 का ग्रीन राशन कार्डधारियों का खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की गयी। तथा सभी सहायक गोदाम प्रबंधक और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को ससमय गोदाम से खाद्यान्न का उठाव



और वितरण कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के दूकानों का औचक निरीक्षण करने और वितरण के संदर्भ में व्यापक जांच करने का निर्देश दिया गया। वितरण कार्य में पूरी पारदर्शिता लाने पर बल दिया गया।उन्होंने खाद्यान्न वितरण कार्य के दौरान सतर्कता एवं निगरानी समिति की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही।जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के द्वारा सभी लाभुकों का श्व-च्द्बष्ट कार्य की समीक्षा की गयी,समीक्षा के क्रम में निदेश दिया गया की अबतक 48.00त्न लाभुक सदस्यों का श्व-च्द्बष्ट कार्य पूर्ण हुआ है।श्व-च्द्बष्ट कार्य दिनांक 28.02.2024 तक पूर्ण कर लिया जाना है,आप सभी वितरण कार्य के समय श्व-च्द्बष्ट नहीं कराएँ,प्रतिदिन 01.00 बजे अपराह्न के बाद श्व-च्द्बष्ट हेतु ऑप्शन डीलर के ई पॉश मशीन में ऑप्शन उपलब्ध है।बैठक में धान अधिप्राप्ति के नोडलपदाधिकारी-सह-दंडाधिकारी को पलामू जिला अंतर्गत संचालित सभी केंद्रों का निरंतर निरीक्षण करने और उक्त कार्य से सम्बंधित धान क्रय, उसका भण्डारण तथा राइस मिल द्वारा उठाव कार्य का अनुश्रवण करने की बात कही गयी।इस अवसर पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु,जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान,जिला शिक्षा अधीक्षक समेत सभी बीडीओ व बीएसओ उपस्थित रहे।

# पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने पौधरोपण कर स्वतंत्रता सेनानी का मनाया जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : शहर के जेलहाता स्थित आवास पर स्वतंत्रता सेनानी मदन कृष्ण वर्मा जी की 107 वां जन्मदिन मनाया गया। मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने जयंती समारोह का शुभारंभ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और हिमाचल के कपूर का पौधा लगाकर किया। समारोह में शामिल शहर के गणमान्य लोगों को पर्यावरण धर्म की आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाया गया। दिवंगत वर्मा के नाम पर पौधा रोपण कर उनकी सेवा को याद करते हुए जयंती मनाई गई। डॉ कौशल ने कहा कि जिस प्रकार मदन कृष्ण



वर्मा ने शिक्षा में विद्वान और समाज सेवा में महान के रूप में जाने जाते थे उनके पुत्र आलोक वर्मा भी उन्हीं के नक्शे कदमों पर चल कर समाज सेवा कर एक अलग पहचान स्थापित किया है। स्वतंत्रता सेनानी मदनकृष्ण वर्मा ने अपने जीवन काल में जो समाज व देश सेवा में उत्कृष्ट योगदान दिया था उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। जयंती समारोह के अवसर पर स्टेट बैंक प्रबंधक प्रवीण कुमार, डॉ राजीव नयन,आलोक वर्मा , डॉ संजीव श्रीवास्तव, सत्य सिंह, आजसु नेता विजय मेहता, जुगल किशोर, डॉ रविंद्र कुमार ,अजीत कुमार, संतोष कुमार समेत शहर के कई गणमान्य लोग शामिल थे।

### रांची में थाना प्रभारी बनने के लिए पैरवी कराने वाले पदाधिकारी होंगे सस्पेंड

**रांची** : राजधानी रांची में थाना प्रभारी बनने के लिए पैरवी कराने वाले पुलिस पदाधिकारी सस्पेंड होंगे। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। एसएसपी ने बुधवार को क्राइम मीटिंग के दौरान यह बात कही। रांची में कई पुलिस पदाधिकारी अलग-अलग थानों में थाना प्रभारी बनने के लिए अलग-अलग जगहों से पैरवी करवा रहे हैं। ऐसे में एसएसपी ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि किसी तरह की पैरवी हुई तो 24 घंटे के अंदर उन्हें सस्पेंड कर दिया जाएगा।


एसएसपी ने कहा कि इंस्पेक्टर हो या सब-इंस्पेक्टर, जो काम और क्राइम कंट्रोल में बेहतर होगा, उसे ही थाना प्रभारी बनाया जाएगा लेकिन यदि कोई यह सोच रहा है कि पैरवी करके उसे थाना मिल जाएगा, तो यह उसकी गलतफहमी है। उसे सीधे सस्पेंड किया जाएगा।

# भारत को एआई के लिए बुनियादी मॉडल बनाना चाहिए : नडेला

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला ने बुधवार को कहा कि भारत को कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करना चाहिए और आधारभूत मॉडल तैयार करना चाहिए। हालांकि, नडेला ने कहा कि निवेश एक वास्तविक बाधा है, केवल एक गणितीय सफलता इसे पूरी तरह बदल सकती है।

नई दिल्ली में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया एआई टूर के दूसरे दिन नडेला ने कहा कि भारत भारतीय भाषाओं के क्षेत्र में और एआई का उपयोग करके अपने उद्योगों में बदलाव लाने में बड़ा काम कर सकता है। सीईओ नडेला ने आज भारत सरकार और भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख सेक्टर्स की अग्रणी कंपनियों के साथ क्लाउड और एआई आधारित




रणनीतिक साझेदारियों की घोषणा की।

इस कार्यक्रम में माइक्रोसॉफ्ट ने रेलटेल, अपोलो हॉस्पिटल्स, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा ग्रुप और अपग्रेड के साथ रणनीतिक साझेदारी करने की घोषणा की, ताकि उनकी टीमों और ग्राहकों को क्लाउड और एआई इनोवेशन का लाभ मिल सके।माइक्रोसॉफ्ट डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन की इकाई इंडिया एआई के साथ अपने समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत साल 2026 तक 5,00,000 लोगों को कौशल प्रशिक्षण देगा। इसके साथ ही देशभर में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और एआई प्रोडक्टिविटी लैब्स की स्थापना करेगा। उल्लेखनीय है कि नडेला ने एक दिन पहले भारत में अगले दो साल में क्लाउड एवं एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर में 3 अरब डॉलर की निवेश करने की घोषणा की थी। इसके तहत नए डाटा सेंटर्स की स्थापना की जानी है। इसके तहत आज घोषित की गई रणनीतिक साझेदारियां इस दिशा में अहम कदम हैं।

## विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर उल्लेखनीय कार्य करने वालों को किया जायेगा पुरस्कृत




**एजेंसी**

**भोपाल** : उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में जागरूक करने की मशा से प्रतिवर्ष 15 मार्च 2025 को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों, व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिये पुरस्कार योजनान्तर्गत उत्कृष्ट प्रविष्टियां का चयन किया जाकर राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। यह जानकारी बुधवार को जनसंपर्क अधिकारी राजेश पाण्डेय ने दी। उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था व व्यक्तियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जायेगा। प्रथम पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र एक लाख 11 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 51 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 25 हजार रुपये का दिया जायेगा। उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संगठन व व्यक्ति को संभाग स्तरीय पुरस्कार दिया जायेगा। प्रथम पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 21 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 11 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार मय प्रशस्ति-पत्र 5 हजार रुपये का दिया जायेगा। राज्य स्तरीय एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार के लिये ऐसे स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन व्यक्ति का चयन किया जायेगा जो विशेष रूप से उपभोक्ता हित संरक्षण एवं संवर्धन में संलग्न हो। आवेदक संगठन व्यक्ति द्वारा एक प्रति में आवेदन के मुख्य पृष्ठ पर राज्य स्तरीय पुरस्कार संभाग स्तरीय वर्ष 2024-25 हेतु सुस्पष्ट रूप से लिखकर जिला कलेक्टर, जिला आपूर्ति नियन्त्रक अधिकारी को 23 जनवरी 2025 तक प्रस्तुत करना होगा। विलम्ब से प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। संगठन व्यक्ति द्वारा उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में कैलेण्डर वर्ष 2024 (1) जनवरी 2024 से 31 दिसबर 2024 के दौरान प्रत्येक माह में की गई गतिविधियों की सप्रमाण विस्तृत विवरण रिपोर्ट संलग्न करना होगा।

### केंद्रीय मंत्री शेखावत ने महाकुंभ के कलाग्राम में लिया तैयारियों का जायजा

**महाकुंभ नगर (प्रयागराज)** : केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को महाकुंभ मेला क्षेत्र में संस्कृति मंत्रालय की ओर से बनाए जा रहे कलाग्राम का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। शेखावत ने कहा कि कलाग्राम का भ्रमण आगंतुकों के लिए एक अनुपम स्मृति साबित होगा। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने पत्रकारों से कहा कि महाकुंभ में भारत के एक विराट स्वरूप का दर्शन होगा। जो लोग भारत के महान धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन में उपस्थित होंगे, उनको भारत की सांस्कृतिक विविधता से एकसाथ परिचय कराने का माध्यम कलाग्राम बनने वाला है। शेखावत सुबह दिल्ली से प्रयागराज आए और महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-7 में बन रहे कलाग्राम पहुंचे। उन्होंने कलाग्राम में चल रही तैयारियों को लेकर अधिकारियों से फीडबैक लिया। साथ ही अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री 13 जनवरी को श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर जेड मोड़ सुरंग का करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी**

**श्रीनगर** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर रहेंगे। वह श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर जेड मोड़ सुरंग का उद्घाटन करेंगे, ताकि सोनमर्ग को सभी मौसमों में पर्यटन स्थल बनाया जा सके।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जेड मोड़ सुरंग गगनगीर से सोनमर्ग तक सड़क को बाईपास करेगी, जिससे आगंतुक और स्थानीय लोग पूरे साल हिल स्टेशन का दौरा कर सकेंगे।

वर्तमान में सड़क का गगनगीर-सोनमर्ग खंड भारी बर्फबारी और हिमस्खलन के कारण अवरुद्ध हो जाता है। जेड मोड़ सुरंग जम्मू और कश्मीर के गांदरबल जिले में गगनगीर और सोनमर्ग के बीच 6.5 किलोमीटर लंबी 2-लेन वाली सड़क सुरंग है। इसका नाम सड़क के जेड आकार के खंड के नाम पर रखा गया है, जिसे सुरंग में बदल

इसका नाम सड़क के जेड आकार के खंड के नाम पर रखा गया है, जिसे सुरंग में बदल दिया है।



दिया है। निकटवर्ती जोजी-ला सुरंग के साथ श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर यह भू-रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सुरंग बालटाल (अमरनाथ गुफा), कारगिल और लद्दाख क्षेत्र के अन्य स्थानों को साल भर मौसम-रूफ संपर्क प्रदान करेगी। सोनमर्ग को हर मौसम में संपर्क प्रदान करने के अलावा सुरंग स्थानीय युवाओं को रोजगार में मदद करेगी और क्षेत्र में पर्यटन और संबद्ध गतिविधियों को बढ़ावा देगी।

यह 31 सड़क सुरंगों में से एक है, जिनमें से 20 जम्मू और कश्मीर में और 11 लद्दाख में हैं। सुरंग का निर्माण 2018 में शुरू हुआ था। 20 अक्टूबर, 2024 को सुरंग के कर्मचारी आतंकी हमले की चपेट में आ गए थे, जब दो आतंकवादी गगनगीर में श्रमिकों के शिविर में आ घुसे थे।